CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

हल्द्वानी, शनिवार 9 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 349 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मैंने पुस्तकों पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया: उमर अब्दुल्ला पेज 2



गिल ने बल्लेबाजी से आलोचकों को बखूबी जवाब दिया: पार्थिव पटेल खेल टाइम्स



प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी हैं आदिवासी सम्पादकीय



जर्मनी ने इजरायल को हथियार देने पर लगाई रोक पेज 12

## यूपी के 24 जिलों में बाढ़, 1245 गांव पानी में

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ वाराणसी व बिजनौर में 12वीं तक, लखनऊ-जौनपुर में 8वीं तक स्कूल बंद

**नई दिल्ली।** उप्र के लखनऊ समेत 10 शहरों में शुक्रवार को भी तेज बारिश जारी है। लखनऊ में लगातार बारिश का शुक्रवार को 7वां दिन था।

वाराणसी-बिजनौर में 12वीं तक, लखनऊ-जौनपुर में 8वीं तक स्कूल बंद हैं। राज्य के 24 जिलों के 1245 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। अब तक 360 मकान ढह चुके हैं। हिमाचल प्रदेश में 450 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। इनमें नेशनल हाईवे 305 और 5 शामिल हैं। राज्य में अब तक (20 जून से 7 अगस्त तक) बारिश की जुड़ी घटनाओं में 202 लोगों की मौत हो चुकी है। झारखंड में यह आंकड़ा 431 है। बिहार के मुंगेर में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। यहां चंडिका स्थान मंदिर में 6 फीट पानी भरने के बाद उसे बंद किया गया।

# धराली आपदा: चौथे दिन हेलीकॉप्टर से 300 का रेस्क्यू

## मलबे से एक शव बरामद, सर्च अभियान जारी, एनडीएमए के विभागाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने की समीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी/ देहरादून।** उत्तराखंड के आपदा प्रभावित क्षेत्र धराली और हर्षिल में राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहे हैं। धराली व हर्षिल से आपदा प्रभावितों को सुरक्षित निकालने के लिए राहत बचाव अभियान जारी हैं।

चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर अपराह्न 12 बजे तक सेना के एमआई -17 और चिनूक द्वारा 74 लोगों को रेस्क्यू कर लाया गया। सेना के ये हेलीकॉप्टर ना सिर्फ फंसे लोगों को सुरक्षित निकाल रहे हैं, बल्कि जरूरी मशीनों और उपकरणों को भी मौके पर पहुंचा रहे हैं। उत्तरकाशी जिलाधिकारी प्रशांत आर्या के अनुसार मलबे से एक शव बरामद किया गया है और कई लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है। डीएम ने बताया कि गुरुवार को -शेष पृष्ठ दो पर





लिमचिगाढ़ में बैली ब्रिज बनाने का कार्य प्रारंभ, पीड़ितों को दी जा रही हर संभव मदद, फंसे हुए लोगों को तेजी से निकाला जा रहा

### सीएम धामी का उत्तरकाशी में प्रवास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तीन दिन से उत्तरकाशी में ही प्रवास कर युद्ध स्तर पर चल रहे रेस्क्यू अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रोटोकॉल को छोड़ आम आदमी की तरह आपदा प्रभावितों से भी मिलकर उन्हें ढांढस बंधा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्र में जल्द ही बिजली भी बहाल कर दी जाएगी।

### अत्याधुनिक उपकरणों से हो रही खोज

उत्तराखंड पुलिस द्वारा धराली आपदा प्रभावित क्षेत्र में अत्याधुनिक उपकरणों जैसे विक्टिम लोकेटिंग कैमरा, थर्मल इमेजिंग कैमरा और डॉग स्क्वायड टीम के साथ मलबे से क्षतिग्रस्त भवनों में गहन खोजबीन कर मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है

### पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 12000 करोड़ रुपये की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो अलग-अलग फैसलों में रसोई गैस (एलपीजी) सब्सिडी के लिए कुल 42,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दोनों प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में साल में नौ रिफिल पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जाएगी। इसके लिए 12,000 करोड़ रुपये के प्रावधान को मंजूरी दी गई है।

### केंद्र ने वापस लिया आयकर विधेयक, प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद फैसला

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लोकसभा से आयकर विधेयक 2025 को वापस ले लिया है। विधेयक की जांच के लिए बनी प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया गया। इस विधेयक को फरवरी में लोकसभा में पेश किया गया था। बताया जा रहा है कि नया विधेयक 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जाएगा। केंद्र सरकार ने आयकर विधेयक 2025 को 13 फरवरी 2025 को लोकसभा में पेश किया था।

### अभिनेत्री हुमा कुरैशी के भाई की हत्या

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी के चचेरे भाई आसिफ कुरैशी की दिल्ली के जंगपुरा इलाके में गुरुवार देर रात पार्किंग को लेकर हुई तीखी बहस के बाद चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। यह झगड़ा गुरुवार रात लगभग 11 बजे निज़ामुद्दीन थाना क्षेत्र के भोगल मार्केट लेन के पास हुआ। जानकारी के अनुसार आसिफ ने अपने पड़ोसी से उसके गेट के सामने खड़ी स्कूटी को हटाने के लिए कहा जिसके बाद दोनों पक्षों में तीखी बहस हो गई। स्थिति बाद में हिंसक हो गई और आरोपियों ने आसिफ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आसिफ को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# ट्रम्प की टैरिफ टेंशन

# रूस ने थामा भारत का हाथ, अमेरिका हैरान

## चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की

बीजिंग/वाशिंगटन, वार्ता

कहा- चीन साफ तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ चीनी विदेश मंत्रालय ने फैसले को टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया

ट्रम्प ने भारत से ट्रेड डील पर वार्ता करने से इन्कार किया, अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा: भारत रणनीतिक साझेदार, वार्ता जारी रहेगी

**चीन ने** भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने इसे टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया। गुओ ने कहा कि चीन साफ तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ है।

उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका को तकनीकी और व्यापारिक मुद्दों का राजनीतिकरण बंद करना चाहिए। चीन का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के उस एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जवाब में आया, जिसमें भारत पर रूसी तेल खरीदने की वजह से 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया गया है। वहीं, ट्रम्प ने भारत से ट्रेड डील पर बातचीत करने से इन्कार कर दिया है। ट्रम्प ने कहा कि जब तक टैरिफ विवाद का हल नहीं निकल जाता, बातचीत शुरू नहीं होगी। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि भारत से ट्रेड डील पर बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल इसी महीने भारत आने वाला है। ट्रम्प भारत पर अब तक 50 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने 30 जुलाई को 25 फीसदी टैरिफ लगाया था, जो 7 अगस्त से लागू हो गया है। वहीं, 6 अगस्त को एक एग्जीक्यूटिव -शेष पृष्ठ दो पर

### मोदी व पुतिन ने रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की गुरुवार को मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को श्री पुतिन के साथ टेलीफोन पर परस्पर हित के मुद्दों पर बातचीत की।



प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री पुतिन ने यूक्रेन से संबंधित नवीनतम घटनाक्रमों से प्रधानमंत्री को अवगत कराया। श्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति को उनके विस्तृत आकलन के लिए धन्यवाद देते हुए संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को दोहराया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की और भारत तरह रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### ब्राजीली राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से बातचीत की

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने पिछले महीने पीएम मोदी की ब्राजील यात्रा पर चर्चा की, जिसमें उन्होंने ट्रेड, तकनीक, एनर्जी, डिफेंस और एग्रीकल्चर जैसे मुद्दों पर आपसी सहयोग मजबूत करने पर सहमति जताई थी। दोनों नेताओं ने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की भी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने रीजनल और ग्लोबल मुद्दों पर भी बात की। इससे पहले सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से बातचीत का प्रस्ताव ठुकरा कर दिया था। तब उन्होंने कहा था कि मैं टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रम्प को कॉल नहीं करूंगा। इसके बदले पीएम नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग जैसे नेताओं से बातचीत करना चाहूंगा।

### भारत ने अमेरिका के साथ रक्षा सौदों से संबंधित बातचीत बंद नहीं की

**नई दिल्ली।** भारत ने स्पष्ट किया है कि उसने अमेरिका के साथ रक्षा खरीद से संबंधित बातचीत बंद नहीं की है और इससे संबंधित मीडिया रिपोर्ट गलत और मनगढ़ंत हैं। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि भारत द्वारा अमेरिका के साथ रक्षा खरीद से संबंधित बातचीत रोके जाने के बारे में मीडिया में आ रही रिपोर्ट गलत और मनगढ़ंत है। सूत्रों ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि खरीद से संबंधित विभिन्न मामले निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रगति पर हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने के बाद विभिन्न रक्षा खरीद के लिए चल रही बातचीत रोक दी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून पर सरकार से मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कोर्ट संवैधानिक वैधता पर विचार करेगा, याचिकाकर्ता ने कहा: नया कानून भी पुराने जैसा सख्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 152 की संवैधानिक वैधता की जांच करने पर शुक्रवार को सहमति जताई और केंद्र तथा राज्य सरकारों को नोटिस जारी किए।

बीएनएस की यह धारा राजद्रोह से संबंधित है, जो पूर्व की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124-ए की संशोधित संहिता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने सेवानिवृत्त मेजर जनरल एसजी वोम्बटकेरे की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए इस मामले केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता पीबी सुरेश और अधिवक्ता प्रसन्ना एस याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए। उन्होंने इस मामले को महत्वपूर्ण बताते हुए इस पर विचार करने का अनुरोध किया। आईपीसी की धारा 124-ए की वैधता को चुनौती देने वाली एक याचिका संविधान पीठ के समक्ष विचाराधीन है। शीर्ष अदालत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने जुलाई 2022 में केंद्र और राज्य सरकारों को ऐसे अपराध के मामले में आगे कोई मुकदमा दर्ज न करने का निर्देश देकर आईपीसी के राजद्रोह प्रावधान पर वस्तुत: रोक लगा दी थी।

### सरकारी आवास समय पर खाली कर दूंगा: सीजेआई गवई

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि नवम्बर में रिटायरमेंट से पहले उपयुक्त (सूटेबल) घर मिलना मुश्किल है, लेकिन मैं नियमों के तहत तय समयसीमा में अपना सरकारी आवास खाली कर दूंगा। सीजेआई ने ये बात जस्टिस सुधांशु धूलिया के विदाई कार्यक्रम में कही। सीजेआई ने कहा कि मैं जस्टिस धूलिया को सुप्रीम कोर्ट में आने के बाद से जानता हूं। वे बहुत ही गर्मजोश और न्यायपालिका को समर्पित व्यक्ति हैं। उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट की बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थायी रोक

यूपी सरकार ने मंदिर देखभाल के लिए बनाया था ट्रस्ट, अदालत ने केस हाईकोर्ट ट्रांसफर किया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को मथुरा के वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर के चारों ओर कॉरिडोर बनाने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना के लिए मंदिर न्यास कोष से 500 करोड़ रुपये का इस्तेमाल की अनुमति देने संबंधी अपना आदेश शुक्रवार को वापस ले लिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद श्री बांके बिहारी मंदिर के कोष से कॉरिडोर निर्माण के लिए राज्य सरकार को 15 मई, 2025 को दी गई (शीर्ष अदालत की) अनुमति संबंधी आदेश को वापस ले लिया। इसके साथ ही पीठ ने मंदिर के प्रबंधन के लिए उच्च -शेष पृष्ठ दो पर

# मोदी वोट चुराकर प्रधानमंत्री बने: राहुल गांधी

## 25 सीट 35 हजार या कम अंतर से जीते पीएम, चुनाव आयोग इलेक्ट्रॉनिक डेटा दे, तो साबित करेंगे

बेंगलुरु/नई दिल्ली, वार्ता

**कांग्रेस नेता राहुल** गांधी ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार 25 सीट के मार्जिन से प्रधानमंत्री बने हैं। 25 सीट ऐसी हैं, जिन्हें भाजपा ने 35 हजार या कम वोट से जीतीं। अगर हमें इलेक्ट्रॉनिक डेटा मिल जाए, तो हम साबित कर देंगे कि मोदी चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं।

राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग को पिछले 10 साल की देश की सारी इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट और वीडियोग्राफी देनी चाहिए। ये सब नहीं देंगे, तो क्राइम है। भाजपा को चुनाव चोरी करने दे रहे हैं। पूरे देश को चुनाव आयोग से वोटर्स का डेटा मांगना चाहिए। राहुल गांधी ने कर्नाटक के बेंगलुरु में फ्रीडम पार्क में आयोजित कांग्रेस की 'वोट अधिकार रैली' में ये बात कही। उनके साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रैली में शामिल हुए। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाने के बाद शुक्रवार को कहा कि भारत का संविधान -शेष पृष्ठ दो पर



■ कांग्रेस सांसद बोले: भारत का संविधान बेशकीमती है, देश को पांच सवालों का जवाब दे चुनाव आयोग

### वोट चोरी पर राहुल गांधी के खुलासे की जांच हो : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** प्रियंका गांधी ने कहा है कि वोट चोरी को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जो खुलासा किया है वह अत्यंत गंभीर है और उसकी जांच होनी चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को मतदाता सूची और डेटा उपलब्ध कराना चाहिए। आयोग तथा भाजपा जिस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं उससे साफ है कि कुछ गड़बड़ी हुई है और इसकी जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी ने इतना बड़ा खुलासा किया है, उसकी जांच होनी चाहिए। चुनाव आयोग वोटर लिस्ट नहीं दे रहा है, जांच नहीं कर रहा है, उल्टा हलफनामा मांग रहा है।

# हाईकोर्ट जज को क्रिमिनल केस से हटाने का फैसला वापस

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सीजेआई के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी हटाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति तक आपराधिक मामले की सुनवाई से अलग रखने और उन्हें एक अनुभवी वरिष्ठ न्यायाधीश के साथ खंडपीठ में बैठाने के अपने अभूतपूर्व आदेश को शुक्रवार को वापस ले लिया।

सीजेआई बीआर गवई से प्राप्त एक पत्र पर गौर करते हुए न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि उसका (शीर्ष अदालत का) इरादा संबंधित न्यायाधीश को शर्मिंदा करने या उन पर आक्षेप लगाने का नहीं था। हाईकोर्ट के आदेश को हालांकि अवैध और विकृत बताते हुए शीर्ष अदालत ने इस मामले पर विचार करने का काम हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर छोड़ दिया। पीठ ने कहा कि हम पूरी तरह से स्वीकार करते हैं कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रोस्टर के मास्टर हैं यानी वह तय कर सकते हैं कि किस मामले को कौन से न्यायाधीश को सौंपा जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### बगैर मान्यता स्कूलों की सूची 15 अगस्त तक उपलब्ध कराने के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग ने बगैर मान्यता के चल रहे स्कूलों की सूची 15 अगस्त तक उपलब्ध कराने के निर्देश सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिए हैं। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक व बीएसए को निर्देश दिया है कि वे संबंधित जिलों में चल रहे बिना मान्यता वाले सभी विद्यालयों की जांच कर व कार्यवाही करके 15 अगस्त तक सूचना अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि जिले में कोई बिना मान्यता का विद्यालय चलता हुआ मिलेगा, तो इसके लिए बीएसए व बीईओ ही जिम्मेदार होंगे।

### बाराबंकी में रोडवेज बस पर गिरा पेड़ पांच लोगों की मौत

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में लगातार हो रही बारिश के बीच जिला मुख्यालय से नौ किलोमीटर दूर हैदरगढ़ मार्ग पर रोडवेज की अनुबंधित बस पर पेड़ गिर गया। इस हादसे में चार महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। एक महिला की पहचान शहर के मोहल्ला गुलरिया गार्दा की निवासी शिक्षा मेहरोत्रा (53) के रूप में हुई है। बाकी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। तीन अन्य महिलाओं की आयु 40 से 45 साल के मध्य बताई जा रही है। पेड़ काटकर लोगों को निकाला गया। हादसे के बाद कई यात्री खिड़की से कूदकर निकले। बारिश के दौरान हुए हादसे के कारण राहत व बचाव कार्य में देर हो रही है। रोडवेज बस सवारियां लेकर बाराबंकी से हैदरगढ़ जा रही बस पर करीब साढ़े 10 बजे राजा बाजार के पास पेड़ गिर पड़ा।

# स्वदेशी को बनाएं जीवन का मंत्रः सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन पर देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को स्वदेशी वस्तुओं को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वदेशी को जीवन का मंत्र बनाने से दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगी।

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन पर देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए योगी ने युवा पीढ़ी से राष्ट्रभक्ति और स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी हमारे जीवन का ध्येय बने, स्वदेशी हमारे जीवन का मंत्र बने, हम जियेंगे स्वदेशी के लिए, हम मरेंगे अपने देश के लिए। अपनी राष्ट्रभक्ति की इस पराकाष्ठा के साथ जब भारत आगे बढ़ेगा, तो दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगी। आजादी का यह संदेश हम सबको इस उद्देश्य के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आर्थिक ताकत भी राष्ट्रनिर्माण से जुड़ी है और जब हम विदेशी वस्तुएं खरीदते हैं, तो न सिर्फ हमारा पैसा विदेश जाता है, बल्कि वही पैसा आतंकवाद और उग्रवाद में उपयोग होता है। उन्होंने अपील की कि आने वाले त्योहारों (रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, दशहरा, दीपावली, छठ) में स्वदेशी वस्तुएं ही उपहार में दें और खरीदें। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहारों में जब हम इस दौरान कोई स्वदेशी वस्तु खरीदते हैं, तो हमारे हस्तशिल्प और कारीगर काम पाते हैं। यह देश के विकास, उत्थान में खर्च होगा। हम जो भी उपहार देंगे या अपने घर के लिए खरीदेंगे, भले ही तात्कालिक रूप से थोड़ा महंगा हो, लेकिन वही खरीदेंगे जो स्वदेशी होगा। मुख्यमंत्री ने 2 अक्टूबर को हर उत्तर प्रदेशवासी से गांधी आश्रम जाकर खादी खरीदने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन में शहीद हुए देश के सपूतों को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पीपल का पौधा भी लगाया। छोटी बालिकाओं के हाथों राखी भी बंधवाई और बेटियों को मिठाई और चॉकलेट भी उपहार में दी। इसके बाद उन्होंने म्यूजियम में सेल्फी और फोटोशूट भी कराया। मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों को भी मंच पर सम्मानित किया, जबकि काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया। इस दौरान संस्कृति विभाग के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जिसमें काकोरी ट्रेन एक्शन की उस घटना को प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ अगस्त 1925 को काकोरी में जिन महान क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खजाने पर कब्जा कर उस धन को आजादी की लड़ाई में लगाया था, उन्होंने राष्ट्रभक्ति की जो ज्वाला जलाई, उसका ही परिणाम है कि 1947 में देश आजाद हुआ।

# यूपी में बाढ़ पीड़ितों की सुध लेने वाला कोई नहीं: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ के हालात भयावह है मगर पीध्तिो की सुध लेने वाला कोई नही है। भाजपा सरकार अपनी ही आंतरिक खींचतान में उलझी हुई है। यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ से 22 जिलों में हालत बहुत खराब है। गंगा, यमुना, राप्ती, सरयू, घाघरा नदियां उफनाई हुई है। बाढ़ की चपेट में तमाम लोग अपनी जान भी गंवा बैठे है।

मुख्य मार्गों से कटे इलाको में लोग बहुत सी परेशानियों से जूझ रहे हैं। खाने-पीने के सामान का संकट के साथ दवा-इलाज के लिए भी लोग तरस रहे है। पशुओं की हालत तो और भी ज्यादा खराब है। उनके चारे की भी दिक्कत आ रही है। सरकार का कहीं कोई प्रबंध नहीं नजर आता है। उन्होंने कहा कि उरई में सध्के पानी से लबालब भरी हुई है। पहली मंजिल तक पानी भरने से तमाम लोग बेघर हो गए है। प्रयागराज में 80 हजार प्रतियोगी छात्र लाज-कमरे छोड़कर चले गए है। 400 से अधिक लाइब्रेरी बंद हो गई है। शहर के 60 मोहल्ले और जिले के 90 गांवो में बाध्का पानी है। बाढ़ का पानी घरो के अन्दर बह रहा है। राजधानी लखनऊ में भी भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। खेतों में पानी भरने से कमजोर पौधों के नष्ट होने की आशंका है। बाजरा, दलहन की फसलों को नुकसान होने से किसान चिंता में हैं। जर्जर मकान गिरने से कई लोग चोटिल हो चुके है।

### उत्तर प्रदेश में बारिश से जनजीवन प्रभावित

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार रुक रुककर बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पूर्वी संभाग में नौ अगस्त को कई जगहों पर और 10 अगस्त को कुछ जगहों पर भारी बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। क्षेत्रीय मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान लखनऊ में छह सेमी से अधिक बारिश हुई।

# मैंने पुस्तकों पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया: उमर

श्रीनगर, वार्ता



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि उन्होंने कभी भी किसी भी पुस्तक पर प्रतिबंध नही लगाया है और ना भविष्य में कभी ऐसा करेंगे। वह कल रात एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उनसे 'पुस्तकों पर लगाए गए प्रतिबंध हटाने' का आग्रह किया गया था।

उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ही प्रशंसित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लेखकों की 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध लगाया है। सोशल मीडिया पर सक्रिय एक इंटरनेट उपयोगकर्ता ने अब्दुल्ला को टैग करते हुए लिखा किताबों से प्रतिबंध हटाओ। जिंदगी भर तुम किताबों से डरने वाले कायर के रूप में जाने जाओगे। किताबों पर से प्रतिबंध हटाओ। इस पर अपनी प्रतिक्रिया में श्री अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने कभी भी पुस्तकों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और न ही कभी लगाएंगे। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर लिखा मुझे कायर कहने से पहले अपने तथ्य ठीक कर लो, तुम अज्ञानी हो। यह प्रतिबंध उप राज्यपाल ने अपने एकमात्र आधिकारिक नियंत्रण वाले विभाग- गृह विभाग का इस्तेमाल करके लगाया है। मैंने कभी किताबों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और न ही कभी लगाऊंगा।

## राज्यसभा में हंगामा जारी, कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

# मतदाता सूची पुनरीक्षण मुद्दे पर विपक्ष लामबंद

शाह टाइम्स ब्यूरो



- विपक्ष के कुछ सदस्यों ने हंगामे के दौरान ही व्यवस्था का प्रश्न उठाना चाहा
- लोकसभा में भी बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर भारी हंगामा, कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान भी विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कोई काम नहीं हो सका और सभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

शून्यकाल में पहले स्थगन के बाद 12 बजे कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण और कई अन्य विषयों पर कार्यस्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा जारी रखा। विपक्ष के कुछ सदस्यों ने हंगामे के दौरान ही व्यवस्था का प्रश्न उठाना चाहा। पीठासीन उप सभापति घनश्याम तिवाड़ी ने सदस्यों ने सदन में व्यवस्था बनाए रखने और प्रश्नकाल की कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रश्नकाल है, इसमें व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जा सकता। इसी बीच कांग्रेस के प्रमोदी तिवारी ने किसी मुद्दे पर औचित्य का प्रश्न उठाने की कोशिश की, लेकिन पीठासीन तिवाड़ी ने इसकी अनुमति नहीं दी। उपसभापति ने कुछ सदस्यों द्वारा सदन में बैज पहन का आने का संज्ञान लेते हुए विगत में सभापति द्वारा दी गई एक व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई सदस्य बैज पहन कर सदन में नहीं आ सकता। उन्होंने सदस्यों से परम्पराओं का आदर करने का अनुरोध किया। उपसभापति ने जैसे भाजपा के आदित्य प्रसाद का नाम लेकर उनसे सूची के अनुसार सवाल पूछने को कहा सदन में हंगामा तेज हो गया। सरकार की ओर से उनके प्रश्न का जवाब देने के लिए खड़े हुए रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि वह जवाब देना चाहते हैं, लेकिन सदन में शोर हो रहा है। बिट्टू ने इसके साथ ही विपक्ष की आलोचना में कुछ कहना चाहा, लेकिन पीठासीन उप सभापति ने इसकी अनुमति नहीं दी और हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी।

### मिशन पोषण 2.0 कार्यक्रम के लाभ के लिए 72.22 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएं पंजीकृत

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने शुक्रवार को लोकसभा में कि मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत जुलाई की स्थिति के अनुसार 72.22 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएंलाभार्थी के रूप में पंजीकृत हैं। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के अंतर्गत, योजना की एक जनवरी 2017 से शुरुआत से जुलाई 2015 तक 4.05 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मातृत्व लाभ प्रदान किया जा चुका है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत, केन्द्र सरकार ने देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में माताओं, जिनमें आदिवासी माताओं को इसमें शामिल किया हैं।



सेंसेक्स 80710.25
निफ्टी 24649.55



सोना रु. 100904
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114505
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली

मुबंई, वार्ता

अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क और इतना ही जुर्माना लगाने के कारण घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को भारी बिकवाली रही, जिससे प्रमुख सूचकांक लगभग एक प्रतिशत लुढ़ककर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गए। बीएसई का सेंसेक्स 765.47 अंक यानी 0.95 प्रतिशत गिरकर 79,857.79 अंक पर बंद हुआ।

एनएसई का निफ्टी-50 भी 0.95 प्रतिशत की गिरावट में रहा और 232.85 अंक उतरकर 24,363.30 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का इस साल 9 मई के बाद का निचला स्तर है। निवेशक आज शुरू से ही बिकवाल रहे। सेंसेक्स गुरुवार की तुलना में 145.25 अंक नीचे 80,478.01 अंक पर खुला और पूरे दिन लाल निशान में रहा। यह ऊपर 80,550.40 अंक और नीचे 79,775.84 अंक तक गया। निफ्टी-50 भी 51.90 अंक टूटकर 24,544.25 अंक पर खुला। इसका उच्चतम स्तर 24,585.50 अंक और



निचला स्तर 24,337.50 अंक रहा। अमेरिकी आयात शुल्क की चिता में विदेशी निवेशक शेयर बाजार में लगातार बिकवाल बने हुए हैं। उन्होंने आज 62.944 करोड़ डॉलर की इक्विटी बेची। बाजार में सभी सेक्टरों में बिकवाली देखी गई। रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, धातु, फार्मा, ऑटो और आईटी समूहों ने बाजार पर सबसे ज्यादा दबाव बनाया। सेंसेक्स की 30 में से 25 कंपनियों के शेयर लाल निशान में बंद हुए। भारती एयरटेल का शेयर 3.41 प्रतिशत टूट गया। टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा में भी दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट,

**सेंसेक्स तीन महीने के निचले स्तर पर**

एचडीएफसी बैंक और टाटा स्टील के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच गिरे। वहीं एनटीपीसी का शेयर सबसे अधिक 1.39 प्रतिशत और टाइटन का 1.33 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। इनके अलावा ट्रेंट, आईटीसी और बजाज फिनसर्व में भी तेजी रही। एनएसई में 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक एक प्रतिशत गिर गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.55 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.49 प्रतिशत लुढ़क गया। विदेशों में मिला-जुला रुख रहा। एशिया में जापान का निक्केई 1.85 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग 0.89 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.12 प्रतिशत की गिरावट में रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.21 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10 प्रतिशत की गिरावट में कारोबार कर रहे थे।

### 0.3 प्रतिशत गिर सकती है भारत की विकास दरः मूडीज

**चेन्नई।** अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने के कारण जुर्माने के रूप में 25 प्रतिशत और शुल्क लगाने के बाद मूडीज रेटिंग्स ने शुक्रवार को कहा कि इससे देश की विकास दर में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। भारत को मुद्रास्फीति और निर्यात में संभावित गिरावट के बीच संतुलन बनाकर चलने की सलाह देते हुए रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अमेरिका में आयात शुल्क की दोहरी मार से एशिया, प्रशांत के दूसरे देशों की तुलना में भारतीय सामानों पर वहां शुल्क 15 से 20 प्रतिशत अधिक हो जाएगा। चीन के साथ आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधा के बाद एशिया, प्रशांत के देश उस खाई को भरने के लिए होड़ लगा रहे हैं।

# इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री 4.8 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, वार्ता

इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री जुलाई में 4.83 प्रतिशत बढ़कर 1,88,891 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल जुलाई में देश में 1,80,185 इलेक्ट्रिक वाहन बिके थे। ऑटोमोबाइल डीलर संगठनों के महासंघ (फाडा) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जुलाई में दुपहिया वाहनों की बिक्री 4.35 प्रतिशत घटकर 1,02,973 इकाई रह गई। जुलाई 2024 में देश में कुल 1,07,655 दुपहिया वाहन बिके थे। फाडा के अध्यक्ष सीएस विग्नेश्वर ने जुलाई की बिक्री के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जुलाई 2025 में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में तेजी जारी रही। दुपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य सेगमेंट में बिक्री बढ़ी है। उन्होंने बताया कि वृद्धि देश के धीरे.धीरे ईवी की ओर बढ़ने की पुष्टि करती है। अब आम ग्राहक भी इलेक्ट्रिक वाहनों को अपना रहे हैं। सरकार की तरफ से नीतिगत स्तर पर सतत समर्थन, सस्ते ऋण और चार्जिंग सुविधा में तेज वृद्धि इस गति को आगे भी बनाए रखने में महत्वपूर्ण होगी। दुपहिया वाहनों में ईवी की बाजार हिस्सेदारी जुलाई में 7.5 प्रतिशत है। वहीं तिपहिया श्रेणी में ईवी की बाजार हिस्सेदारी 62.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। यात्री वाहनों के मामले में ईवी की बाजार हिस्सेदारी 4.7 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहनों में 1.63 प्रतिशत रही।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धराली आपदा...**

लगभग 400 लोगों को निकाला था। शुक्रवार को भी करीब 300 लोगों को निकालने का टारगेट पूरा होने की उम्मीद है। आपदा पीड़ितों को राहत एवं खाद्य सामग्री भी वितरित की जा रही है। बताया कि पीड़ितों की हर संभव मदद की जा रही है। आपदा क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के अलावा सेना ने भी अपना हेल्थ कैंप लगाया हैं। उत्तरकाशी जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि और संपत्ति के नुकसान का आंकलन जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़कों की मरम्मत का काम जारी है।

**रूस ने थामा...**

ऑर्डर पर साइन कर भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और बढ़ा दिया है, जो 27 अगस्त से लागू होगा। अमेरिका में भी ट्रम्प के इस कदम की आलोचना हो रही है। हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के डेमोक्रेट्स ने चेतावनी दी कि यह कदम भारत-अमेरिका संबंधों को नुकसान पहुंचा सकता है। कमेटी के मेंबर ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि ट्रम्प का यह टैरिफ फैसला भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को कमजोर कर सकता है। इधर, अमेरिकी विदेश विभाग ने 7 अगस्त की रात जारी बयान में भारत को एक रणनीतिक साझेदार बताया। मंत्रालय के प्रवक्ता टामी पिगाट ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ स्पष्ट और खुली बातचीत कर रहा है, भले ही टैरिफ विवाद के चलते दोनों देशों के संबंधों में तनाव बना हुआ है। टामी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार असंतुलन और रूसी तेल की खरीद को लेकर अपनी चिंताएं बहुत स्पष्ट तरीके से जाहिर की हैं। साथ ही सीधी कार्रवाई (भारत पर टैरिफ) भी की है। टामी ने मतभेदों को सीधे संवाद के जरिए सुलझाने की बात भी कही है। भारत-अमेरिका के बीच बाइलैटरल ट्रेड एग्रीमेंट (बीटीए) पर अब तक 5 राउंड बातचीत हुई है। छठे राउंड की चर्चा के लिए 25 अगस्त को अमेरिकी अधिकारियों को भारत आना था। अब ट्रम्प के बयान के बाद इस बातचीत को लेकर स्थिति साफ नहीं है। दोनों देश सितम्बर- अक्टूबर तक ट्रेड एग्रिमेंट्स के पहले चरण को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके साथ ही एक अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट की संभावना भी तलाशी जा रही है। ट्रेड डील को लेकर वार्ता का पिछला राउंड वाशिंगटन में हुआ था।

**सुप्रीम कोर्ट की...**

न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्देश दिया और राज्य सरकार की ओर से जारी अध्यादेश के माध्यम से इसी तरह की समिति गठित करने पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने हालांकि याचिकाकर्ताओं को उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश-2025 की वैधता को चुनौती देने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय जाने की अनुमति दे दी। पीठ ने कहा कि हम अपनी समन्वय पीठ द्वारा दिए गए आदेश के उस हिस्से को संशोधित करेंगे जो याचिकाकर्ताओं को प्रभावित करेगा। साथ ही हम उन्हें अध्यादेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय जाने की अनुमति देंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस बीच प्रबंधन का नेतृत्व करने के लिए एक समिति का गठन करेगी और इस संबंध में विस्तृत आदेश शनिवार तक (शीर्ष अदालत की बेवसाइट पर) अपलोड कर दी जाएगी। पीठ ने कहा कि अध्यादेश (राज्य सरकार का) के अनुसार समिति का गठन स्थगित रखा जाएगा।ह उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज के अनुरोध पर पीठ ने अध्यादेश पारित करने पर सवाल उठाने वाली उच्च न्यायालय की टिप्पणियों पर रोक लगा दी।

**मोदी वोट चुराकर...**

बेशकीमती है और चुनाव आयोग को इसकी प्रतिष्ठा के लिए पांच सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ा सवाल यह है कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि वीडियो और सीसीटीवी के सबूत क्यों और किसके कहने पर मिटाए जा रहे हैं। सवाल है कि आयोग क्या भाजपा का एजेंट बनकर काम कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग से पांच सवाल हैं और देश इनका जवाब चाहता है। पहला सवाल है कि विपक्ष को डिजिटल वोटर लिस्ट क्यों नहीं मिल रही। क्या छिपा रहे हो। दूसरा है कि सीसीटीवी और वीडियो सबूत मिटाए जा रहे हैं-क्यों और किसके कहने पर। तीसरा है- फर्जी वोटिंग और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की गई-क्यों। चौथा सवाल विपक्षी नेताओं को क्यों डराया धमकाया जा रहा है और पांचवा सवाल-साफ-साफ बताओ- क्या भारत का चुनाव आयोग अब भाजपा का एजेंट बन चुका है। उन्होंने कहा कि आयोग को समझना चाहिए कि भारत का लोकतंत्र बेशकीमती है - इसकी चोरी का अंजाम बहुत भयानक होगा। अब जनता बोल रही है-बहुत हुआ।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, चम्पावत ।**

फैक्स: 05965-230485 दूरभाष (का0) 05965-230485 E-mail - eechp-ujs-uk@nic.in

पत्रांक: 942/विविध/86 — दिनांक: 08/08/2025

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत उत्तराखण्ड जल संस्थान, चम्पावत की उपलब्धि:-**

1. जल जीवन मिशन अन्तर्गत विभाग द्वारा जुलाई-2025 तक कुल 24843 परिवारों को हर घर नल से जल उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य है।
2. जल जीवन मिशन अन्तर्गत विभाग द्वारा वर्तमान तक 24843 घरों को नल से जल पहुंचाने का का कार्य किया गया है।
3. जल जीवन मिशन अन्तर्गत विभाग को आवंटित कुल 350 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 221 राजस्व ग्रामों का हर घर नल से जल का प्रमाणिकरण (सर्टिफिकेशन) करवा दिया गया है।
4. शुद्ध जलापूर्ति हेतु विभाग द्वारा जनपद के प्रत्येक ग्राम में पानी समिति का गठन किया गया है, जिसमें शतप्रतिशत महिलाओं की सहभागिता है।
5. जल जीवन मिशन कार्यकम अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की जानकारी, शुद्ध पेयजल प्रबन्धन एवं ग्रे वाटर प्रबन्धन के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किये जाने हेतु कियांवयन सहयोगी संस्थाओं को नियुक्त किया गया है।

**विभाग द्वारा जनहित में अपील:-**

1. '**जल ही जीवन है**' का संकल्प को लेते हुये सम्मानित पेयजल उपभोक्ताओं से अनुरोध है, कि पेयजल की बर्बादी न करें, पानी को बचायें।
2. जल श्रोतों को दूषित न करें।
3. जल संरक्षण हेतु वृक्ष लगायें, और वृक्षों का संरक्षण करें।
4. सम्मानित पेयजल उपभोक्ताओं से अपील है, कि अनावश्यक अधिभार से बचने के लिये जलमूल्य देयकों का भुगतान समय से करें।

(बिलाल यूनुस)
अधिशासी अभियन्ता

# धराली आपदा : सीएम ने ग्राउंड जीरो पर पहुंच कर संभाला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जल प्रलय से तबाह धराली की सिसकियां भी मलबे में रुंध गईं। त्रासदी से कराहते क्षेत्र से दर्जनों का नाता भी टूट गया वहीं सैकड़ों लोगों का होटल, होमस्टे से चलने वाला रोजगार को पांच अगस्त के जल प्रलय से 34 सैकड में सब कुछ हमेशा के लिए मिटा दिया है।



संकट की इस घड़ी में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस दर्द को समझा भी और बगैर समय गंवाए तीन दिनों से दिनों से ग्राउंड जीरो पर उतरकर स्वयं रेस्क्यू ऑपरेशन कघ कमान संभाल रखी है । धामी सरकार के तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने के निर्णय लेकर धामी ने प्रशासनिक क्षमता के साथ प्रदेश के राजनीतिक नेतृत्व के रूप में मजबूत छवि गढ़ी है। मुख्यमंत्री उत्तरकाशी से ही आपदा कंट्रोल रूम से वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक ले रहे हैं । बैठक में मुख्यमंत्री ने हर्षिल धराली में बादल फटने से आयी प्राकृतिक आपदा के कारण प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे राहत अभियानों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राहत सामग्री और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए। उन्होंने कहा कि बादल फटने, भूस्खलन और भारी बारिश के कारण प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाना और उनके लिए भोजन, पानी और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल,राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, पुलिस, आईटीबीपी, पुलिस सहित सभी संबंधित एजेंसियों की टीमें प्रभावित क्षेत्र में तैनात हैं और लगातार राहत कार्यों में लगी हुई हैं।

## धराली में लापता लोगों की खोज शुरू , सेना ने उतारे डॉग स्क्वाड

**उत्तरकाशी।** पांच अगस्त को धराली में आये सैलाब में लापता लोगों की खोज में जुटे सेना ने खोज शुरू कर दी है।शुक्रवार को सेना ने डॉग स्क्वाड को ग्राउंड जीरो पर उतरकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। सेना के राही डॉग धराली ग्राउंड जीरो पर सर्चिंग हुआ शुरू कर दिया है। बता दें ये प्रशिक्षित कुत्ते मलबे या प्राकृतिक आपदाओं में फंसे लोगों को ढूंढने में मदद करते हैं। गौरतलब है कि डॉग स्क्वाड, जिसे ज्ञ-9 यूनिट भी कहा जाता है, पुलिस या अन्य सुरक्षा बलों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक प्रशिक्षित कुत्तों का समूह है। ये कुत्ते विशेष रूप से गंध का पता लगाने, खोज और बचाव कार्यों, और अपराध दृश्यों की जांच जैसे कार्यों के लिए प्रशिक्षित होते हैं। **गंध का पता लगाना:** कुत्ते विस्फोटकों, नशीली दवाओं, या लापता व्यक्तियों की गंध का पता लगाने के लिए प्रशिक्षित होते हैं।









## सरकार पूरी तरह से प्रभावित परिवारों के साथ : धामी

**उत्तरकाशी।** धराली आपदा के बाद राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है। मुख्यमंत्री धामी लगातार स्थिति का जायजा ले रहे हैं।धामी ने हर्षिल पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। धराली (उत्तरकाशी) में आई आपदा में प्रभावित लोगों के परिजनों से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भेंट कर संकट की इस घड़ी में उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस आपदा ने कई परिवारों को अपार दु:ख दिया है, हम उनकी पीड़ा को समझते हैं। हमारी सरकार पूरी तरह से प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों को तेजी से संचालित किया जा रहा है। हमारी प्राथमिकता प्रत्येक लापता व्यक्ति की तलाश और प्रभावित परिवारों को पूर्ण सहयोग प्रदान करना है।












## धराली आपदा में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट पर मुकदमा कर

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** जनपद उत्तरकाशी के धारली में 5 में को आई दिव्या आपदा के बाद कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर क्रांति के चित्रों का फेसबुक आपत्ति. जनक टिप्पणियां करने वालों पर देहरादून की सैर कोतवाली में सुसंगत धारा में अभियुक्त पंजीकृत कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि धराली में आई प्राकृतिक आपदा के सम्बन्ध में अली सोहराब नाम के व्यक्ति द्वारा बादल फटने से हुई त्रासदी की फोटो अपने फेसबुक एकाउंट पर अपलोड की गई, जिसमें त्रासदी से पहले व बाद के चित्रों को जोडकर आपत्तिजनक टिप्पणी के साथ अपलोड किया गया। उक्त पोस्ट में कुछ अन्य सम्प्रदाय विशेष के व्यक्तियों दानिश मालिक, अहमद अंसारी व अन्य के द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई थी। उन्होंने बताया कि 5 में को आई भीषण त्रासदी के बाद उत्तरकाशी के क्षेत्रीय व्यक्तियों व लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गयी तथा समाज में घृणा व वैमनस्यता फैलाने का प्रयास किया गया। वायरल पोस्ट का संज्ञान लेते हुए तत्काल सोशल मीडिया पर अपलोड करने वाली खबरों को पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश शहर कोतवाल को दिए गए थे।

## जान हथेली पर रखकर धराली पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष माहरा

**उत्तरकाशी( शाह टाइम्स )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने साहस और जज्बे की मिसाल पेश करते हुए आपदा प्रभावित धराली गांव तक पहुंचने के लिए कठिन और जोखिम भरा रास्ता तय किया। वे लोगों के बीच केवल संवेदना जताने नहीं, बल्कि उनके दु:ख-दर्द को करीब से समझने और मदद का भरोसा देने पहुंचे। धराली तक पहुं. चने का रास्ता इस समय किसी युद्धक्षेत्र जैसा है। भूस्खलन से टूटी सड़कें, चट्टानों से घिरा संकरा मार्ग और तेज बहाव से उफनती नदियां। माहरा ने करीब चालीस किलोमीटर पैदल सफर किया। कई जगह उन्हें चट्टान पर बंधी रस्सियों का सहारा लेकर उतरना पड़ा, तो कहीं तेज बहाव वाली नदी को पार करना पड़ा। हर कदम पर खतरा था, लेकिन आपदा पीड़ितों तक पहुंचने का संकल्प उन्हें आगे बढ़ाता रहा। गांव पहुंचकर माहरा ने तबाही का मंजर अपनी आंखों से देखाख़्टूटी-फूटी घरों की दीवारें, बिखरे सामान, और आंखों में डर व दर्द लिए ग्रामीण। उन्होंने प्रभावित परिवारों को ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि इंसा. नियत और एकजुटता का है। माहरा ने सरकार से तत्काल राहत और पुनर्वास की व्यवस्था तेज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसे दुर्गम क्षेत्रों में फंसे लोगों तक राहत पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि कोई भी मदद से वंचित न रह जाए।

## उत्तराखंड में भी कांग्रेस रोकेगी वोटों की चोरी: धस्माना

**देहरादून।** लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की और से कर्नाटका की एक लोक सभा सीट पर चुनाव आयोग व भारतीय जनता पार्टी की मिलीभगत से की गई वोटों की हेरा फेरी से पूरा देश सकते में है और लोग इस बात से हैरान हैं कि जिस चुनाव आयोग को देश की जनता निष्पक्ष और स्वतंत्र स्वायत्साशी संवैधानिक संस्था मानती थी वो कैसे सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के साथ मिल कर जनता के विश्वाश पर डाका डालने का काम कर रही है। यह बात शुक्रवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता उत्तराखंड में भी भाजपा ने यह खेल 2022 के विधानसभा व 2024 के लोक सभा चुनावों में किया। धस्माना ने कहा कि राहुल गांधी के इस खुलासे के बाद उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस ने तय किया है कि 2027 के आगामी विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस पार्टी राज्य की सभी 70 विधानसभा सीटों की वोटर लिस्ट की स्क्रुटनी वैज्ञानिक तरीके से करेगी और मतदाता सूचियों में डुप्लीकेट ट्रिप्लीकेट वोटरों व नकली वोटरों की पहचान की जाएगी।







# वांछित अभियुक्तों को शीघ्र दबोचें: एसएसपी

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 कार्मिकों को एसएसपी ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी के तहत अपराधों की कार्रवाई की समीक्षा की। एसएसपी ने मानसून सीजन में पुलिस बल को अलर्ट रहने और ऑपरेशन कालनेमि के तहत अभियान को जारी रखने के निर्देश दिए।

एसएसपी ने बीते माह के अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं, मुकदमों, शिकायतों, वारंट, नोटिस आदि का समय पर निस्तारण करने और वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख के चुनाव को लेकर भी पुलिस बल को तैयारियों के निर्देश दिए। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गठित टीम के



अधिकारियों को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने नशे के विरुद्ध जीरो टालरेन्स नीति अपनाते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री व भण्डारण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने, समय-समय पर बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन अभियान चलाने, इसके अलावा ऑपरेशन कालनेमि के तहत सनातन धर्म की आड़ में साधु, संतों का भेष धारण कर लोगों को ठगने व उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अपराध गोष्ठी के दौरान एसएसपी देवेंद्र पींचा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया। उन्होंने विगत माह अवैध शराब और स्मैक बरामदगी व तस्करों की गिरफ्तारी में सराहनीय योगदान देने वाले कोतवाली अल्मोड़ा में नियुक्त कांस्टेबल विमल टम्टा को पुलिस ऑफिसर ऑफ द मंथ चुना गया। इसके अलावा 13 अधिकारी, कर्मचारी गणों की कार्यों की सराहना कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। यहां एएसपी हरबंस सिंह, सीओ सदर गोपाल दत्त जोशी, सीओ रानीखेत विमल प्रसाद, सीओ दूरसंचार राजीव टम्टा, सीएओ नरेन्द्र कुंवर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली योगेश चन्द्र उपाध्याय, निरीक्षक अशोक धनकड़, यातायात निरीक्षक राजेन्द्र सिंह रावत, निरीक्षक दरबान सिंह मेहता, निरीक्षक अभिसूचना मनोज भारद्वाज, निरीक्षक दूरसंचार उमाशंकर पाण्डे, मदन मोहन जोशी, सुशील कुमार, सुनील सिंह बिष्ट, प्रमोद पाठक, अवनीश कुमार, दिनेश नाथ महंत, कश्मीर सिंह, राहुल राठी, जसविन्दर सिंह, विजय नेगी, वंश नारायण यादव, महेश कश्यप, मोहित कुमार, बरखा कन्याल, हीरा सिंह, दान सिंह मेहता, अमित कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी और कार्मिक मौजूद रहे।

## विभाजन विभीषिका स्मृति कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान

**काशीपुर।** काशीपुर के भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने विभाजन विभीषिका स्मृति कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि आगामी बृहस्पतिवार, 14 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शिरकत करेंगे। बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 15 अगस्त तक पूरे जिले में विभाजन विभीषिका स्मृति सप्ताह के तहत विविध कार्यक्रम होंगे। काशीपुर के भाजपा जिलाध्यक्ष श्री पाल ने बताया कि इस अभियान में तिरंगा यात्राएं, स्वच्छता अभियान, और विभाजन की पीड़ा से जुड़े लोगों को सम्मानित करने जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए पार्टी की पूरी टीम मंथन कर रही है। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी काशीपुर आएंगे और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

## एक नजर

### कलक्ट्रेट को जोड़ने वाला मार्ग ध्वस्त

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बारिश लोगों के लिए परेशानियों का सबब बनी हुई है। वहीं, बारिश के दौरान अल्मोड़ा कलक्ट्रेट को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले पैदल मार्ग ध्वस्त हो गया है। जिससे स्थानीय समेत कलक्ट्रेट पहुंच रहे लोगों को आवागमन में परेशानियां झेलनी पड़ रही है। वहीं मार्ग से लगे 2 आवासीय भवनों को भी खतरा पैदा हो गया है। बताया कि मार्ग के ध्वस्त होने आवासीय मकान खतरे की जद में आ गए है। बारिश के दौरान मकानों के भी गिरने का खतरा बना हुआ है। वहीं, एड. जमन सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान बाड़ी किशन सिंह बिष्ट समेत अन्य ने ध्वस्त मार्ग की शीघ्र मरम्मत की मांग की है।

### जिपं अध्यक्ष के चुनाव में जुटा प्रशासन

**अल्मोड़ा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना के बाद अब जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, ज्येष्ठ प्रमुख, कनिष्ठ प्रमुख पदों के लिए होने वाले चुनाव की तैयारियां शुरु हो गई हैं। इन पदों के चुनाव के लिए तैनात सहायक निर्वाचन अधिकारियों को शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपादित कराए जाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के उपबंधों एवं दिशा निर्देशों को विस्तार से बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने प्रतिभाग किया तथा अधिकारियों को चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष रूप से पूर्ण कराए जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह चुनाव का अंतिम पड़ाव है। इस चुनाव में बहुत सावधानी एवं तत्परता बरतने की आवश्यकता होती है। सभी अधिकारी अपने अपने कार्यों को त्रुटिरहित संपादित करें। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के सभी उपबंधों एवं दिशा निर्देशों का गहनता से अध्ययन करें तथा प्रशिक्षण में बताए गए सभी प्रावधानों को गौर से सीखें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीडीओ रामजी शरण शर्मा, एसडीएम संजय कुमार, सुनील कुमार राज, नोडल प्रशिक्षण डीडीओ एसके पंत, मास्टर ट्रेनर अशोक कुमार, विनोद राठौर मौजूद रहे।

### डे केयर संस्था ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा।** डे केयर संस्था अल्मोड़ा ने एसएसपी देवेंद्र पींचा से मुलाकात की। नगर की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। संस्था अध्यक्ष हेम चंद्र जोशी ने बताया कि माल रोड में सड़क किनारे दोपहिया वाहन खड़े हैं। जिससे वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों समेत महिलाओं को पैदल चलने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही माल रोड में तेज गति से फर्राटा भरने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करने, बाजार क्षेत्र में प्रात: आठ से शाम सात बजे तक अतिआवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी दोपहिया समेत अन्य वाहनों का प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में एमसी कांडपाल, गोकुल सिंह रावत, डा. जेसी दुर्गापाल, चंद्रमणी भट्ट, आनंद सिंह बगड़वाल रहे।

### मल्ला महल में राखी एवं मेहंदी प्रतियोगिता

**अल्मोड़ा।** महिला शक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से शुक्रवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मल्ला महल अल्मोड़ा में राखी एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजना किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों की 170 बालिकाओं एवं महिला समूह की महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर प्रसाद ने बताया कि बालिकाओं द्वारा हर-घर तिरंगा थीम पर निर्मित राखियों को सेना एवं पुलिस कार्मिकों को भेजा। बताया कि राखी प्रतियोगिता में रेखा बिष्ट प्रथम, मानवी साह द्वितीय और आकांक्षा तृतीय स्थान पर रही। मेहंदी प्रतियोगिता में लक्ष्मी प्रजापति प्रथम स्थान, योगिता आर्या द्वितीय एवं पलक तृतीय स्थान पर रही। दस-दस बालिकाओं को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। निर्णायक के रूप में महेन्दी प्रतियोगिता हेतु मीता उपाध्यय, नीमा शाह, भगवती देवड़ी एवं राखी प्रतियोगिता हेतु चम्पा जोशी, आशा भसौडा एवं श्वेता उपाध्यय शामिल रहीं। मंच संचालन एड. अभिलाषा तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर आफरीन जहां, मंजू पांडे, ममता आर्या, नीलिमा जोशी, गीता जोशी, अनिल कुमार, योगेश कुमार, रमेश सिंह, पीसी जोशी मौजूद रही।

### नई रोशनी अभियान के तहत शिविर

**अल्मोड़ा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शुक्रवार को जिला न्यायालय सभागार में नई रोशनी अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शचि शर्मा ने मौजूद प्रतिभागियों को नालसा की विभिन्न योजनाओं, बच्चो के अधिकार, नि:शुल्क विधिक सहायता, एनडीपीएस अधिनियम, दिव्यांग बच्चों के लिए योजना आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा साइबर अपराध, इंटरनेट और सोशल मीडिया धोखाधड़ी व घोटालों, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, महिला प्रतिकर योजना 2020, पॉक्सो अधिनियम समेत सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के यूजी पाठ्यक्रम बीबीए, बीसीए एवं बीकॉम (ऑनर्स) प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का पहला औद्योगिक भ्रमण आज आयोजित किया गया। संस्थान की प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने संस्थान के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी आनंद सिंह एवं असिस्टेंट प्रोफेसर सिमरन सेठी कुकरेजा के नेतृत्व में चीमा पेपर्स लिमिटेड का औद्योगिक भ्रमण किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यार्थियों को प्लांट के एचआर हेड शिवशंकर प्रसाद ने पूरे प्लांट का भ्रमण कराया और प्लांट में निर्मित होने वाले कागज की किस्मों के बारे में संपूर्ण जानकारी दी।

## 'भारत छोड़ो आंदोलन' पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** ज्ञानार्थी कॉलेज में आज 'भारत छोड़ो आंदोलन' की वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. मनोज मिश्रा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने प्रभावशाली भाषण दिए। सभी ने



गांधीजी के अद्वितीय योगदान, उनके अहिंसात्मक आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को भारत छोड़ो आंदोलन पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। इसके साथ-साथ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशीलता का शानदार प्रदर्शन किया। डॉ. मनोज मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष का एक निर्णायक मोड़ था, जिसने अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# यातायात शीघ्र बहाल किया जाए: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिले में हो रही भारी वर्षा के बीच, जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शुक्रवार को स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पुनर्स्थापन कार्यों का जायज़ा लिया। उन्होंने कपकोट क्षेत्र में पीएमजीएसवाई अंतर्गत चीराबगड़ पोथिंग सड़क तथा पीडब्ल्यूडी अंतर्गत हर्षिला सीमा मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यातायात शीघ्र बहाल हो, ताकि आमजनमानस को कठिनाइयों से राहत मिल सके। चीराबगड़ पोथिंग सड़क पर भारी भूस्खलन के कारण जमा मलबा हटाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जिलाधिकारी ने बताया कि मशीनें सड़क के दूसरे छोर तक



पहुँच चुकी हैं और कार्य में तेजी लाने के निर्देश पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता को दिए गए हैं। साथ ही, सड़क के ऊपरी हिस्से में खड़े अस्थिर पेड़ों के खतरे को देखते हुए वन विभाग को नियमानुसार तत्काल कार्यवाही करने के आदेश दिए। ज्ञात हो कि यह सड़क 26 जुलाई को भारी वर्षा से क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके बाद जिलाधिकारी ने 6 अगस्त को क्षतिग्रस्त हुए हर्षिला सीमा मोटर मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मार्ग को तेज़ी से सुचारू करने के निर्देश दिए, ताकि आपदा प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क शीघ्र बहाल हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि लगातार बारिश से जिले की कई सड़कों पर यातायात प्रभावित हुआ है। सभी विभागों को बंद मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर खोलने के आदेश दिए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर पीआरडी और होमगार्ड्स की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी एन. एस. नबियाल, उपजिलाधिकारी अनिल रावत, आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विरोध में डटे रहे डॉक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में चिकित्सकों का विरोध जारी है। चिकित्सकों ने काला फीता बांधकर सीएमओ कार्यालय में अटैच बाल रोग विशेषज्ञ डा. अंकति को वापस भेजने की मांग की है। अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है। हाल ही में डीजी हेल्थ ने डा. अंकति को सीएमओ कार्यालय अटैच किया था, जिसके बाद चिकित्सक संगठनों ने इसे गलत बताया। चिकित्सकों का कहना है कि बाल रोग विशेषज्ञ के खिलाफ कार्रवाई बिना जांच के की गई, जबकि सीएमओ की जांच में वह दोषी नहीं पाए गए थे। इस बीच, अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के कारण गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड और बाल रोग विशेषज्ञ की सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। रेडियोलॉजिस्ट छुट्टी पर होने के कारण महिलाओं को 11 तारीख के बाद ही सुविधा मिल सकेगी।

# तिरंगा यात्रा के लिए भाजपा का मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** भाजपा जिला कार्यालय में नगर मंडल एवं ग्रामीण मंडल के तत्वाधान में हर घर तिरंगा यात्रा पर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष विवेक तिवारी ने की। कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री संजय परिहार एवं सहसंयोजक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा आर्या रही। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि 10 अगस्त से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जाना है। इन कार्यक्रमों में युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा द्वारा प्रमुख भूमिका रहेगी। जिसमें अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग की अपील की गई। बताया कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक



सभी प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराया जाना है और 15 अगस्त की सायं तिरंगे को उतार कर सम्मान सहित रखने का निवेदन किया गया। इसी दौरान पार्टी कार्यालय में नव निर्वाचित नौ जिला पंचायत सदस्यों का स्वागत किया गया। साथ ही भाजपा ने दम भरते हुए कहा कि पार्टी जिस भी प्रत्याशी के नाम अध्यक्ष के लिए मनोनीत करेगी, सभी सदस्य उसे अपना समर्थन देंगे। इस बीच सभी ने एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया विधायक पार्वती दास, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, पिथौरागढ़ प्रभारी कुंदन परिहार, विक्रम सिंह शाही, सुबोध लाल शाह, जगदीश कालाकोटी, एवं सभी नौ जिला पंचायत सदस्य एवं पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चेक बाउंस के दोषी पर 7 लाख 70 हजार का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज (जू.डि.) काशीपुर की अदालत ने एक चेक बाउंस के दोषी को 7 लाख 70 हजार का जुर्माना और 6 माह की सजा सुनाई है। रामनगर रोड स्थित एआर इंटरनेशनल के पार्टनर अभिनव अग्रवाल ने 2016 में कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मौहल्ला खत्रियान, काशीपुर निवासी मैक्स कम्प्यूटर्स के स्वामी अंकुर गुप्ता ने उससे सीमेंट/सरिया उधार लिया था जिसके बदले में उसे 7,51,274 रुपये का चेक दिया था। जब उसने उक्त चेक को अपने बैंक में लगाया तो वह बाउंस हो गया। चेक बाउंस होने के बाद अभिनव अग्रवाल ने अंकुर गुप्ता को कानूनी नोटिस दिया। नोटिस के बावजूद उसके पैसे वापिस न करने पर उसने अपने अधिवक्ता आनन्द स्वरूप रस्तौगी के माध्यम से कोर्ट की शरण ली। लगभग 9 साल तक चले मुकदमे के बाद अब न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज (जू.डि.) पूनम टोडी ने अभिनव अग्रवाल के पक्ष में फैसला सुनाते हुए अंकुर गुप्ता को 7,70,000 रुपये का जुर्माना एवं 6 माह के साधारण कारावास से दंडित किया है। 7,70,000 रुपये में से 7,65,000 रुपये अभिनव अग्रवाल को दिये जायेंगे तथा 5000 रुपये राजकोष में जमा किये जायेंगे। 5000 रुपये जमा न करने की स्थिति में 10 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

# सीसीटीवी से लैस होगा स्कूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शुक्रवार को कपकोट के उत्तरोडा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक और आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया और



विद्यालय प्रबंधन से समस्याओं पर चर्चा की। वर्तमान में विद्यालय में 49 बालिकाएं शिक्षा ले रही हैं। जिलाधिकारी ने बालिकाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए परिसर में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। साथ ही, सफाई, पौष्टिक भोजन, अग्निशमन उपकरण और स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने कक्षा-कक्ष, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, आवास, शौचालय और रसोई की सुविधाओं का भी निरीक्षण किया और छात्राओं को खेल, नृत्य, पेंटिंग जैसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बालिकाओं को चॉकलेट और फल वितरित किए, और छात्राओं ने उन्हें राखी बांधी। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी एन एस नबियाल, उपजिलाधिकारी अनिल सिंह रावत, खंड शिक्षा अधिकारी चक्षुपति अवस्थी और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## समीक्षा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा द्वारा जनपद में संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को फसल बीमा योजना से किसानों को अधिक से अधिक जोड़ने तथा फसल बीमा के प्रति किसानों में रुचि पैदा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में फसल बीमा योजना से जुड़े किसानों के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, मुख्य कृषि अधिकारी आनंद गोस्वामी ने बताया कि जनपद में खरीफ 2025-26 में मंडुवा एवं धान फसलों का बीमा कराया जा रहा है। शुक्रवार दोपहर करीब 01 बजे मुख्य विकास अधिकारी ने कृषकों से अधिक से अधिक फसल बीमा योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

# अंतर्राष्ट्रीय 'ज्ञान' पाठ्यक्रम सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय में 28 जुलाई से 8 अगस्त 2025 तक



'ग्रीनहाउस मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय 'ज्ञान' पाठ्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस 12-दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों से कुल 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह अंतर्राष्ट्रीय ज्ञान कार्यक्रम कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क्स (ज्ञान) पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञान के अंतर्गत किया गया, जिसमें स्थानीय ज्ञान समन्वयक एवं मुख्य अतिथि डा. एचजे शिव प्रसाद, अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ डा. कृष्णा नेमाली (पर्ड्यू विश्वविद्यालय, यूएसए) एवं पाठ्यक्रम समन्वयक डा. अशुतोष सिंह तथा सह-समन्वयक डा. रीतिका भट्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को ग्रीनहाउस प्रबंधन एवं नवीन तकनीकों पर सैद्धांतिक और प्रायोगिक प्रशिक्षण का सार प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों को औद्योगिक एवं फील्ड विजिट पर भी ले जाया गया, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सका। समापन सत्र में डा. अशुतोष सिंह ने पाठ्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की। डा. कृष्णा नेमाली ने अपने अनुभव साझा किए और डा. एचजे शिव प्रसाद ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम के अंत में डा. रीतिका भट्ट ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# तिरंगा यात्रा: गूंजे देशभक्ति के नारे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शुक्रवार को आईटीबीपी के क्षेत्रक मुख्यालय अल्मोड़ा और एमडीएस अल्मोड़ा की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का उद्देश्य स्थानीय जनता में राष्ट्र प्रेम की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। तिरंगा यात्रा कैंप परिसर से आरंभ होकर कोसी बाजार तक निकाली गई, जिसमें आईटीबीपी क्षेत्रक मुख्यालय और एमडीएस के लगभग 150 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। पूरे मार्ग में तिरंगे की शान के साथ देशभक्ति के नारे गूंजते रहे। बारिश के बावजूद तिरंगा यात्रा में जवानों का जोश देखने लायक था। यात्रा के दौरान स्थानीय नागरिक भी बड़ी संख्या में मार्ग के किनारे मौजूद रहे और देशभक्ति के इस माहौल में सम्मिलित होते गए। इस अवसर पर आईटीबीपी क्षेत्रीय मुख्यालय अल्मोड़ा के उप महानिरीक्षक रवि कुमार पंडिता ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 15 अगस्त को भारत अपनी स्वतंत्रता की 79वीं वर्षगांठ मनाएगा। इससे पूर्व देशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें यह तिरंगा यात्रा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से नागरिकों के मन में देश के प्रति गर्व और समर्पण की भावना प्रबल होती है। रवि कुमार पंडिता ने सभी को तिरंगे के सम्मान को बनाए रखने और अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संदेश दिया। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस यात्रा से निश्चित रूप से स्थानीय लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना और गहरी होगी। यहां यात्रा में सेनानी सुनील कुमार, द्वितीय कमान चेतन समयाल, उप सेनानी जगमोहन रावत, सहायक सेनानी दीपक सिंह नगन्याल, जगदीश मासीवाल, पवन कुमार, द्वितीय कमान अजय कुमार राजपूत, निरीक्षक जीडी विनोद कुमार, राजेंद्र प्रसाद, मो. अफजल खान, सुरेश कुमार, दीवान सिंह कड़ाकोटी, लीलाराम स्वामी आदि शामिल रहे।

# अंगदान से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है: डा. सन्तोष मिश्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी हल्द्वानी के पूर्व प्राध्यापक डा. सन्तोष मिश्र ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि अंगदान करने वालों को 15 अगस्त, 26 जनवरी और राज्य स्थापना दिवस जैसे प्रमुख अवसरों पर सम्मानित किया जाए और उनका गरिमापूर्ण अंतिम संस्कार सुनिश्चित किया जाए। उनका मानना है कि जिन राज्यों ने अंगदान करने वालों और उनके परिवारों को सार्वजनिक सम्मान दिया,



वहां अंगदान और प्रत्यारोपण की दर में बढ़ोतरी हुई है। राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन की 2024-25 की रिपोर्ट में बताया गया कि भारत अंग प्रत्यारोपण में दुनिया में तीसरे स्थान पर है, जबकि जीवित दाताओं से अंग प्रत्यारोपण में पहले स्थान पर है। हालांकि, भारत में अंगदान की दर प्रति मिलियन जनसंख्या पर 1 से कम है, जो स्पेन (प्रति दस लाख 48) के मुकाबले काफी कम है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अंगदान और ऊतक प्रत्यारोपण अभियान को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दस सूत्री एडवाजरी जारी की है। इसके तहत दिवंगत अंग दाताओं को सम्मानित करने, महिला दाताओं के लिए अतिरिक्त अंक देने, और ट्रामा केंद्रों में अंग प्राप्ति की सुविधाएं विकसित करने की सिफारिश की गई है। डा. सन्तोष मिश्र, जो खुद और अपने परिवार के साथ अंगदान और देहदान का संकल्प ले चुके हैं, लंबे समय से इस मुद्दे पर जन जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। उनका मानना है कि अंगदान से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी (नैनीताल)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री चन्दन सिंह मेहरा पुत्र श्री शोबन सिंह मेहरा निवासी गुलजारपुर बंकी, पो. ओ. कालाढूंगी (नैनीताल) द्वारा कालाढूँगी वार्ड नं.-2 में श्री मोहम्मद इरशाद पुत्र श्री मोहम्मद अफजल से भवन क्रय किया गया है, जिसके पूरब में श्री राजेश तिवारी की दुकान, पश्चिम में श्री देवेन्द्र सिंह मेहरा का भवन, उत्तर में राजेश तिवारी भूमि व दक्षिण में रामनगर-हल्द्वानी मुख्य मोटर मार्ग स्थित है। उक्त भवन के गृहकर को प्रार्थी द्वारा अपने नाम दर्ज/हस्तान्तरण कराये जाने हेतु प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, अनापत्ति मूल प्रति, इकरारनामा/अनुबन्ध पत्र की छायाप्रति आदि इस कार्यालय को प्रस्तुत किये जाने उपरान्त उक्त भवन का गृहकर करो की वसूली के परियोजनार्थ व भू-स्वामित्व का आधार न होने के दशा में प्रार्थी श्री चन्दन सिंह मेहरा पुत्र श्री शोबन सिंह मेहरा निवासी-गुलजारपुर बंकी, पो. ओ. कालाढूंगी (नैनीताल) के नाम हस्तान्तरण किया जाना प्रस्तावित है, कि यदि भविष्य में उक्त गृहकर हस्तान्तरण के सम्बन्ध में किसी के द्वारा कोई आपत्ति की जाती तो लगाया गया गृहकर स्वत: ही समाप्त हो जाएगा। नोट:-यदि किसी को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो इस सूचना जारी होने के 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति व सुझाव अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करे। बाद म्याद आपत्ति में विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर
दूरभाष 05949-282200 कारपोरेट आई.डी. संख्या U40109UR2001SGC025867
Email : eddbazpur@gmail.com Website : www.upcl.org

पत्रांक 2696 वि.वि.ख.(बा.)/ **निविदा सूचना** दिनांक 08.08.2025

विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु अनुभवी एवं प्रतिष्ठित निविदादाताओं जो विद्युत सुरक्षा विभाग उत्तराखण्ड शासन / सरकार में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 'ए' श्रेणी, जी.एस.टी., आयकर, विभाग कर्मचारी भविष्य निधि, ई.एस.आई. में पंजीकृत एवं विद्युत/निविदा से सम्बन्धित कार्यों का अनुभव (कार्य की लागत का 100 प्रतिशत) रखते हों, मुहरबन्द निविदायें (दो भागों में) आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र निम्न तालिका में दर्शायी गयी निविदा मूल्य धनराशि (जी.एस.टी. सहित) का बैंक ड्राफ्ट जो अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर के नाम देय हो, प्रस्तुत करने पर दिनांक 25/08/2025 13.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर से प्राप्त किये जा सकते हैं। यह राशि अप्रतिदेय (Non-refundable) होगी। निविदा प्रपत्र डाक से प्राप्त करने पर रु. 100/- प्रति निविदा अतिरिक्त जमा करने होंगे। डाक से प्रेषित निविदा प्रपत्र विलम्ब एवं अन्य किसी भी कारणों से न प्राप्त होने पर विभाग किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

निविदा के साथ प्रथम भाग में वांछित प्रपत्र एवं प्रचलित वैध आयकर, वित्तीय क्षमता (तालिकानुसार टर्नओवर) सम्बन्धित प्रपत्र विद्युत कार्य के सफलतापूर्वक निष्पादन सम्बन्धित प्रपत्र (कार्य की लागत का न्यूनतम 100 प्रतिशत का प्रमाण पत्र जो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो) तथा धरोहर राशि का टी.डी.आर./सी.डी.आर./एफ.डी.आर. (365 दिवस के लिये वैध) जो अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर के नाम बन्धक हो, (निविदा धरोहर राशि निविदा प्रकाशन के बाद की होनी चाहिये) साथ लगाना अनिवार्य होगा। निविदायें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 26/08/2025 को 13.30 बजे तक स्वीकार की जायेंगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 26/08/2025 को 15.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख सार्वजनिक रूप से खोली जायेंगी। निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय पर खोली जायेंगी।

निविदा दो भागों में प्रेषित की जायेगी। भाग-1 के लिफाफे में धरोहर राशि के साथ अन्य वांछित समस्त प्रपत्र होंगे एवम् भाग-2 के लिफाफे में मात्र सम्बन्धित कार्यों की दरें होंगी। भाग-1 अपूर्ण होने की स्थिति में भाग-2 का लिफाफा नहीं खोला जायेगा। निविदा के भाग-2 में दी गयी दरों की वैधता न्यूनतम छ: माह तक होगी, काली सूची में न होने एवं दस्तावेज सत्य व सही होने का, तथा इस हेतु रु. 100.00 (रु. सौ मात्र) के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र एवं जी.सी.टी. नियमों की वचनबद्धता का प्रमाण निविदा के भाग-1 के साथ दिया जाना अनिवार्य होगा।

अधोहस्ताक्षरकर्ता को निम्नलिखित निविदाओं/निविदा बिना कोई कारण इंगित किये निरस्त/वापस लेने/संशोधित करने/अथवा विस्तारित करने का पूर्ण अधिकार होगा।

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा मूल्य | पिछले तीन वित्तीय वर्ष का औसत टर्नओवर | धरोहर राशि | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| 15/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड बाजपुर के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपसंस्थान [illegible] में नये संयोजन निर्गत करने का कार्य। | रु. 1180 | रु. 45.00 लाख मात्र | रु. 45000 | रु. 15.00 लाख मात्र |
| 16/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड दोराहा के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपसंस्थान [illegible] में नये संयोजन निर्गत करने का कार्य। | रु. 1180 | रु. 45.00 लाख मात्र | रु. 45000 | रु. 15.00 लाख मात्र |
| 17/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड बाजपुर के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपसंस्थान फौजी कालोनी/[illegible] में नये संयोजन निर्गत करने का कार्य। | रु. 1180 | रु. 45.00 लाख मात्र | रु. 45000 | रु. 15.00 लाख मात्र |
| 18/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड दोराहा के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपसंस्थान [illegible] में नये संयोजन निर्गत करने का कार्य। | रु. 1180 | रु. 45.00 लाख मात्र | रु. 45000 | रु. 15.00 लाख मात्र |
| 19/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड बाजपुर के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपसंस्थान फौजी कालोनी में नये परिवर्तक स्थापित करने का कार्य। | रु. 295 | रु. 12.00 लाख मात्र | रु. 16000 | रु. 4.03 लाख मात्र |

राष्ट्रहित में बिजली बचायें। विद्युत समस्याओं हेतु Tolle Free No. 1800-419-0405 पर सम्पर्क करें।
"Pay Electricity Bill Online 24x7 from www.upcl.org" "विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"

**अधिशासी अभियंता**
विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर

# तंत्र-मंत्र का खौफनाक एंगल और पुलिस की सुस्त जांच

## अमित मौर्या हत्याकांड: अमित के अंग ढूंढ पाने में पुलिस पांचवें दिन भी नाकाम रही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार में दस वर्षीय मासूम अमित मौर्या की दिल दहला देने वाली हत्या के पांच दिन बाद भी पुलिस न तो उसका सिर खोज पाई है, न ही कटा हुआ हाथ। पूरा शव अभी तक मोर्चरी में पड़ा है, पोस्टमार्टम

### परिजन काठगोदाम थाने में धरना देने पहुंचे

तक नहीं हो सका है, और परिजन न्याय की आस में दर-दर भटक रहे हैं।

इस भयावह हत्याकांड के बाद अब स्थानीय जनप्रतिनिधि भी खुलकर सामने आ गए हैं। शुक्रवार को मृतक अमित के परिजनों के साथ काठगोदाम थाने में धरने पर बैठने वालों में लालकुआं के विधायक नारायण पाल भी शामिल हुए, लेकिन पुलिस के पास सिवाय जांच जारी है कहने के और कुछ नहीं था। घटना के अनुसार, गौलापार के पश्चिमी खेड़ा निवासी अमित मौर्या का शव पांच दिन पहले एक झाड़ियों में मिला था। उसका सिर और एक हाथ गायब था। मृतक के पिता, खूबकरण मौर्या ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हत्या का आरोपी सीसीटीवी में उनके बेटे को अपने साथ ले जाता हुआ साफ नजर आ रहा है। उन्हें शक है कि इस नृशंस हत्या के पीछे तांत्रिक क्रियाएं हैं, जिनमें आरोपी परिवार पहले भी लिप्त रहा है। पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी परिवार को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि आरोपी अब तक यह नहीं बता रहे कि अमित का सिर और हाथ कहां हैं। परिजन और स्थानीय लोग सवाल कर



### सवाल उठ रहे हैं-

'जब आरोपी सीसीटीवी में दिख रहा है, तो गिरफ्तारी के बावजूद उससे सच्चाई क्यों नहीं निकल रही?

'तांत्रिक एंगल की जांच में इतनी ढिलाई क्यों?

'सिर और हाथ का अब तक न मिल पाना, क्या यह पुलिस की नाकामी नहीं है?

रहे हैं कि आखिर हत्या करने के बाद शरीर के अंग कहां गए क्या उन्हें तांत्रिक विधियों के तहत नष्ट किया गया? लोगों का कहना है कि पुलिस सिर्फ कड़ी भाषा बोल रही है, लेकिन व्यवहार में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। धरने में मौजूद लोगों ने पुलिस पर लापरवाही और संवेदनहीनता का आरोप लगाया। मृतक के परिवार के समर्थन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नेताओं ने भी मोर्चा संभाल लिया है। धरने में विधायक नारायण पाल के साथ जिला पंचायत सदस्य लीला बिष्ट के पति अर्जुन बिष्ट, कांग्रेस नेता हरेंद्र क्वीरा, पार्षद बबली वर्मा, राम सिंह नगरकोटी समेत कई लोग शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक मासूम को इंसाफ नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा। हर दिन थाने के चक्कर काट रहे परिजनों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ



रहा है। उनका कहना है कि पुलिस हर बार बस आश्वासन देकर टाल देती है, लेकिन न तो शव को अंतिम संस्कार के लिए सौंपा गया, न ही आरोपियों से सच उगलवाया जा सका है। परिजन का दर्द अब गुस्से में बदल रहा है, और यह गुस्सा अब धीरे-धीरे जनाक्रोश में तब्दील हो रहा है।

## दोषी को मिले कड़ी से कड़ी सजा: सुमित हृदयेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी के गौलापार इलाके में एक 10 साल के मासूम की हत्या का मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया है। इस दिल दहला देने वाले हादसे पर शहर विधायक सुमित हृदयेश ने गहरी नाराजगी जताई और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। विधायक सुमित हृदयेश ने घटना की घोर निंदा करते हुए कहा, यह एक अत्यंत दुखद और शर्मनाक हादसा है। एक मासूम बच्चा जिसकी उम्र अभी तो खेलने-कूदने की थी, उसकी हत्या कर दी गई। इसे किसी भी सूरत में माफ नहीं किया जा सकता। ये कौन लोग हैं जो नशे के असर में इस तरह की कायराना हरकतें कर रहे हैं? ऐसे व्यक्तियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि समाज में इस तरह के अपराधों का अंत हो सके। इसके अलावा, विधायक ने बताया कि जब मृतक के परिजन न्याय की गुहार लगाने पहुंचे, तो उन्हें न केवल अनसुना किया गया बल्कि लाठियों से पीटा गया। यह सचमुच दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्याय की मांग करने वाले परि. जनों पर लाठियां चलाई गईं। यह तो समाज के प्रति पूरी तरह से संवे. दनहीनता का उदाहरण है। विधायक ने इस घटना की आलोचना करते हुए कहा कि यह मामला सदन में उठाया जाएगा और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। सुमित हृदयेश ने इस दौरान एक बार फिर से लोगों से अपील की कि वे तंत्र-मंत्र और अंधविश्वास से दूर रहें और अच्छाई के मार्ग पर चलने का प्रयास करें। हमें समाज में सुधार के लिए सच्चाई और अच्छाई के साथ काम करना चाहिए।

## इंसाफ को तरसता परिवार, शहर 'खामोश'

**दीपक भंडारी**

**हल्द्वानी।** मौत जिन्दगी का आखिरी मुकाम और सबसे बड़ी सच्चाई है, लेकिन किसी घर में जब परिवार का कोई सदस्य इस दुनिया से चलाए जाए और घर वालों का उसका चेहरा तक देखना नसीब न हो, उस परिवार के लोगों पर क्या बीतती है, यह उस परिवार के लोग ही महसूस कर सकते हैं। गौलापार में दस साल के अमित मौर्या को जिस निर्दयता के साथ मौत के घाट उतारा गया और पांच दिन बाद भी जब उसका कटा सिर और हथेली बरामद करने में पुलिस नाकाम रही है, तो परिवार के लोगों के सब्र न बांध न सिर्फ टूट रहा है बल्कि वो भीतर ही भीतर इस टीस के साथ हर पल गुज़ार रहे हैं, कि उनकी औलाद का चेहरा ही देखना उन्हें नसीब हो जाए। सबसे दुखद यह है कि अमित का सिर और हाथ कटा धड़ मोर्चरी में रखा है। मां-बाप इतने लाचार हैं कि बेटे का अंतिम संस्कार तक नहीं कर पाए हैं। शहर के चंद लोगों तथा जनप्रति. निधियों को छोड़कर यह पूरा शहर इस सनसनीखेज वारदात पर 'खामा.



'श' है। देश के विभिन्न हिस्सों में होने वाली बड़ी घटनाओं पर इंसाफ की मांग को लेकर कैंडिल मार्च से लेकर प्रदर्शन तक करने वाले इस शहर के लोग अपने ही घर के एक मासूम के लिए इंसाफ मांगने नहीं निकले। शहर जिम्मेदार नागरिक होने का दम्भ भरने वाले कथित सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों की यह चुप्पी न सिर्फ निंदनीय, बल्कि शर्मनाक भी है। सोशल मीडिया पर लोग नेताओं और समाजसेवियों को कोस रहे हैं।

वहीं, दुख और पीड़ा में डूबे इस परिवार को उम्मीद के बजाय इंसाफ मांगने पर पुलिस की लाठियां ही मिलीं। सवाल यह उठता है कि इस परिवार को इंसाफ कब मिलेगा, जबकि जिम्मेदार अधिकारी भी स्थिति को लेकर अनभिज्ञ हैं। गौलापार में काठगोदाम थाना और चौकी के बीच हुए इस हत्याकांड में एक तांत्रिक की संलिप्तता का आरोप है, जो हत्या के बाद गाड़ी में फरार हो गया। पुलिस की तीसरी आंख, यानी सीसीटीवी कैमरे, जो करोड़ों रुपए खर्च करके लगाए गए थे, भी इस मामले में बेअसर साबित हो रहे हैं। लाल कार में फरार तांत्रिक का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस संदिग्ध आरोपियों से भी कोई ठोस जानकारी हासिल नहीं कर पाई है, जिससे यह साबित होता है कि पुलिस की कार्यप्रणाली में गंभीर लापरवाही है।

### 'कैसे बांधू अपने भाई की कलाई पर राखी'

मासूम अमित की बहन काठगोदाम थाने में धरने पर बैठी है। उसके हाथों में राखी की डोरी है, लेकिन उसका भाई अब इस दुनिया में नहीं है। इस बहन को अपने भाई की जिस हथेली पर आज राखी बांधनी थी, न वो भाई आज है और न उसकी हथेली। बहन की आंखों में आंसू हैं, और 'कोई तो ला दो मेरे प्यारे भाई को'...अब मैं कैसे बांधूंगी उसकी कलाई में राखी? उसके यह शब्द गहरे दर्द से भरे हुए हैं, इन जालिमों ने मेरे भाई को क्यों मारा? हे भगवान, इन जालिमों को मत छोड़ना। अमित की बहन और परिवार न्याय की उम्मीद में थाने के बाहर बैठे हैं, उनके लिए अब केवल एक ही मांग है, उन जालिमों को सख्त सजा मिले, ताकि यह दर्दनाक घटना किसी और परिवार के साथ न हो।

## युवा कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर फूंका पुलिस प्रशासन का पुतला

**हल्द्वानी।** गौलापार क्षेत्र में 10 वर्षीय अमित मौर्य की जघन्य हत्या के खिलाफ इंसाफ की मांग करते हुए युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगुवाई में



कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान साहू ने कहा सारे सबूत सामने हैं, आरोपी को हिरासत में भी लिया गया है, फिर भी पुलिस कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठा रही है? क्या अब उत्तराखंड में न्याय की मांग करना अपराध बन गया है? लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदर्शन में शामिल पार्षद प्रीति आर्या और पूर्व पार्षद राजेन्द्र बिष्ट ने कहा कि प्रशासन मौन है और न्याय गायब है। कांग्रेस नेत्री दीपा खत्री ने आरोप लगाया कि प्रशासन दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। प्रदर्शन में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया, जिनमें पार्षद प्रीति आर्या, हेमन्त साहू, संदीप भासौड़ा, दीपा खत्री, नंदनी खत्री, इश्क़ खान, शहनवाज मालिक, सौरभ कुमार, साहिल राज, सुशील राय, सचिन राठौर, मोनू चौहान, नाजिम अंसारी शामिल थे।

# ज्योति मेर की मौत के मामले पर कोतवाली में हंगामा

## आरोप: एसपी से मिलने पहुंचे लोगों से कोतवाल ने की अभद्रता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाने में मृतक अमित मौर्या के परिजनों को पुलिस द्वारा पीटने के मामले के शांत होने से पहले ही कोतवाल राजेश कुमार यादव ने पहाड़ी आर्मी के संस्थापक हरीश रावत और उनके साथियों के साथ अभद्रता की। यह घटना उस समय हुई जब हरीश रावत अपने साथियों के साथ एसपी प्रकाश चंद्र से मिलने पहुंचे थे। आरोप है कि कोतवाल ने हरीश रावत का कॉलर पकड़कर उन्हें घसीटते हुए कोतवाली के अंदर ले गए। इसके साथ ही, मृतका ज्योति मेर की चाची प्रेमा मेर के साथ भी पुलिस ने अभद्र व्यवहार किया। पहाड़ी आर्मी के संस्थापक हरीश रावत ने बताया कि



उन्हें एसपी प्रकाश चंद्र ने मिलने के लिए बुलाया था, क्योंकि वे ज्योति मेर की मौत में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। जैसे ही रावत और उनके साथी कोतवाली पहुंचे, उनका एक साथी वीडियो बनाने लगा, जिसे लेकर कोतवाल यादव नाराज हो गए। हरीश रावत ने जब वीडियो बनाने को लेकर आपत्ति जताई तो कोतवाल ने अचानक उनका कॉलर पकड़ लिया और उन्हें धक्का देते हुए कोतवाली के अंदर घसीटा। इस दौरान, प्रेमा मेर के साथ भी पुलिस ने अभद्रता की। घटना के बाद, पहाड़ी आर्मी के और भी सदस्य कोतवाली पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें गेट के बाहर ही रोक दिया। इसके बाद, पहाड़ी आर्मी ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस मेयर प्रत्याशी रहे ललित जोशी और पहाड़ी आर्मी के विनोद शाही सहित अन्य नेता एसपी से मिले और पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया। हरीश रावत ने कहा पुलिस आरोपियों को पकड़ने के बजाय न्याय की आवाज उठाने वालों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, और पुलिस उन्हें असहनीय तरीके से परेशान कर रही है। अगर जल्द ही घटना का खुलासा नहीं किया गया, तो यह आंदोलन पूरे प्रदेश में फैल जाएगा। पुलिस का यह व्यवहार शर्मनाक है और मित्र पुलिस शब्द को अपने नाम से हटा देना चाहिए। पहाड़ी आर्मी और अन्य नेताओं ने पुलिस के इस रवैये के खिलाफ कड़ी निंदा करते हुए इसे एक गंभीर घटना बताया, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया और मानवाधिकारों के खिलाफ है।

# पुलिस की निष्क्रिता पर महिलाएं आक्रोशित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल ने पहाड़ की बेटी ज्योति मेर की हत्या के मामले में पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर एसएसपी को ज्ञापन सौंपा। मंडल ने आरोप लगाया कि 30 जुलाई को हल्द्वानी में एक योगा सेंटर की टीचर ज्योति मेर को उसी सेंटर के मालिक दो भाइयों अजय और अभय ने घर में घुसकर गला घोंटकर हत्या कर दी।

हत्या के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए, लेकिन अब तक पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी है। यह घटना अब नौ दिन पुरानी हो चुकी है, और पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन देने वालों में सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश प्रभारी सीमा बत्रा, काजल खत्री, ज्योति अवस्थि, कंचन, प्रेमा मेर, बबीता जोशी, अंजू पांडे, गीता मेर, प्रदेश महामंत्री भुवन भट्ट और प्रदेश प्रवक्ता संजय त्यागी शामिल थे। सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल ने सरकार और पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि यदि इस मामले का शीघ्र खुलासा नहीं हुआ और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे जन आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। व्यापार मंडल ने कहा कि कुमाऊं क्षेत्र में लगातार इस प्रकार की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। नशे की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है, और पुलिस प्रशासन को इस पर शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए। मंडल ने यह भी कहा कि ऐसी घटनाओं से शहर की शांति और महिलाओं का सुरक्षा माहौल खतरे में पड़ गया है, और प्रशासन को इस मामले में तुरंत कदम उठाने चाहिए। मंडल ने चेतावनी दी कि यदि पुलिस ने जल्द ही इस मामले का खुलासा नहीं किया और आरो. पियों को गिरफ्तार नहीं किया, तो वे धरना-प्रदर्शन और जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## गणेश पूजन के साथ कलश यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट की ओर से संकल्पित श्रीमद्भागवत कथा की सप्तम यात्रा का आयोजन मेजर सोमनाथ शर्मा पार्क में किया गया। इस



धार्मिक आयोजन गणेश पूजन और कलश यात्रा से हुआ, जिसके बाद दोपहर 2 बजे से प्रसिद्ध व्यास विवेकानंद जोशी ने संगीतमय कथा का गुणगान किया। आज की कथा में श्री जोशी ने भागवत कथा का माहात्म्य बताया और गोकर्ण तथा धुंधक. ारी की कथा का वर्णन किया। श्रद्धालुगण मंत्रमुग्ध होकर कथा का श्रवण करते रहे। पूजा के कार्य को पंडित कमलेश पांडे और कमल जोशी द्वारा विधिपूर्वक संपन्न किया गया। इनमें नारायण सिंह बोरा, अनिता बोरा, अर्जुन बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य लीला देवी बिष्ट, गंगा देवी, सीता देवी, ममता देवी, आशा भट्ट, जानकी देवी, गीता देवी, मुन्नी देवी, उमा देवी, हंसी देवी, गीता बिष्ट, हेमलता बिष्ट, हेम नेगी, हंसी जोशी, ममता बिष्ट, मोना पांडे, देवकी मेहरा, कमला जोशी, बीएस बिष्ट, और अशोक चौहान शामिल रहे।

## स्वतंत्रता हमारे पूर्वजों के बलिदान का परिणाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे उत्तराखंड के तहत प्रदेशभर में चल रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय में तिरंगा हमारी शान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने तिरंगे के प्रति अपनी भावनाएं और विचार प्रस्तुत किए। बबीता चिलवाल ने कहा तिरंगा हमें यह याद दिलाता है कि स्वतंत्रता हमारे पूर्वजों के बलिदान का परिणाम है। ईशा मेहरा ने तिरंगे के तीन रंगों को साहस, शांति और विकास का मार्गदर्शन बताया। वहीं, करिश्मा कोरंगा ने कहा जब तिरंगा आसमान में लहराता है, तो मन में



देशभक्ति की लहर उमड़ पड़ती है। प्रेरणा कार्की ने तिरंगे के हर रंग को बलिदान, सत्य और समर्पण की कहानी बताया। दिव्या बिष्ट ने इसे भारत की आत्मा और एकता का प्रतीक करार दिया। गरिमा पंत ने कहा तिरंगे की लहर में भारत की संस्कृति और संघर्ष की गाथा है। कविता फुलारा ने कहा तिरंगे के बिना भारत अधूरा है। यह हमारी आज़ादी और आत्मसम्मान का सबसे बड़ा प्रतीक है कोमल जीना ने तिरंगे को भारतीय एकता और शक्ति का प्रतीक बताया, वहीं अदिति दानी ने कहा, तिरंगे का हर रंग मुझे देश के लिए जीने और मरने का हौसला देता है। नोडल अधिकारी नमामि गंगे डा. रितुराज पंत ने बताया कि राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के तहत 8 अगस्त से प्रदेशभर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर आभा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा हर घर तिरंगा अभियान केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि यह राष्ट्र के प्रति सम्मान और एकजुटता का संदेश है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डा. विद्या कुमारी और डा. हिमानी शामिल थीं। कार्यक्रम का संचालन डा. श्वेता बिश्नोई ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कई प्राध्यापक और छात्राएं उपस्थित थीं, जिनमें प्रोफेसर नरेंद्र कुमार, डा. विजय बिष्ट, डा. गणेश नेगी, डा. हेमलता, डा. तनुजा बिष्ट, डा. शरद मिश्रा, डा. रितु सिंह, डा. रेखा जोशी, डा. प्रभा साह, डा. संजू, डा. विवेक और डा. राजेश शामिल थे।

## लाठीचार्ज को बताया निंदनीय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चिन्हित राज्य आंदोलनक. ारी संयुक्त समिति ने शहर में बढ़ती अपराधी घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पुलिस अपराध को रोकने में नाकाम रही है। गौलापार की हालिया घटना समेत अन्य घटनाओं के बाद भी पुलिस की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। राज्य आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि न्याय की मांग करने पर भी पुलिस प्रशासन ने लाठीचार्ज कर दिया, जो पूरी तरह से निंदनीय है। जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि शहर में लगातार नशे का कारोबार बढ़ता जा रहा है, और पुलिस इसे रोकने में पूरी तरह से असफल हो रही है। बिष्ट ने सवाल उठाया, क्यों पुलिस अपराध को रो. कने में नाकाम है? परिवार के ऊपर लाठीचार्ज किसके आदेश पर किया गया? उन्होंने सरकार से मांग की कि लाठीचार्ज करने वाले अधिकारियों का तुरंत खुलासा किया जाए और उन्हें हटाया जाए। राज्य आंदोलनका. रियों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते और घटनाओं का खुलासा नहीं होता, तो आंदोलनकारी धरना-प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह वही दिन था, जब हमें राज्य की मांग की थी, और अब यही सवाल उठता है कि हम किस राज्य की ओर बढ़ रहे हैं? आंदोलनकारियों का आरोप है कि पुलिस की निष्क्रियता और अधिकारियों की लापरवाही के कारण शहर में अपराधी घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, और इस पर जल्द काबू पाना आवश्यक है।

## सांसद अजय भट्ट ने रक्षाबंधन की बधाई दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के सांसद अजय भट्ट ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर



जारी अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व भाई-बहन के आपसी स्नेह, विश्वास और कर्तव्य का प्रतीक है। हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा यह त्योहार ऐतिहासिक महत्व भी रखता है। सांसद भट्ट ने कहा कि रक्षा बंधन का पर्व सामाजिक सद्भाव के साथ ही महिलाओं के प्रति आदर और सुरक्षा की भावना को भी सुदृढ़ करता है। यह महिलाओं के सम्मान से जुड़ा महत्वपूर्ण त्योहार है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति उनका प्रयास निरंतर जारी है, क्योंकि महिलाओं को सशक्त किए बिना समृद्ध उत्तराखंड की कल्पना संभव नहीं है।

# बागजाला में समस्याओं का अंबार

## जल जीवन मिशन के तहत सड़क मरम्मत और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला गांव में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर आज अखिल भारतीय किसान महासभा ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान ग्रामीण कार्यालय, गोरापड़ाव में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत बागजाला गांव की सड़कों को दोनों ओर से तोड़ा गया था, जिससे अब बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं।

इससे न केवल वाहनों की आवाजाही में परेशानी हो रही है, बल्कि पैदल चलने वालों के लिए भी यह सड़क खतरनाक बन गई है। दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए तत्काल सड़क



निर्माण की आवश्यकता जताई गई। अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत सड़क तो तोड़ी गई, लेकिन न तो सड़क की मरम्मत की गई और न ही हर घर जल आपूर्ति का कार्य पूरा हुआ है। जिसके कारण बागजाला गांव में पेयजल संकट गहरा गया है। उन्होंने सरकार द्वारा इन समस्याओं को अनदेखा करने और ग्रामीणों के जीवन को खतरे में डालने के प्रति कड़ी आलोचना की। साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो बागजाला की जनता 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी। इसके अलावा, आनन्द सिंह नेगी ने गौला पार में एक बच्चे की नृशंस हत्या पर गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और उन्हें कठोर सजा देने की मांग की। साथ ही, पीड़ित परिवार को पचास लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की भी मांग की। अधिशासी अभियंता की अनुपस्थिति के कारण ज्ञापन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वाले प्रमुख नेताओं में अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी, किसान महासभा बागजाला के उप सचिव दीवान सिंह बर्गली और भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डा. कैलाश पांडेय शामिल रहे।

## 15 अगस्त को स्थापना दिवस मनाएगा यूओयू

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय अपनी स्थापना के 20 साल पूरे होने का जश्न आगामी 15 अगस्त को भव्य रूप से मनाने जा रहा है। विश्वविद्यालय की स्थापना अक्टूबर 2005 में हुई थी, और इस साल अक्टूबर में इसे 20 साल हो जाएंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर विश्व. विद्यालय ने 15 अगस्त से तीन दिवसीय कार्यक्रमों की योजना बनाई है। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा, हम चाहते हैं कि विश्वविद्यालय के 20 साल के सफर को 15 अगस्त के दिन, शैक्षिक, सांस्कृतिक और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जाए। इस अवसर पर हमारे विश्वविद्यालय की परिकल्पना, उद्देश्य, उपलब्धियां, गतिविधियां और भविष्य की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 13, 14 और 15 अगस्त को आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध वक्ताओं का समावेश होगा, जो विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर चर्चा करेंगे और उसके भविष्य के उद्देश्य पर प्रकाश डालेंगे। इसके साथ ही शैक्षिक व शोध संबंधित व्याख्यान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और अन्य आयोजनों का भी आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण उपलब्धियों को साझा करना है और यह दिखाना है कि यूओयू शिक्षा के क्षेत्र में लगातार किस तरह अग्रसर हो रहा है। हम चाहते हैं कि सभी लोग इस समारोह का हिस्सा बनें और विश्वविद्यालय की यात्रा को एक नए उत्साह के साथ देखें।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

☎05946-250286

मुख्यालय: मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सड़क हादसों में दो की गई जान, दो गंभीर

■ कंटेनर और ट्रैक्टर में भिड़ंत, एक की मौत, दो गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बिलासपुर रोड फ्लाईओवर पर शुक्रवार को कंटेनर और ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच हुई भीषण टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के दौरान पास से गुजर रही एक कार भी चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद कंटेनर का चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और यातायात सुचारू कराया।

जानकारी के अनुसार, बिलासपुर से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पर ट्रांसफार्मर लादकर आ रहा था। फ्लाईओवर पर यातायात को वनवे किया गया था। इसी दौरान दोपहर करीब एक बजे नारायण हॉस्पिटल के पास फ्लाईओवर पर पीछे से आ रहे कंटेनर संख्या एचआर46ई 3710 ने ओवरटेक करते समय ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रॉली पर रखा भारी ट्रांसफार्मर ट्रैक्टर चालक के ऊपर गिर पड़ा। इससे ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के दौरान अनियंत्रित कंटेनर ने सामने से आ रही एक कार को भी टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। बिलासपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मौके पर जाम लग गया। पुलिस ने यातायात सुचारू कराया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस ने फरार चालक-परिचालक की तलाश शुरू कर दी है।

## बेकाबू ट्रक से कुचलकर राहगीर की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गुरुवार रात तीनपानी तिराहा किच्छा रोड हाईवे पर सड़क पार कर रहे एक अज्ञात पैदल व्यक्ति की तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि मृतक का शरीर बुरी तरह क्षत- विक्षत हो गया और ट्रक के पहियों में फंसकर वह कई मीटर तक घिसटता चलागया।

मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक किच्छा की ओर से तेज गति से जा रहा था और उसने सड़क पार कर रहे अज्ञात व्यक्ति को सीधा कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। ट्रक में लोहे का स्क्रैप भरा हुआ था। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई, जिससे हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पाकर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित करते हुए जाम खुलवाया। मृतक का शव कई टुकड़ों में बिखरा हुआ था, जिसे पुलिस ने एकत्र कर कट्टों में भरकर एम्बुलेंस के माध्यम से मार्चरी भेजा। हादसे के दृश्य को देखकर मौके पर मौजूद लोग स्तब्ध रह गए। ट्रक के आगे यूपी 44 बीटी 7635 नंबर अंकित है, जबकि पीछे बीआर 246 डी 1979 नंबर लिखा था, जिससे वाहन संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने आसपास के थानों को सूचना देकर पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## एक नजर

### पॉक्सो का आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मुकदमा अपराध संख्या 381/2025, धारा 354, 264 आईपीसी व 5/6 पॉक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त ऋषभ चौधरी (25) पुत्र विजयपाल सिंह, निवासी वार्ड नंबर 36, बालाजी मंदिर के पास, घास मंडी, आदर्श कॉलोनी, थाना रुद्रपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी, जो बाल अपचारी है, को पूर्व में ही किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह भेजा जा चुका है। वहीं, फरार चल रहे वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी से पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

### दुर्गा वाहिनी-मातृशक्ति बहनों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** विश्व हिंदू परिषद की महिला इकाई दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति की बहनों ने जसपुर में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया।

इस अवसर पर बहनों ने कोतवाली जसपुर, कुंडा थाना तथा क्षेत्राधिकारी महोदय काशीपुर में कार्यरत पुलिसकर्मियों को रक्षासूत्र बांधा और उनकी दीर्घायु, सशक्त व ऊर्जावान बने रहने की कामना की। इस रक्षाबंधन कार्यक्रम में निरंतर एवं निस्वार्थ सेवा दे रहे पुलिसकर्मियों के प्रति आभार भी व्यक्त किया गया। इस अवसर पर दुर्गावाहिनी की प्रखंड संयोजिका चारु बहन, सह-संयोजिका कनक बहन, संजना, राधिका, दीक्षा, कविता, बीना, राजबाला, सुमन, सुनीता, सीमा, निशा, विनीता बहन एवं ग्राम प्रधान लालपुर समेत दर्जनों बहनें उपस्थित रहीं।

## जलभराव से निजात की मांग एसडीएम को दिया पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वार्ड नंबर 17 ब्रह्म कॉलोनी के निवासियों ने कॉलोनी में जल भराव से निजात की मांग को लेकर एसडीएम तुषार सैनी को एक शिकायती पत्र दिया।

शिकायती पत्र के मुताबिक कॉलोनी में जल भराव की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जल भराव से बाढ़ की स्थिति बन गई है। कॉलोनी वासियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। शिकायती पत्र के माध्यम से लोगों ने बताया है कि शिव कॉलोनी स्थित मुख्य नाला में ब्रह्म कालोनी के पास अतिक्रमण किया गया है।

जिसको उन्होंने राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार चिन्हित कर खुलवाने की मांग की। शिकायती पत्र में महेश सिंह



बोहरा, बिशन सिंह बोहरा, नितिन सक्सेना, राम प्रकाश, सभासद प्रकाश शर्मा, मोहित जोशी, चंद्रशेखर जोशी, धन बहादुर पाल, नवल जोशी, केदार दत्त जोशी, राम सिंह बिष्ट, किशन पाल, मुकेश पांडे, रेखा तथा कमला जोशी आदि के हस्ताक्षर थे।

## सीएम धामी का गांव नगला आदर्श संस्कृत ग्राम में चयन

■ दस अगस्त को सीएम धामी वर्चुअल रूप से करेंगे उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भारतीय संस्कृति और परंपरा के संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गांव नगला तराई को 'आदर्श संस्कृत ग्राम' के रूप में चयनित किया गया है। आदर्श संस्कृत ग्राम का उद्घाटन एवं कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वर्चुअल माध्यम से 10 अगस्त 2025 को किया जाएगा। आदर्श संस्कृत ग्राम बनने के बाद

गांव में अब विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों और सभाओं में संस्कृत संवाद को प्रोत्साहित किया जाएगा। संस्कृत ग्रंथों के अध्ययन, वैदिक मंत्रोच्चार, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन होगा। संस्कृत शिक्षा के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर भी स्थापित किए जाएंगे। समारोह में संस्कृत भाषण, श्लोक पाठ, गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।

वहीं ग्रामवासियों को संस्कृत भाषा के प्रयोग एवं संरक्षण हेतु प्रेरित किया जाएगा। ग्राम की संस्कृत प्रशिक्षिका ललिता भट्ट ने सभी ग्रामवासियों, विद्यार्थियों एवं भाषा-प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### पुलिस की कार्रवाई से व्यापार मंडल संतुष्टः फुटेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**किच्छा।** देवभूमि व्यापार मंडल ने कोतवाली पुलिस की कार्रवाई पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए पुलिस को पूरी तरह सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

देवभूमि व्यापार मंडल के अध्यक्ष नितिन फुटेला एवं महामंत्री विजय अरोरा ने संयुक्त रूप से कहा है कि बीती 3 अगस्त को बलवंत कॉलोनी निवासी प्रमुख व्यवसायी के बंद घर में चोरी का प्रयास करने वाले उत्तर प्रदेश बरेली नंबर की बाइक पर सवार दोनों युवकों की तलाश में कोतवाली पुलिस बड़े पैमाने पर सुरागरसी करते हुए चोरों की गिरफ्तारी है हेतु कार्रवाई कर रही है। पर पुलिस का आभार है। व्यापार मंडल के दोनों पदाधिकारी ने पुलिस से आग्रह करते हुए कहा है कि हर हालत में बाइक सवार चोरों की गिरफ्तारी होनी चाहिए तथा पुलिस को व्यापार मंडल पूरी तरह सहयोग करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि अब तक पुलिस द्वारा चोरों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्रवाई से व्यापार मंडल संतुष्ट है।

## डायनेस्टी गुरुकुल में मनाया गया रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी भाई- बहन के अटूट पवित्र प्रेम को दर्शाने वाले त्यौहार रक्षाबंधन पर्व को धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की समस्त छात्राओं ने समस्त छात्रों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार मनाया। विद्यालय के समस्त छात्रों ने छात्राओं के मान- सम्मान की सदैव रक्षा करने का वचन दिया।

इस पवित्र अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चन्द्र भट्ट ने समस्त विद्यालय परिवार, क्षेत्रवासियों व देशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि डायनेस्टी में रक्षाबंधन की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति के उन महान पर्वों में से एक है जिसने संसार में रिश्तों की पवित्रता का नेतृत्व किया।रक्षा बंधन एक ऐसा पर्व है जो भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक बनता है। इस पवित्र पर्व में बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और भाई उनकी रक्षा करने का वचन देता है।

इस अवसर पर विद्यालय में विद्यालय की सभी कक्षाओं में राखी मेकिंग एक्टिविटी संपन्न कराई गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, सुरेश ओली, अशोक जोशी, हरीश भट्ट, ऊषा चौसाली, ऊषा भट्ट, शिल्पा सक्सेना, लिंसी त्यागी,हेमलता बोरा, दीपा डसीला, कल्पना चंद, एल दिगंबर भट्ट आदि मौजूद थे।



## आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक युवक ने पारिवारिक और आर्थिक तनाव के चलते अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

राजोड़ा पोस्ट शाहाबाद पटवई, जनपद रामपुर निवासी संजीव पुत्र होरी लाल ट्रांजिट कैंप ठाकुर नगर गली नंबर चार में मनोज कुमार के मकान की दूसरी मंजिल पर किराए के कमरे में रह रहा था। गुरुवार रात मकान मालिक मनोज कुमार किसी काम से संजीव के कमरे में पहुंचे तो देखा कि वह छत पर फंदे से लटका हुआ है। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर एसआई महेश कांडपाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी जुटाई। मकान मालिक ने बताया कि पांच अगस्त की दोपहर संजीव का छोटा बेटा छत से नीचे गिर गया था, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। इलाज का खर्च अधिक होने के कारण संजीव की पत्नी बेटे को लेकर अपने गांव चली गई थी। बताया जा रहा है कि पुत्र के इलाज में हुए अधिक खर्च और परिवार के अलग हो जाने के कारण संजीव गहरे तनाव में था। आशंका है कि इसी मानसिक दबाव में उसने आत्महत्या का कदम उठाया। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक की पत्नी और अन्य परिजनों को दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कथित प्रॉपर्टी डीलर पर लगाया 35 साल पूर्व लिए गए प्लांट में बने पक्के आवास को हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उमराव खुर्द कंजाबाग निवासी दीवान सिंह खाती ने क्षेत्रीय विधायक भूवन कापडी उपनेता प्रतिपक्ष को ज्ञापन सौंप कर 35 वर्ष पूर्व लिए गए 45X100 फीट के प्लांट में 1995 में बनाए गए पक्के आवास को कथित प्रॉपर्टी डीलर अपना बताकर कब्जा करना चाहते हैं। विधायक कापड़ी को सौंपे ज्ञापन में पीड़ित दीवान सिंह खाती ने यह भी बताया है कि कथित प्रॉपर्टी डीलर उसपर फर्जी मुकदमे भी लगा रहे हैं । ज्ञापन में न्याय दिलाने की मांग की है। विधायक कापड़ी ने पीड़ित के संबंध में पुलिस से फोन पर वार्ता की और उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### राष्ट्रकवि रवींद्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** राष्ट्रीय कवि नोबेल पुरस्कार रविंद्र नाथ टैगोर को समाजसेवी बुद्धिजीवी और पत्रकारों ने दिया श्रद्धांजलि । राष्ट्रगान गाकर सभी समाजसेवी पत्रकार बुद्धिजीवी ने श्रद्धा सुमन अर्पण किया । समाजसेवी सुब्रत विश्वास ने कहा कि पिछले दो माह पहले रविंद्र नगर दरिया नगर क्षेत्र में उपस्थित राष्ट्रकवि रविंद्र नाथ टैगोर पार्क के सौंदर्य करण के लिए ज्ञापन दिया गया था, परंतु बड़े दुख की बात है भाजपा सरकार के विधायक शिव अरोड़ा व मेयर विकास शर्मा राष्ट्र कवि नोबेल पुरस्कार रवींद्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर उनको माल्या अर्पण कर सम्मान देना तो छोड़ों पार्क में साफ सफाई की व्यवस्था तक नहीं की गई। इन नेताओं को राष्ट्र धरोहर और क्रांतिकारियों से कोई मतलब नहीं। हर तरफ पार्क में गंदगी फैली हुई थी। झज्जर अवस्था में पार्क बना हुआ है यहां पार्क कांग्रेस सरकार के समय तक व्यवस्थित थी भाजपा आते ही महान के विभूतियों का आसम्मान करने में पीछे नहीं हटती । जैसे आप देख सकते हैं कि इंद्रा चौक पर इंदिरा गांधी की प्रतिमा और दीनदयाल उपाध्याय चौक में दीनदयाल की प्रतिमा को हटाकर गांधी पार्क में स्थापित कर दिया। अगर स्वतंत्रता सेनानी और महान विभूतियां से परेशानी ही थी तो दूसरे कार्यक्रम की तहत दीनदयाल उपाध्याय व इंदिरा गांधी प्रतिष्ठित मूर्ति की जगह में दूसरी कार्यक्रम स्थापित करने की क्या आवश्यकता और दूसरी मूर्ति स्थापित करना भी है आपकों तो आप दूसरी जगह निर्धारित करके धार्मिक आस्था को मान्यता रखते हुए स्थापित कर दीजिए रुद्रपुर में बहुत जगह खाली है। स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान रखते हुए दूसरे स्थान पर प्रतिष्ठित करना चाहिए था, परंतु बीजेपी की नीति हो चुकी हं धर्म के नाम पर स्वतंत्रता सेनानियों का भी अपमान करने लगी है।

## महिला सशक्तिकरण के लिए रुद्रपुर में खुलेगा ट्रेनिंग सेंटरः महापौर

■ महापौर ने रक्षाबंधन पर बहनों के लिए की कई घोषणाएं

■ नगर निगम सभागार में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नगर निगम सभागार में गुरुवार को रक्षाबंधन का पर्व परंपरागत रीति-रिवाजों और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर नगर निगम की महिला कर्मचारियों, पर्यावरण मित्र बहनों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं ने महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की।

इस भावपूर्ण अवसर पर महापौर ने महिला सशक्तिकरण को समर्पित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने रुद्रपुर में शीघ्र ही एक बड़ा प्रशिक्षण केंद्र खोलने की घोषणा की, जिसमें महिलाओं को आईएएस, पीसीएस सहित उच्च शिक्षा से जुड़े निशुल्क कोर्स तथा तकनीकी प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। महापौर ने बताया कि नगर निगम की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ब्यूटी पार्लर खोले जाएंगे, जिनका संचालन महिला समूहों को सौंपा जाएगा। इसके अलावा नगर निगम द्वारा जल्द ही खोले जाने वाले पेट्रोल पंप में भी समस्त कार्य सेल्समैन से लेकर प्रबंधन तक महिलाओं द्वारा ही कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक वह महापौर हैं, नगर निगम द्वारा बनाई जाने वाली सभी योजनाओं में महिलाओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नगर निगम रुद्रपुर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ठोस कार्य कर रहा है। महिला स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से हुनरमंद बनाया जा रहा है। इसके साथ ही उनके उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने हेतु व्यवस्थित प्रयास किए जा रहे हैं।

महापौर ने बताया कि नगर निगम ने हाल ही में निर्माण कार्यों के टेंडर भी महिला समूहों को दिए हैं। आज ये समूह यूजर चार्ज कलेक्शन, ट्रेड टैक्स वसूली जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में नगर निगम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। आने वाले समय में गृहकर वसूली और पार्कों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्य भी इन्हीं समूहों को दिए जाएंगे। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा विकसित किए जा रहे पार्कों में महिलाओं के लिए जिम की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। नगर निगम उनके भाई की तरह साथ खड़ा होकर उनके सपनों को साकार करने में सहभागी बनेगा। महापौर ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता ही सशक्त समाज की आधारशिला है और नगर निगम इसी दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

इस अवसर पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने महापौर द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि महापौर की पहल का लाभ आज बड़ी संख्या में महिलाओं को मिल रहा है। जिन योजनाओं की आज नींव रखी जा रही है, उनका लाभ भविष्य में और भी बेहतर रूप में देखने को मिलेगा। इस अवसर पर नगर निगम की महिला कर्मचारियों के साथ-साथ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी कनक लता, संध्या, पदमा, उमा सकलानी, माधवी अधिकारी, पुष्पा, इंद्रा नेगी, ममता नेगी, कविता अधिकारी, सीमा, प्रियंका, रामा बिष्ट, सुषमा, गुंजन गुप्ता, गुड़िया, नेहा सुंदरियाल, नेहा मिश्रा, कविता सामंत, नीतू नेगी, बीना रावत, हंसी रावत, नंदी दानी, कंचन, मोमिता, कल्पना रावत, नंदिता, मुस्कान राय, सीमा बिष्ट, सुनीता डोगरा, हेमा, अनिता, ममता, कविता आदि सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## लिटिल एंजेल विद्यालय विद्यार्थी परिषद का गठन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थी परिषद का गठन व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया । इसमें विद्यालय के हेड बॉय पद के लिए कक्षा 12वीं वाणिज्य वर्ग के छात्र संकल्प कुमार, हेड गर्ल पद के लिए श्रेया यादव विज्ञान वर्ग कक्षा 12वीं की छात्रा, स्कूल स्पोर्ट्स कैप्टन पद के लिए सारांश बोरा कक्षा 12 विज्ञान वर्ग के छात्र का चयन किया गया।

ब्लू हाउस ( निष्ठा ) के कप्तान पद के लिए आस्था गुप्ता कक्षा 11 विज्ञान वर्ग की छात्रा, ग्रीनहाउस( धर्म ) के कप्तान पद के लिए रोहन यादव कक्षा 11 विज्ञान वर्ग के छात्र, रेड हाउस (अहिंसा) के कप्तान पद के लिए अंजना मलिक कक्षा 11 विज्ञान वर्ग की छात्रा तथा येलो हाउस (सत्य) के कप्तान पद के लिए प्रेरणा अरोड़ा कक्षा 11 वाणिज्य वर्ग की छात्रा का चयन किया गया । सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात प्रधानाचार्य जी द्वारा विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधिकाजया रॉल्सटन द्वारा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया गया।

## माउंट लिट्रा जी स्कूल की छात्राओं ने जिलाधिकारी को बांधी राखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** माउंट लिट्रा जी स्कूल रुद्रपुर की कक्षा छह व सात की छात्राओं ने रक्षा बंधन के पावन पर्व पर जिलाधिकारी को राखी बांध कर अपना गहरा सम्मान और स्नेह प्रकट किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा, रक्षा बंधन का यह पर्व न केवल भाई-बहन के अटूट बंधन का प्रतीक है, अपितु यह समाज में प्रेम, सौहार्द और सहयोग की भावना को भी प्रबल करता है। मैं इन नन्हीं बहनों की इस सराहनीय पहल का हार्दिक अभिनंदन करता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। स्कूल की छात्राओं ने जिलाधिकारी के साथ आत्मीय मुलाकात की और उन्हें अपने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने छात्राओं की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप नैथानी ने इस अवसर पर कहा कि रक्षा बंधन का यह पावन पर्व भाई-बहन के असीम प्रेम और सम्मान का प्रतीक है और हमें अत्यंत हर्ष है कि हमारी छात्राओं ने इस अवसर पर जिलाधिकारी को राखी बांध कर अपना सम्मान व्यक्त किया। यह कार्यक्रम का सफल संपादन आयुष मंत्रालय विभाग की ओर से डॉ आलोक कुमार शुक्ला जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी व उनके स्टाफ की सहभागिता से संपन्न हुआ ।



# आपदा में पफंसी बीमार महिला को रिवर क्रॉसिंग कराकर पहुंचाया अस्पताल



रेखा यादव, पुलिस एवं एसडीआरएफ टीम के इस त्वरित, साहसिक और मानवीय प्रयास हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** आपदा प्रबंधन केंद्र को सूचना प्राप्त हुए और आपदा प्रबंधन केंद्र द्वारा पुलिस अधीक्षक रेखा यादव को अवगत कराया गया कि ग्राम कनार, थाना जौलजीबी निवासी 61 वर्षीय काली देवी जो लंबे समय से बीमार हैं, को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल ले जाना आवश्यक है। किंतु हालिया आपदा में ग्राम कनार से बरम जौलजीबी को जोड़ने वाला पुल बह जाने से नदी पार करना संभव नहीं था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक जौलजीबी संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस व एसडीआरएफ टीम को आवश्यक आपदा प्रबंधन उपकरणों के साथ तत्काल रवाना किया गया। टीम ने लगभग सात किमी पैदल चलकर प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर 50 मीटर लंबी रस्सी से रिवर क्रॉसिंग की व्यवस्था बनाई और अत्यंत सावधानीपूर्वक महिला को स्ट्रेचर के माध्यम से नदी पार कराकर बरम तक सुरक्षित पहुंचाया। वहां से उन्हें परि. जनों के साथ पिथौरागढ़ अस्पताल भेजा गया।

मरीज, परिजन एवं ग्रामवासियों ने पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, पुलिस एवं एसडीआरएफ टीम के इस त्वरित, साहसिक और मानवीय प्रयास हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# सीमांत गांवों में रक्षाबंधन की दिखी अनूठी छटा

**■ सेना और ग्रामीणों के बीच भाईचारे का पर्व**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जहां एक ओर रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर देश की ऊंचाई सीमाओं पर तैनात भारतीय सेना के जवान हर त्यौहर से दूर, राष्ट्र सेवा में तल्लीन रहते हैं, लेकिन इस बार पिथौरागढ़ जिले के सीमात गांवों में एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला-जब गांव की बहनों ने सेना के जवानों की कलाई पर राखी बांधी, और उन्हें श्रक्षकश से श्भाईश बना दिया।

व्यास घाटी की दुर्गम पहाड़ियों और सक्त परिस्थितियों के बीच, भारतीय सेना द्वारा गांव की महिलाओं और बच्चों के साथ रक्षाबंधन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर रंग समुदाय की बहनों ने परंपरागत तरीके से तिलक लगाकर सैनिकों का राखी बांधी और उनकी सला. मती की कामना की, बदले में जवानों ने भी बहनों को मिठाइयां, उपहार और स्नेह भरे शब्दों से सम्मानित किया।

रक्षाबंधन का यह आयोजन इस बात का प्रतीक बन गया कि भारतीय सेना केवल देश की सीमाओं की नहीं बल्कि लोगों दिलों की भी रक्षा कर रही हैं।

## एक नजर

### मायावती के जंगल में सुनाई दे रही है 'बंगाल टाइगर' की गर्जना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** तीन रेंजों को छूने वाले वन पंचायत,मायावती के जंगल में पिछले कई दिनों से 'बंगाल टाइगर' के यहां के धर्मार्थ चिकित्सालय के सामने के जंगल में दिनदहाड़े दहाड़ने से यहां दहशत पैदा हो गई है। चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानंद महाराज के अनुसार कई दिनों से यहां टाइगर नजदीक में ही दहाड़ रहा है। जिसकी आवाज को टेप कर वन विभाग को भेजा गया था।

**डीएफओ ने माना कि यह आवाज 'बंगाल टाइगर' की वन विभाग द्वारा यहां शुरू की गई गस्त**

वन पंचायत मायावती के सरपंच स्वामी सूहृदयानंद महाराज द्वारा यहां के शांत जंगल में गोली की आवाज भी सुनने की बात कहे जाने पर, पूरा वन विभाग 'एक्शन मोड' में आ गया है। डीएफओ नवीन चंद्र पंत ने दलबल के साथ वन पंचायत मायावती के जंगल की स्थिति का जायजा लेते हुए, यहां दिनदहाड़े टाइगर की आवाज को सुनने के बाद इस बात की पुष्टि की है कि यह ष्बंगाल टाइगरष की ही गर्जना है। वन विभाग के चंपावत, लोहाघाट एवं भिंगराणा वनराजी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मायावती से लेकर मंच तक के जंगल में कैमरा ट्रैप लगाए जाएंगे।

यह जंगल वन विभाग के लिए काफी महत्वपूर्ण है। यहां तीन रेंजों के अलावा काली कुमाऊं रेंज के भी बनकर्मी बारी-बारी से गस्त कर रहे हैं। जंगल में जोंक (लीच) का आतंक होने के कारण बनकर्मियों को गस्त करने में भारी दिक्कतें हो रही है। इसके बावजूद भी वह अपने दायित्व का निर्वाह कर रहे हैं।

डीएफओ के अनुसार कैमरा ट्रैप लगाने से यहां टाइगर की लोकेशन एवं उनकी गणना का भी पता चल पाएगा। वन पंचायत मायावती उत्तराखंड का ऐसा मॉडल एवं मानवरहित सघन वन है, यहां वन संरक्षण की ऐसी मिसाल है जहां प्राकृतिक चक्र का संतुलन, जैव विविधता, एवं पर्यावरण के बदलाव को थामे हुए हैं। यहां वन्यजीवों का अपना खुला संसार है।

### अवैध धार्मिक संरचना को हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** राजकीय इंटर कॉलेज ढेला में स्थित अवैध धार्मिक संरचना को शुक्रवार दोपहर में शिक्षा विभाग, प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा हटा दिया गया है। कार्यवाही के दौरान उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार, तहस. ीलदार रामनगर मनीषा मरकाना, खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर हवलदार सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज ढेला, चौकी इंचार्ज पीरुमदारा सुनील धनिक , मुन्नी कुमल्टा,राजस्व विभाग, पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### बहुभाषी जनरेटिव एआई ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारत की सबसे बड़ी ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी, मेकमायट्रिप ने ट्रैवल प्ष्लानिंग को सरल, संवाद-आधारित और सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने जनरेटिव एआई-इनेबल्ष्ड ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट लॉन्च किया है, जो यात्रा की खोज से लेकर बुकिंग, यात्रा के दौरान और उसके बाद तक हर चरण में यूजर्स की मदद करेगा। नया जेनएआई ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट पुराने एआई एजेंट मायरा का बेहतर वर्जन है, जो अब आवाज और टेक्स्ट के जरिए यात्रियों से बात कर सकता है। मायरा का बीटा वर्जन अभी अंग्रेजी और हिंदी में लाइव है। आने वाले समय में इसे कई अन्य भारतीय भाषाओं में भी लॉन्च किया जाएगा।

इस लॉन्च के मौके पर मेकमायट्रिप के को-फाउंडर और ग्रुप सीईओ राजेश मागो ने कहा, "हमारा हमेशा से मानना रहा है कि तकनीक तब सबसे अच्छी होती है जब यह पर्दे के पीछे जटिल समस्ष्याओं को हल करे। साथ ही ग्राहक इंटरफेस को सहज और आनंददायक बनाए।

मेकमायट्रिप के ग्रुप सीटीओ संजय मोहन ने कहा, "यह सिस्टम इतना बड़ा और जटिल है कि यह हमारा अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी तकनीकी प्रोजेक्ट है।

### हर घर तिरंगा अभियान को लेकर टीम का हुआ गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की कोसी बैराज स्थित ग्रीन वैली रेस्टोरेंट में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती ने की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने के लिए मंडल स्तरीय टीम का गठन किया जाएगा।भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि हर राष्ट्रभक्त के घर तिरंगा फहराने की योजना को जमीनी स्तर तक पहुँचाया जाएगा।भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम है।सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को इसके लिए प्रेरित करें।इस अवसर पर मुख्य प्रवक्ता योगेश रजवार,क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट,भाजपा नेता गणेश रावत, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रेम मेहरा,सभासद पारस गोला,अंजना सुंदरियाल, रुचि गिरी शर्मा, मनीष अग्रवाल,पूर्व सांसद प्रतिनिधि नवीन करगेती, रामभरोसे लाल,मनोज पांडे अजय पाल,चन्दन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### निबंध और चित्र कला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** एमपी इण्टर कॉलेज रामनगर में नगरपालिका परिषद रामनगर की ओर से स्वच्छता पर आधारित निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।विद्यालय के मीडिया प्रभारी हेम चन्द्र पाण्डे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छात्र एवं छात्राओं ने रुचि लेते हुए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा,ईओ आलोक उनियाल एवं कला अध्यापक जफर अली के निर्देशन में स्कूल में स्वच्छता पर आधारित चित्रकला,नारे लेखन व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें छाघ्त्रो ने सड़क पर कचरा न फेंके, पॉलीथिन का उपयोग न करें, शहर को साफ और स्वच्छ बनाएं सहित स्वच्छता के विषयों पर चित्रो और निबंध के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर विद्यालय के शिक्षक मेवा लाल, राजीव कुमार शर्मा, शिवेन्द्र विक्रम चंद्र, गौरव शर्मा, चेतन स्वरूप, सरला मर्तोलिया के साथ नगरपालिका से उत्कर्ष कुमार आदि मौजूद रहे।निबंध प्रतियोगिता में 30, नारे लेखन मे 10 एवं चित्रकला प्रतियोगिता में 40 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर ष्मैं स्वच्छता के लिए क्या करूंगा,करूंगी एवं मेरे सपनों का स्वच्छ रामनगरष विषय पर अपनी-अपनी कल्पना शक्ति का प्रयोग कर चित्र एवं निबन्ध के माध्यम से विचारों को व्यक्त किया।प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान आने वाले छात्रो को नगरपालिका के द्वारा 15 अगस्त को पुरस्कृत किया जाएगा।

# 'बीज राखी' धरती माता को हरा-भरा करने का दिया संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा विभाग ने रक्षाबंधन के अवसर पर ऐसी 'बीज राखी' तैयार की है जो भाई बहनों के मजबूत रिश्तों की ऐसी गवाह बन रही है कि बहन द्वारा भाइयों को राखी बांधने के साथ जिस कागज में राखी बंधी है, उस कागज को ऐसा रूप व स्वरूप दिया गया है कि उसके जमीन के संपर्क में आने के बाद उसमें रखे जड़ी बूटियों व वनऔषधियों के पौधे खुद अंकुरित होकर 'धरती माता के आंचल' का हिस्सा बन जाएंगे।

जिला आयुर्वेदिक यूनानी एवं चिकित्साधिकारी डा. आनंद सिंह एवं वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा. प्रकाश बसेड़ा व डा. भास्कर ने विभाग द्वारा निर्मित पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देने वाली बीज राखियों को बहनों में वितरण किया गया। सोनिया आर्या, हेमा मुरारी, पार्वती जोशी, निर्मला ओली, लीना खर्कवाल, शोभा मुरारी का कहना था कि विभाग द्वारा तैयार की गई 'बीज राखियो' के पीछे ऐसी सोच है कि हमारा धरती माता के साथ निकट का संबंध व उनका आंचल हरा भरा रहेगा तो तभी हमारा राखी का प्रेम सार्थक होगा।

# कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान की सुरक्षा हमारा पहला कर्तव्य: मिश्रा

**■ कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना पर हुए विभिन्न कार्यक्रम**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारत के प्रथम राष्ट्रीय उद्यान कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान ने अपनी 89 वर्षों की गौरवमयी संरक्षण यात्रा पूर्ण कर 90वें वर्ष में प्रवेश किया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित स्थापना दिवस समारोह ने वन्यजीव संरक्षण के प्रति समर्पण, विरासत और नई ऊर्जा का संकल्प पुन: दोहराया।

इस अवसर पर स्थापना दिवस समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आर.के. मिश्रा मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक एवं प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव) उत्तराखंड और कार्बेट के डायरेक्टर डा. साकेत बडोला ने कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का शुभारंभ धनगढ़ी स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वन सेवा में बलिदान देने वाले अमर कर्मवीरों को श्रद्धांजलि देकर किया गया। इसके पश्चात बाघ रक्षक विद्यालय जीआईसी ढिकुली के छात्र-छात्राओं ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संवाद किया और धनगढ़ी संग्रहालय का भ्रमण किया। मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को अपने बीच पाकर विद्यालयी छात्र-छात्राओं में उत्साह और गर्व का माहौल रहा।

उत्तराखंड में हाल ही में घटित धराली आपदा में दिवंगत आत्माओं की शांति एवं उनके परिजनों को सब्र देने के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।कार्बेट टाइगर रिजर्व एवं यथार्थ ग्रुप ऑफ हास्पिटल्स के संयुक्त तत्वाधान में टाइगर रिजर्व के स्टाफ एवं स्थानीय जनता के स्वास्थ्य कल्याण के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन गर्जिया परिसर में किया गया।

चिकित्सा शिविर में बीपी, शुगर, हार्ट, फेफड़े एवं सामान्य फिजिशियन के द्वारा 200 से अधिक लोगों का परीक्षण किया गया।इसके पश्चात कॉर्बेट टाइगर रिजर्व सभागार, रामनगर में मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक आर.के. मिश्रा की अध्यक्षता में1936 से अनवरत संरक्षण की प्रेरक यात्रा विषय पर विचार गोष्ठी में कॉर्बेट रोड मेप टू फ्यूचर आयोजित हुई। विचार गोष्ठी में वक्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों-जैसे कि इको टूरिज्म एवं सामुदायिक सहभागिता, स्टाफ कल्याण, संरक्षण एवं सुरक्षा, भविष्य में अनुसंधान की दिशा और मानव-वन्यजीव संघर्ष पर बताया गया।कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के लघु अवधि और दीर्घ अवधि लक्ष्यों पर विशेष रूप से जोर दिया गया।

उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षो में कार्बेट टाइगर रिजर्व संरक्षण, सामुदायिक सहभागिता और ईको टूरिज्म का ऐसा आदर्श बने, जिससे पूरी दुनिया मिसाल के रूप मे देखे।कार्बेट डायरेक्टर ने बताया कि यह स्थापना दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि संरक्षण के हमारे संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है।भविष्य में हमारा लक्ष्य होगा कि वन्यजीव संरक्षण को वैज्ञानिक दृष्टिकोण, स्थानीय समुदाय की भागीदारी और पर्यटन के साथ नई ऊचाईयों तक पहुंचाना है।कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान की यह 89 वर्षों की यात्रा केवल संरक्षण की गाथा नहीं, बल्कि प्रकृति, वन्यजीव और मानव के सह अस्तित्व का जीवंत उदाहरण है। 90वें वर्ष में प्रवेश के साथ ही, यह विरासत और भी सशक्त संकल्प के साथ भविष्य की ओर अग्रसर है।इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा, पार्क वार्डन अमित ग्वासीकोटी, एसडीओ बिन्दर पाल,रेंजर भानु प्रकाश हर्बोला, रेंजर उमेश आर्या आदि मौजूद रहे।

# विधायक बेहड़ पर टिप्पणी से कांग्रेस में नाराजगी

**■ संदीप चीमा पर पार्टी विरोधी गति. विधियों के लगाए आरोप**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पिछले दिनों कांग्रेसी नेता संदीप चीमा द्वारा विधायक तिलक पर रात बेहद के खिलाफ टिप्पणी किए जाने पर कांग्रेस का एक गुट नाखुस ना हो गया उन्होंने आज काशीपुर बापपास रोड स्थित सिटी कलब में पत्रकार वार्ता की।

पत्रकार वार्ता के दौरान बरिष्ठ कांग्रेसी नेता नेता मोहन खेड़ा ने कहा कि एक पिछले दिनों कांग्रेसी नेता संदीप चीमा ने विधायक तिलक राज बेहड पर के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया था जो बेहद निंदनीय हैं। बाद उन्होंने कहा कि विधायक बेहड़ के ही सहयोग से संदीच चीमा दो बार पंचायत सदस्य और पंचायत के उपाध्यक्ष बने संभवत यह इस बात को भूल चुके

हैं। खेड़ा ने कहा इस बार कांग्रेस आला कमान ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार को पंचायत चुनाव लड़ने का मौका दिया जिसके तहत सुनीता सिंह को पंचायत सदस्य का चुनाव लढ़ाया गया जिससे संदीप चौथा नाराज हो गए और विधायक बेहड़ के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। खेड़ा ने कहा की चीमा पाटों विरोधी गतिनिधियों में शामिल रहे इस कारण उन्हें टिकट नहीं दिया गया और आला कमान ने अपने विवेक से टिकट वितरण का निर्णय लिया। जिसके तहत सुनीता सिंह को चुनाव चुनाव लड़ाया गया और उन्होंने जीत हासिल की।

खेड़ा का कहना था कि विधायक बेहड़ के नेतृत्व में पंचायत चुनाव लड़ा गया और कई सीटों पर जीत हासिल की गई। ऐसे में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के मंसूबे पर पानी फिर गया। उन्होंने आरोप लगाया की चीमा ने निगम के चुनाव में भी खेला किया था। ऐसे में टिकट न मिलने पर बिफर गए हैं। उन्होंने कहा समय आने पर पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया जाता है लेकिन पार्टी में रहकर वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ इस प्रकार की टिप्पणी अशोभनीय है। पत्रकार वार्ता के दौरान हरीश बावरा, गौरव खुराना, रणजीत राणा सौरभ बेहड़ सुशील मंडल आदि मौजूद थे।

# हर घर तिरंगा देश की अस्मिता का प्रतीक: चुघ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भारत भूषण चुघ आज बरा गांव पहुंचे। जहां उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान मे सहभागिता की। उन्होंने भारत माता, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य वक्ता भारत भूषण चुघ ने कहा कि हर घर तिरंगा देश की अस्मिता और स्वाभिमान का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस प्रत्येक देशवासी का अभिमान है। भारतीय जनता पार्टी ने पूरे जनपद में विधायकों से लेकर संगठन के पदाधिकारी को हर घर तिरंगा अभियान के तहत दायित्व सौंपे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव राष्ट्र के हित को लेकर समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य करती है, ऐसे में हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप दी गई है,और स्वतंत्रता दिवस को ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े सभी स्मारकों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और देश की वीर सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ ने कहा कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर मौन जुलूस निकाला जाएगा और विभाजन से प्रभावित लोगों से भेंट कर उनके संस्मरण को याद किया जाएगा।इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता रतनलाल गुप्ता, महामंत्री राम सिंह ,कोषाध्यक्ष इंद्रपाल गंगवार, उपाध्यक्ष बाज सिंह, गुरविंदर सिंह ,चंदन आर्य ,ललित प्रसाद, राजेश कुमार ,शिवकुमार ,राहुल देव कश्यप राजू कोली,प्रियांशु गंगवार समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा मतदान : डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ एवं कनिष्ठ उप प्रमुख पदों के निर्वाचन को लेकर रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डीएम ने कहा कि नामांकन, जांच, नाम वापसी और मतगणना की सभी प्रक्रियाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाएं। 11 अगस्त को सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक नामांकन होगा। उसके बाद 3.30 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 12 अगस्त है, जबकि मतदान 14 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक होगा।

मतगणना मतदान समाप्ति के तुरंत बाद शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदान एवं मतगणना की पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी और मतदाता की गोपनीयता सुनिश्चित की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी स्वयं मौके पर उपस्थित रहेंगे। मास्टर ट्रेनर नरेश चंद्र दुर्गापाल ने निर्वाचन प्रक्रिया की तकनीकी जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र में प्रत्याशी, प्रस्तावक और अनुमोदक तीनों के हस्ताक्षर अनिवार्य हैं, सभी निर्वाचित सदस्य होने चाहिए। आरक्षित पदों के लिए जाति प्रमाणपत्र अनिवार्य होगा। मतदान के लिए मतदाता को निर्वाचित सदस्य होने का प्रमाणपत्र व एक वैध पहचान पत्र साथ लाना आवश्यक होगा।

मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक समझाया गया। प्रशिक्षण में सीडीओ दिवेश शाशनी, एडीएम पंकज उपाध्याय, संयुक्त मजिस्ट्रेट आशिमा गोयल, विभिन्न उप जिलाधिकारी एवं सभी आरओ-एआरओ मौजूद रहे।

## भाई- बहन के स्नेहिल प्रेम का प्रतीक है रक्षाबंधन



**यू** तो इस संसार में जन्म लेने के बाद मनुष्य अनेक रिश्तों की डोर में बंधता है परन्तु भाई बहन के पवित्र रिश्ते की बात अनमोल है किसी रिश्ते से इसकी तुलना नहीं की जा सकती। यह अतुलनीय है। रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार श्रावण मास की पुर्णिमा को बड़ी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाता है इस दिन बहनें बाजार से सुंदर सी राखी खरीद कर अपने भाईयो को तिलक कर व आरती उतार भाईयों की कलाई पर रक्षा सुत्र से सजाती है व उनकी लम्बी उम्र की कामना करती है व अपनी रक्षा का वचन लेती है व भाईयों से उपहार स्वरूप कुछ न कुछ भेंट अवश्य पाती है यह त्यौहार समाज मे भाई-बहन के प्यार व संबधो को मजबूती व गति प्रदान करता है पौराणिक कथाओं के अनुसार एक बार भगवान श्रीकृष्ण की अंगुली में चोट लग गयी व रक्त बहने लगा यह देख द्रोपदी कृष्णा जो कृष्ण की प्रिय मित्रवत सखी थी उनसे तुरन्त अपने आंचल का पल्लू फाड़कर श्रीकृष्ण की अंगुली से कसकर बांध दिया श्रीकृष्ण को काफी राहत मिली मान्यताओं के अनुसार इसी दिन रक्षाबंधन बांधने की परम्परा शुरू हुई जब द्रोपदी का भरी सभा में चीर हरण होने लगा द्रौपदी सब तरफ से नाउम्मीद हो दोनो हाथ जोड़ ऊपर कर श्रीकृष्ण को पुकारने लगी तब श्रीकृष्ण ने जब द्रौपदी की आतुर पुकार को सुना तो तुरन्त द्रोपदी का चीर बढ़ाकर उसकी लाज रखी व द्रौपदी के बंधन की लाज रखी भारतीय फिल्मो गीतो व लोकगीतों में भी भाव-स्पर्शी इस त्यौहार के गीतों को बढ़-चढ़कर फिल्माया व गाया गया है जैसे--रंग बिरंगी राखी लेकर आई बहना राखी बंध वाले मेरे वीर ,--बहना ने भाई की कलाई में प्यार बांधा है प्यार के दो तार से संसार बांधा है---,के राखी बंधन है ऐसा,--हम बहनों के लिए मेरे भैया आता है एक दिन साल में जैसे गीत मर्म व हृदयस्पर्शी है जो फिजाओं में गुंजते है जो बहनों की कोमल हृदय की भावनाओं को दर्शाते व व्यक्त करते हैं भाई-बहनों को इस त्यौहार को प्रेम व श्रद्धा पूर्वक मनाना चाहिए तभी इसे इसे मनाने की सार्थकता है।

**प्रस्तुति--नरेश छाबड़ा, आवास -विकास, रुद्रपुर**

# स्वरोज़गार का माध्यम बनेगा पर्यटनः गर्बियाल

## उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार गंभीर: पर्यटन सचिव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सूबे के पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्बियाल ने कहा है कि प्रदेश सरकार देवभूमि उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन के माध्यम से बेरोजगारों के स्वरोजगार से जोड़ने की पहल की जा रही है। पर्यटन सचिव गर्बियाल ने धार्मिक आस्था के पवित्र कैंची धाम में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को लेकर कहा कि कैंची धाम में श्रद्धालुओं को लेकर सर्वे किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के साथ कैंची धाम आने वाले वाहनों तथा स्थानीय गेस्ट हाउसों और होम स्टे का सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पर्यटन स्थलों में विस्तार को लेकर कई योजनाएं बनाई जा रही है जिन्हें धरातल पर उतारने के लिए कवायद जारी हैं। मानसून की बारिश के बाद कई योजनाओं को मूर्त रूप दिया जाएगा। बता दें शुक्रवार को गर्बियाल कुमाऊं मंडल विकास निगम के निदेशक मंडल की बैठक में प्रतिभाग करने को पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब सूबे में जिलेवार पैराग्लाइडिंग सेंटर खोले जाएंगे जिसे लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम सितंबर-2025 से आयोजित किए जाएंगे। कहा कि प्रशिक्षण स्विट्जरलैंड की एसोसिएशन ऑफ पैराग्लाइडिंग पायलट एंड ट्रेनर (एपीपीआई) द्वारा दिया जाएगा। कहा कि प्रदेश की ऊंची चोटियों में पैराग्लाइडिंग के पर्याप्त अवसर हैं जिसे ध्यान में रखकर पैराग्लाइडिंग की योजना बनाई जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 दिन का होगा। पहले में उन्हीं 141 लोगों को शामिल किया गया है जो पैराग्लाइडिंग की जानकारी व अनुभव रखते हैं। पूर्व में पैराग्लाइडिंग पायलट को ट्रेनिंग के युवाओं को हिमाचल प्रदेश जाना पड़ता था लेकिन अब प्रदेश में ही यह सुविधा जुटाई जा रही है। प्रशिक्षण को उपरांत उत्तराखंड पर्यटन विकास विभाग की ओर से लाइसेंस जारी किए जाएंगे। उत्तीर्ण टेंडम पायलट दूर दराज के पर्वतीय ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षण दे सकेंगे और पैराग्लाइडिंग केंद्रों को स्थापित करने में सहयोग दे सकेंगे। मानसून सीजन के बाद सितंबर से इस योजना को मूर्तरूप दिया जा सकेगा।

## 2018 के बाद के कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल विकास निगम कार्यालय में शनिवार को पर्यटन सचिव धीरज सिंह गर्बियाल की मौजूदगी में निदेशक मंडल की बैठक हुई। इस दौरान 2018 के बाद के कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी का फैसला किया गया। इससे पूरे मंडल के संविदा कर्मचारियों को फायदा होगा। दूसरी ओर संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के पदाधिकारियों ने इसे ऐतिहासिक फैसला करार दिया है। नैनीताल पहुंचे पर्यटन सचिव से धीरज गर्बियाल और अपर सचिव कार्मिक ललित मोहन रयाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में मौजूद रहे। इस दौरान कर्मचारियों का लंबित डीए एरियर भुगतान तथा सातवें वेतनमान की एसीपी का लाभ, 2018 के बाद के कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी करने तथा कुमाऊं मंडल विकास निगम में पदों का पुनर्गठन करने व पिंडारी ट्रैकिंग मार्ग में होम स्टे संचालित करने समेत अन्य प्रस्तावों पर मोहर लगी। निदेशक मंडल की बैठक में कर्मचारियों की कई समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा हुई। इस दौरान प्रबंध निदेशक विनित तोमर, महाप्रबंधक विजय नाथ शुक्ल, नवीन बोरा तथा अनिल तड़ागी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सैनिकों की कलाई पर बांधी राखी

**नैनीताल।** अखिल भारतीय महिला परिषद की ओर से शुक्रवार को कैंट क्षेत्र में सैनिकों को राखी बांधी गई। इससे पूर्व परिषद के सदस्यों ने सैनिकों को तिलक लगाया। तत्पश्चात राखी बांध और मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा किया गया। परिषद की ओर से शांति मेहरा दर्जा के द्वारा सैनिकों के देश भक्ति की प्रशंसा की गई तथा देश के लिए कार्य करने वाले इन वीरों के दीर्घ जीवन की कामना की गई थी। परिषद की वरिष्ठ सदस्या डा. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि देश भक्ति से बढ़कर कोई भी कार्य नहीं हो सकता। परिषद की अध्यक्षा मुन्नी तिवारी ने कहा सैनिक हैं तो हम हैं तभी देश भी है। इस मौके पर रेखा त्रिवेदी, तारा बोरा, नंदिनी पंत, मीनू, बुधलाकोटी आदि मौजूद रही। इधर, नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की छात्राओं ने देश की सेवा के लिए तत्पर अपने घरों से दूर रहकर देश की रक्षा कर रहे वीर सैनिकों को नैनीताल में रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान उन्होंने वीर सैनिकों के दीर्घायु की कामना की।

## एक नजर

### सुबह और शाम को झमाझम बारिश

**नैनीताल।** सरोवर नगरी में शुक्रवार सुबह और शाम को झमाझम पानी बरसा। दिन के समय कुछ घंटे राहत भरा रहा। शाम की बारिश में लोगों की खूब फजीहत हुई। नगर में गत दिवस मौसम में सुधार आने के बादए उम्मीद जगी थी कि अब बारिश से राहत मिलेगी लेकिन शुक्रवार सुबह से ही बारिश का दौर शुरू हो गया जो रुक रुककर अपराह्न एक बजे तक जारी रहा। इसके बाद शाम चार बजते ही पुनः तेज बारी शुरू हो गई। वर्षा का वेग इतना तीव्र था कि लोग जहां के तहां ठिठकने को मजबूर हो गए। इस बीच नाले ऊफान पर आ गए और कई सड़कों में जलभराव हो गया। जिस कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तेज वर्षा का क्रम डेढ़ घंटे जारी रहा। इसके बाद हल्की बारिश देर शाम तक जारी थी। नैनी झील का जलस्तर 85.5 फीट पार कर गया है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 26 व न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रहा।

### बिड़ला रोड में बांज का पेड़ धराशाही

**नैनीताल।** नगर के बिड़ला रोड में बीती रात एक और बांज का पेड़ धराशाही हो गया। जिस कारण नगर के बड़े हिस्से की बिजली गुल हो गई। गनीमत रही कि घटना आधी रात में हुईए दिन में होती तो बड़ी घटना हो सकती थी। बता दें कि चार दिन पहले भी इस मार्ग पर एक विशालकाय बांज का वृक्ष गिर गया था। ये घटना भी रात के समय हुई। दिन के समय होती तो अप्रिय घटना को अंजाम दे जाती अलबत्ता विद्युत तारों को उखाड़ ले गई। जिस कारण उस रात भी 5 हजार अधिक आबादी वाले बड़े क्षेत्र की बिजली गुल हो गई थी और लोगों को रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी थी। इधर बीती उसी स्थान पर एक और बांज का पेड़ गुरुवार की रात को गिर गया जो विद्युत लाइनों को ध्वस्त कर जिस। जिस कारण बिड़ला चुंगी, स्टाफ हाउस तथा स्नोव्यू समेत मंगवाली व कई स्थानों की विद्युत व्यवस्था ठप हो गई। लोगों को रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी। पेड़ सडक् में गिरने से यातायात ठप हो गयाए जो सुबह पेड़ हटाए जाने के बाद खुल सका। शुक्रवार दिन में विद्युत व्यवस्था बहाल हो पाई। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में पेड़ों के गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं।

### निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ

**नैनीताल।** जिला पंचायत अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख, वरिष्ठ उप प्रमुख तथा कनिष्ठ उप प्रमुख पदों के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के क्रम में यह चुनाव पंचायत राज अधिनियम 1944 एवं पंचायत उपविधान नियमावली 2016 के अनुसार कराया जाएगा। निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता प्रभावी रहेगी और इसका पालन सभी अभ्यर्थियों व राजनीतिक दलों के लिए अनिवार्य होगा। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार सभी इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि व समय पर अपना नाम निर्देशन पत्र प्राप्त कर सकते हैं एवं जमा कर सकते हैं।

### नैनीताल क्लब में रोजगार मेला

**नैनीताल।** राज्य सरकार द्वारा संचालित हर हाथ रोजगार अभियान के तहत शनिवार को नैनीताल क्लब में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सरिता आर्या ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार एवं निजी क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान करना है। मेले में सुजुकी मोटर अहमदाबाद तथा टाटा मोटर सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियों एवं औद्योगिक संस्थानों ने भाग लिया। इस दौरान दर्जन भर से अधिक युवाओं का चयन भी किया गया। इन कंपनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों हेतु साक्षात्कार लिए गए और योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया गया। बड़ी संखया में युवाओं ने मेले में भागीदारी की जिनमें से अनेक को स्थल पर ही प्रारंभिक चयन पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष नितिन कार्की, निखिल बिष्ट, भारत मेहरा, कमल जोशी, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रियंका गाड़िया समेत गोविन्द सिंह बिष्ट, प्रकाश सनवाल तथा शंकर लाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### आपदा में मारे गए लोगों के लिए शोकसभा

**नैनीताल।** भवाली ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शुक्रवार को उत्तरकाशी दैवी आपदा में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला भवाली में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान ईश्वर से उनको अपने शरण में लेने की प्रार्थना की गई। सभा में घायल लोगो को राहत एवं जल्दी स्वस्थ होने की कामना की गयी। इस दौरान खष्टी बिष्ट, मिथिलेश बेलवाल, हीरा बहन, सुनीता बिष्ट, पूनम नारंग, मतपाल बहन, चौहान बहन, माया पंत ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### निधन पर शोक जताया

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सभागार में पीके चौहान (अधिवक्ता) सदस्य हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल के पूज्य पिताजी एवं वन्दना सिंह (अधिवक्ता) के पूज्य पिताजी के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा की गयी, जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी। शोकसभा में दुर्गा सिंह मेहताअध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, वीरेन्द्र सिंह रावत महासचिव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन समेत भुवनेश जोशी, शिवानन्द भट्ट, निरंजन भट्ट, आरएस सममल, अतुल भट्ट, सौरव अधिकारी, शैलेन्द्र नौरियाल, निवेश बहुगुणा, ऋतुपर्णा जोशी, भूपेन्द्र सिंह कोरंगा आदि कई अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर जिले में होंगे कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) शैलेन्द्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कार्यालय सभागार नैनीताल में आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को मनाए जाने हेतु कार्यक्रम निर्धारित किए गए। बैठक में स्वतंत्रता दिवस को मनाए जाने हेतु उपस्थित अधिक. ारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से सुझाव लिए गए। बैठक में अवगत कराया कि स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को जिले के समस्त सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, सस्थानों आदि में सुबह 9 बजे और जिला. धिकारी कार्यालय में 9.30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। उसके पश्चात जिलाधिकारी परिसर में देश के वीर शहीदों के परिजनों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के आश्रितों को व सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्वाहन से जिले के सभी विकास खण्ड कार्यालयों, विद्यालयों आदि में वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। इस अवसर पर 14 और 15 अगस्त को सभी सरकारी भवनों में कम वोल्टेज के विद्युत माला लगाने के साथ ही सार्वजनिक स्थानों में लाउड स्पीकर से देश भक्ति गीतों के माध्यम से आजादी के वीरों को नमन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिले के सभी विद्यालयों में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा प्रातः 6.30 बजे से अपने विद्यालय से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा एंबुलेंस लगाई जाएगी साथ ही पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियंत्रित किया जाएगा। सरकारी अस्पतालों व वृद्धा आश्रमों आदि में जलपान व फल वितरण किया जाएगा साथ ही आजादी में अपना अहम योगदान देने वाले सेनानी के परिवारों के घर जाकर सममानित किया जाएगा। इस अवसर पर दो दिन पहले से नगर निगम, नगर पालिका व पंचायत और ग्राम स्तर पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस हेतु बैठक में अधिका. रियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नैनीताल नगर में होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि 15 अगस्त को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन तल्लीताल से दर्शन घर तक किया जाएगा। जबकि 15 अगस्त सुबह 6.30 बजे से मल्लीताल से तल्लीताल रैली का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद 60 साल से अधिक उम्र के लोगों द्वारा ताल परिक्रमा करते हुए आजादी के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया जाएगा। बैठक में उप जिलाधिकारी नवाजिस खलिक, जिला शिक्षा अधिकारी पी. एल. टमटा, ईओ नगर पालिका द्वितीय नैनीताल विनोद सिंह जीना समेत अन्य विभागीय अधिकारी व स्थानीय लोग आदि मौजूद रहे।

# सरकार व चुनाव आयोग जवाब दाखिल करे

## उत्तराखण्ड हाईकोर्ट में जिला पंचायतों में आरक्षण पर सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

नैनीताल। हाईकोर्ट ने प्रदेश भर के जिला पंचायतों में राज्य सरकार की ओर से बिना आरक्षण की नियमावली का अनुपालन करते हुए आरक्षण तय करने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार व राज्य चुनाव आयोग को जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश जी नरेन्दर एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार मामले के अनुसार जिला पंचायत देहरादून के अध्यक्ष के संभावित उम्मीदवार अभिषेक सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि प्रदेश भर के जिला पंचायतों में राज्य सरकार की ओर से बिना आरक्षण की नियमावली का अनुपालन किए हुए आरक्षण तय किया गया है जो गलत है। याचिकाकर्ता की ओर से इस पर रोक लगाए जाने की प्रार्थना की थी। सुनवाई के दौरान राज्य चुनाव आयोग ने कहा कि जिला पंचायतों के अध्यक्ष के पद का आरक्षण तय हो चुका है। 11 अगस्त को इनका नामांकन होना है और 14 अगस्त को मतदान व उसका परिणाम घोषित होने है। जिस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई हेतु 11 अगस्त की तिथि नियत करते राज्य सरकार व आयोग से याचिका में लगाये गए आरोपों पर अपना जवाब पेश करने को कहा है।

### सचिवालय में नियुक्ति के मामले पर सुनवाई 1 सितंबर को

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने विधानसभा सचिवालय में हुई अवैध नियुक्तियों के खिलाफ दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक महरा खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु 1 सितंबर की तिथि नियत की है तब तक कोर्ट ने याचिका में बनाएं गए सभी पक्षकारों से अपने उत्तर देने को कहा है। अब मामले की अगली सुनवाई 1 सितंबर को होगी। बता दें शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकर्ता की तरफ से कहा कि पूर्व के कई आदेश होने के बाद भी मामले की जांच नही हो पाई। इसी मामले से जुड़े कई याचिकाएं उच्च न्यायालय में सुनवाई हेतु विच. ाराधीन हैं इसलिए मामले की शीघ्र सुनवाई की जाए। जिसपर कोर्ट ने अगली सुनावई हेतु 1 सितंबर 2025 की तिथि नियत कर दी है।

### पार्किंग निर्माण पर अगले आदेश तक रोक

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले के भीमताल स्थित लीलावती पंत इंटर कॉलेज के खेल मैदान में जिला प्रशासन की ओर से बनाई जा रही पार्किंग के निर्माण पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंदर एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई की अगली तिथि एक सितंबर तय की गई है। बता दें कि भीमताल निवासी महेंद्र सिंह सूर्या ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि लीलावती पंत इंटर कॉलेज के खेल मैदान में प्रशासन पार्किंग निर्माण कर रहा है जिससे विद्यालय में संचालित विभिन्न खेल गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। याचिकाकर्ता के अनुसार कॉलेज ने राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में भागीदारी और कामयाबियां हासिल की हैं जो इस मैदान के उपयोग से ही संभव हो सकी हैं यदि मैदान को पार्किंग में परिवर्तित कर दिया गयाए तो भविष्य में विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा निखरने के अवसर समाप्त हो जाएंगे। याचिका में यह भी आरोप है कि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों की ओर से विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों पर खेल मैदान को पार्किंग के लिए देने के लिए अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

### स्लाटर हाउस के मामले पर सुनवाई 18 को

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने मुर्गा, मछली तथा बकरे के मीट को स्लाटर हाउस में ही काटे जाने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद इस प्रकार की एक अन्य याचिका के साथ सलंग्न करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 अगस्त सोमवार की तिथि नियत की है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्दर एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार देहरादून निवासी मोनिका मोसेस ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि दून घाटी में अनधिकृत पशु वध पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू किया जाए। याचिकाकर्ता ने उचित पशु चिकित्सा प्रमाण पत्र के साथ ही पशुओं का परिवहन सुनिश्चित करने, सभी अवैध वध की दुकानों को बंद करना, आधुनिक स्वच्छ वधशालाओं की स्थापना करने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि पशु क्रूररता निवारण अधिनियम 1960 के प्रावधानों और वध के संबंध में इसके तहत बनाए गए नियमों का अनुपालन कराने के निर्देश सरकार को दिए जाएं। उत्तराखंड राज्य में पशुओं के परिवहन की सीमा और साथ ही न्यायालय के आदेशों का अनुपालन भी सुनिश्चित होना चाहिए।

# एनसीसी कैडेटों ने सीखी राइफल फायरिंग

**नैनीताल।** 5 यूके नेवल एनसीसी यूनिट नैनीताल द्वारा संचालित सेलिंग अभियान (मेनू कैंप) का पंचम दिवस भी जोश और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। कैडेट्स ने शुक्रवार को 28 किलोमीटर की नौकायन यात्रा पूरी की। इसके साथ ही अब तक कुल 151 किलोमीटर की सेलिंग पूरी हो चुकी हैए जो उनकी शारीरिक क्षमता, समर्पण और टीम भावना का परिचायक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कैडेट्स ने सेलिंग, परेड, 00.22 एमएम राइफल फायरिंग तथा छोटी आग्नेयास्त्रों के संच. ालन से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया। कैप्टन मृदुल शाह (कमान अधिकारी) ने कैडेट्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा किए इस प्रकार का समग्र प्रशिक्षण एक बेहतर सैनिक और नागरिक के निर्माण में सहायक होता है। शिविर के संचालन में एग्जीयूटिव ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर अनिल मनहास, चीफ पेट्टी ऑफिसर विक्रांत सिंह, पेट्टी ऑफिसर रवि कुमार, लीडिंग कम्युनिकेशन सतीश शर्मा और पेट्टी ऑफिसर सनी कुमार आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

# आयुर्वेदिक राखियों का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पर्यावरण संरक्षण के बढ़ावा देने हेतु कार्यालय जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी नैनीताल की ओर से जिले के विकास भवन सभागार में शुक्रवार को इको फेंडली बीज राखियां वितरण का आयोजन किया गया। इस विशेष मौके पर सीडीओ अनामिका सिंह ने आयुर्वेदिक बीज युक्त राखियों का अनावरण करते हुए स्कूली बच्चों को राखियां वितरित की, और सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं भी दी।




सीडीओ अनामिका सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहनों के अटूट प्रेम का प्रतीक है। रक्षाबंधन पर बहने अपने भाइयों की कलाई पर इन सुंदर इको फ्रैंडली आयुर्वेदिक बीज युक्त राखियां को बांधे। कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेदिक बीज युक्त राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी नैनीताल डा. एमएस गुंजियाल ने कहा कि आयुर्वेदिक बीज युक्त राखी ऐसी रखी है जिसमें प्राकृतिक बीज संलग्न किए गए हैं। रक्षाबंधन के बाद इस राखी के कागज को मिट्टी में दबाया जा सकता है जिससे कुछ ही समय में एक नया हर्बल पौधा अंकुरित होगा। हम इस पहल का उद्देश्य बच्चों, युवाओं और समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और वृक्षारोपण को प्रोत्साहन करना है। कार्यक्रम में अपर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. बबीता कन्याल समेत डा. लक्ष्मण सिंह राणा, डा. शशि राणा, डीपी एम कमलेश भट्ट, चीफ फार्मासिस्ट विनय दरमोडा, खजान सिंह, हरिकेश एवं लेकस इंटरनेशनल स्कूल भीमताल की अध्यापिका कंचन जोशी आदि उपस्थित थी। संचालन नोडल अधिकारी डा. प्रदीप सिंह मेहरा ने किया।

## सीज़ वाहनों को नीलाम करेगी पुलिस

**नैनीताल।** एसपी अपराध व यातायात डा. जगदीश चन्द्र ने तल्लीताल थानाध्यक्ष को लंबित मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहीं थाने में खड़े सीज वाहनों का जल्द से जल्द निस्तारण कर नीलामी प्रक्रिया पर कार्य करने की बात कही। एसपी डा. जगदीश चंद्र तल्लीताल थाने में ओआर के दौरान थाने की व्यवस्थाएं जांची। साथ ही बीते समय में दर्ज किये गए मामलों के साथ ही अन्य वादों के निस्तारण संबंधित दस्तावेजों की सघनता से जांच की। जिसके बाद उन्होंने साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने की बात कही। महिलाओं की शिकायतों का प्रमुखता से निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। एसपी ने मुख्य रूप लंबे समय से लंबित मामलों को निस्तारित करने और सीज वाहनों को नीलामी की कार्रवाई करने की बात कही।

# सादी वर्दी में भी तैनात होगा पुलिस बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** श्री राम सेवक सभा भवन में शुक्रवार को एसडीएम नवाजिश खलिक ने अधिकारियों के साथ श्री मां नंदा देवी महोत्सव की तैयारियों की कार्यो की प्रगति पर आवश्यक बैठक की। बैठक में एसडीएम नवा. जिश खलिक ने कहा कि सभी विभाग आपस में कॉर्डिनेट करें तथा व्यवस्था को समुचित बनाया जाए। मां नयना देवी मंदिर परिसर के साथ श्री राम सेवक सभा को विद्युत माला से सजाया जाएगा। सुरक्षा में सादी वर्दी में पुलिस दल तथा सीसीटीवी से निगरानी होगी तथा सभी स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त किया जाएगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि महोत्सव प्लास्टिक मुक्त होगा तथा होटल एसोसिएशन नैनीताल कूड़ा निस्तारण हेतु बैग



श्री मां नंदा देवी महोत्सव को लेकर बैठक

मुहैया कराएंगे। बाहर की दुपहिया वाहन पर पाबंदी होगी। महोत्सव के प्रसारण हेतु 4 स्क्रीन लगेगी। छोलिया दल सहित पर्यटन की सांस्कृतिक टीम भी बुलाई जाएगी। महोत्सव के कार्यो के टेंडर जारी किए जा चुके हैं। डोला नगर भ्रमण में अंत में कूड़ा गाड़ी तथा सफाई दल चलेगा। एसडीएम ने कहा कि सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे। मेला परिसर में बजरी बिछाई जा रही है। मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था समुचित रहेगी तथा मेला परिसर एवं डोला भ्रमण की सुरक्षा ड्रोन से भी की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा संचालन महासचिव जगद. ीश चंद्र बवाड़ी तथा मीडिया प्रभारी प्रो. ललित तिवारी ने किया। इससे पूर्व सभा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी ने सभी का स्वागत किया। बैठक में नगर पालिका विभिन्न महकमों के अफसर मौजूद रहे। बैठक में विनोद जीना, दलीप बिष्ट, प्रियंक पांडे, संजय कनवाल, महेंद्र कनवाल, मोहम्मद गफ्फार, दिनेश जोशी, पुलिस विभाग से रमेश बोरा व दीपक बिष्ट सहित गिरीश जोशी, विमल चौधरी, पद्मश्री अनूप साह समेत भीम सिंह कार्की, हरीश राणा, मोहित लाल साह, देवेंद्र लाल साह, कमलेश ढौंडियाल, राज. ेंद्र लाल साह, प्रदीप जेठी, आनंद बिष्ट, ललित साह, दीपक साह तथा गिरीश भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# रक्षाबंधनः रोडवेज़ बसों में भारी भीड़



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रक्षाबंधन पर्व से पूर्व हल्द्वानी बस अड्डे में शुक्रवार को यात्रियों का हुजूम उमड़ पड़ा। बस में सीट के लिए मारामारी की स्थिति रही। टनकपुर, नैनीताल, भीमताल, बरेली आदि शहरों के लिए यात्रियों की सबसे ज्यादा भीड़ थी। लोगों को बस में सीट पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए निगम प्रशासन को अतिरिक्त बसें लगानी पड़ी, लेकिन इसके बाद भी कई लोगों को अपने गंतव्य स्थान तक जाने के लिए बस नहीं मिली। शनिवार को जिलेभर में भाई-बहन के प्रेमम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाएगा। रक्षाबंधन पर घर जाने के लिए बड़ी संख्या में लोग बस अड्डे में पहुंच रहे है। शुक्रवार को हल्द्वानी बस अड्डे यात्रियों से भरा रहा। यात्रियों की भारी भीड़ के चलते निगम प्रशासन को विभिन्न मार्गों में अतिरिक्त बसों का लगाना पड़ा। आलम यह था कि जैसे ही बस पहुंचती, सीट पाने के लिए यात्री उमड़ पड़ते। कई रूटों पर कुछ बसें लगाई और फेरे बढ़ाए गए। सबसे ज्यादा दिक्कत नैनीताल, टनकपुर, नैनीताल, बरेली, काशीपुर की बसों की रही। बस स्टेशन पर लोकल यात्रा करने वालो की संख्या से परिवहन निगम की बसों की संख्या कम पड़ गई, जिससे यात्रियों को स्टेशन पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हल्द्वानी डिपो के सहायक महाप्रबंधक संजय पांडे बस स्टेशन पर ही मौजूद रहे। उन्होंने भारी भीड़ होने पर टनकपुर के लिए दो बसों का इंतजाम कर यात्रियों को रवाना किया। इधर, कई ऑनलाइन बसों के पैक होने पर दिल्ली से हल्द्वानी सहित अन्य जगह से जाने वाली बसे भी पैक आ रही है, जिससे निगम की झोली में भी अच्छी आय की उम्मीद जताई जा रही है।

## कैडेट्स के व्यक्तिगत विकास पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबी राजकीय महाविद्यालय में 24 यूके गर्ल्स एनसीसी के अंतर्गत तीन दिवसीय काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस काउंसलिंग का मुख्य उद्देश्य गर्ल्स कैडेट्स के मानसिक, शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास से संबंधित जानकारी प्रदान करना था। एनसीसी काउंसलिंग में 24 यूके गर्ल्स की एएनओ, लेफ्टिनेंट डा. ज्योति टम्टा ने एनसीसी में शामिल होने के लाभों और



इसके द्वारा प्रदान किए जाने वाले विभिन्न अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनसीसी में तीन स्तर के प्रमाण पत्र ए, बी और सी दिये जाते हैं। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को एनसीसी बी और सी प्रमाण पत्र के लिए प्रवेश दिया जाता है। लेफ्टिनेंट डा. ज्योति टम्टा ने यह भी बताया कि एनसीसी सी प्रमाण पत्र धारकों को भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना में चयन के लिए सीधे एसएसबी इंटरव्यू का अवसर मिलता है। एनसीसी वेलफेयर सोसाइटी हर साल उत्कृष्ट कार्य करने वाले कैडेट्स को छात्रवृत्ति प्रदान करती है। इस काउंसलिंग सत्र में कुल 110 गर्ल्स कैडेट्स ने भाग लिया और सभी ने उत्साहपूर्वक सत्र में अपनी सहभागिता दी। कई कैडेट्स ने अपने कैरियर और व्यक्तिगत जीवन से जुड़े सवाल पूछे। अधिकतर कैडेट्स ने इस काउंसलिंग सत्र को प्रेरणादायक, ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया।

# पेंशनरों के लिए नोशनल इंक्रीमेंट के लाभ की मांग, मुख्य सचिव को पत्र भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड सेवानिवृत्त कार्मिक समन्वय समिति ने 30 जून और 31 दिसम्बर 2005 को सेवा. निवृत्त हुए पेंशनरों को केन्द्र सरकार की तर्ज पर पेंशन की गणना में नोशनल इंक्रीमेंट का लाभ जनवरी 2006 से देने की मांग को लेकर प्रयास तेज कर दिए हैं। समिति के मुख्य संयोजक सुमन सिंह वाल्दिया ने मुख्य सचिव को पत्र भेजकर इस मुद्दे पर वार्ता के लिए समय देने का अनुरोध किया है, ताकि मुद्दे का सौहार्दपूर्ण समाधान निकाला जा सके और आन्दोलन की स्थिति से बचा जा सके। वाल्दिया ने पत्र में 10 जुलाई को मुख्य सचिव को दिए गए ज्ञापन का हवाला देते हुए कहा कि पेंशन की गणना में नोशनल इंक्रीमेंट का लाभ जनवरी 2006 से दिए जाने की मांग अब तक पूरी नहीं की गई है, जिससे राज्य के



पेंशनरों में भारी नाराजगी है। उन्होंने इस विषय पर निर्णय में हो रही देरी को लेकर चिंता जताई और बताया कि यह मामला हल न होने पर राज्य के पेंशनरों में निराशा फैल रही है। समिति के मुख्य संयोजक ने उल्लेख किया कि पृथक उत्तराखण्ड राज्य प्राप्ति के आन्दोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पाण्डे ने लम्बित मांग पर जल्दी निर्णय लेने की आवश्यकता जताते हुए 20 अगस्त से हल्द्वानी स्थित बुद्ध पार्क में 48 घण्टे का मौन उपवास रखने का नोटिस दिया है। पाण्डे ने मांग की है कि केन्द्र की पैरिटी के आधार पर पेंशन की गणना में नोशनल इंक्रीमेंट का लाभ जनवरी 2006 से दिया जाए, और यदि ऐसा नहीं होता तो इसकी वजह बताई जाए। वाल्दिया ने इस आन्दोलन के नोटिस पर अपनी पूरी सहमति व्यक्त की और कहा कि समिति आन्दोलन की स्थिति से बचने के लिए सौहार्दपूर्ण तरीके से समाधान चाहती है। मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में उन्होंने यह भी बताया कि उत्तराखण्ड के सेवानिवृत्त कार्मिकों को अप्रैल 2023 से नोशनल इंक्रीमेंट का लाभ दिया जा रहा है, जबकि भारत सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को यह लाभ 1 जनवरी 2006 से देने का आदेश 26 मई 2025 को जारी किया है।

# मध्यप्रदेश के 18 श्रद्धालु का रेस्क्यू किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** पांच अगस्त को धराली में हुये जल प्रलय के कुछ घंटों बाद हर्षिल और सुक्की में भी बादल फटने से तबाही मचाई है। शुक्रवार को सुक्की टॉप से रेस्क्यू कर चिंनकू में लाए गए 18 सदस्यों के दल में मध्य प्रदेश के 75 वर्षीय हरिओम ने बताया कि वे मध्य प्रदेश से 28 जुलाई को कावड़ लेने के लिए गंगोत्री के लिए निकले थे । आगामी 25 अगस्त को मध्य प्रदेश के बाबू महाराज मंदिर में उन्हें जल अभिषेक करना था , लेकिन 5 अगस्त को धराली हर्षिल में आई आपदा के कारण उन्हें गंगोत्री नहीं पहुंच सके । अब वापस घर लौट रहे हैं उन्हें इस बात का बिल्कुल भी दु:ख नहीं है कि वह गंगा जल नहीं भर पाए इस बात की उन्हें खुशी है कि भगवान भोले की कृपा से 18 शिव भक्तों का जीवन बच गया है।



धराली –हर्षिल की आपदा में मध्य प्रदेश के मुरैना जनपद से आए 18 लोग सुक्की टॉप में रुके थे उन्हें गंगोत्री जाकर गंगाजल लाना था लेकिन 5 अगस्त को धराली हरसिल में आई आपदा के बाद इन्हें वही रोक दिया गया। शुक्रवार सुबह इन 18 शिवभक्तों को रेस्क्यू कर चिनुक से चिन्यालीसौड़ एयरपोर्ट लाया गया। उन्होंने संवाददाता को आपबीती सुनाई कि 28 जुलाई को मध्य प्रदेश से चले थे तो बहुत खुश थे की मां गंगा के दर्शन करके गंगा. जल भर के मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध बाबू महाराज पर जल चढ़ाएंगे उन्होंने बताया कि मान्यता है कि बाबू महाराज सफेद दाग जैसी बीमा. रियों को जड़ से समाप्त कर देते हैं, और इसलिए यहां दूर–दूर से रोगी और उनके परिवारजन जल चढ़ाने आते हैं। उन्होंने बताया कि सुक्की टॉप पर 5 अगस्त से ही टावर नहीं थे घर के लोगों ने टीवी पर जब धराली हासिल में आई आपदा के बारे में देखा तो वह परेशान हो गए और लगातार फोन करते रहे । चिन्यालीसौड़ पहुंचने पर जब हमने घर फोन किया तो पता चला कि सभी 18 परिवार के लोग एक साथ एक ही आंगन में बैठकर दु:खी मन से लगातार अपने–अपने तरीके से अपने अपनी से संपर्क साधने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन टावर ना होने से बात नहीं हो पा रही थी। हमारे फोन करने पर अब वह खुश हैं और कह रहे हैं कि बाबू महाराज की कृपा से बच गए हो हरिद्वार से पानी भरकर सीधे घर चले आओ।

## सीएम घोषणा में रुद्रप्रयाग की तीन योजनाओं का शासनादेश जारी

**रुद्रप्रयाग।** स्थानीय विधायक भरत सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री घोषणा में सम्मिलित तीन योजनाओं का शासनादेश जारी होने पर सीएम पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इन योजनाओं की वित्तीय एवं प्रशास. निक स्वीकृति का शासनादेश जारी हो चुका है, जिसमें विकासखंड जखोली में जैली–तैला–महरगांव मोटर मार्ग के अवशेष मोटर मार्ग के डामरीकारण की स्वीकृति, विकासखंड अगस्त्यमुनी के बच्छणस्यूं क्षेत्र में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति एवं विकासखंड जखोली के पूर्वी बांगर क्षेत्र में पशु चिकित्सा सेवा केंद्र निर्माण की स्वीकृति मिली है। इस अवसर पर विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि जल्द ही सभी स्वीकृत योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ होंगे।

# चमोली में 15 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

■ अपर जिलाधिकारी ने की कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की

शाह टाइम्स संवाददाता

**चमोली।** अपर जिलाधिकारी, विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में शुक्रवार को 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के तहत समयबद्ध कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

इस बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों को समय के अनुसार तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिये गये जिनमें लाउडस्पीकर के माध्यम से जनपद के विभिन्न स्थानों पर 14 एवं 15 अगस्त को देशभक्ति गीत बजाने व मुख्य स्थानों पर प्रभात फेरी का आयोजन करने, शहीद पार्क में शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण करने , वृक्षारोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम करने के निर्देश दिये गये हैं, साथ ही उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एवं 14 अगस्त की सुबह क्रॉस कंट्री का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सभी सरकारी कार्यालयों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने सभी विभागाध्यक्षो को कार्यक्रम के आयोजन को लेकर व्यवस्थाएं चाक–चौबंध करने के निर्देश दिए अपर जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत जनपद में तीन चरणों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत जनपद के विभिन्न स्थानों पर तिरंगा रैली, प्रदर्शनी, देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहें है।

बैठक में परियोजना निदेशक आनन्द सिंह, जिला विकास अधिकारी केके पंत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अभिषेक गुप्ता, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्मसिंह रावत, पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार सैनी, जिला पूर्ति अधिकारी अंकित पाण्डेय समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# साइबर ठगी के मामलों में त्वरित कार्यवाही करें: एसपी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** पुलिस विभाग की मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी में एसपी ने साइबर ठगी से संबंधित प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए।

पुलिस कार्यालय कक्ष में आयोजित गोष्ठी में एसपी अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने लम्बे समय से लम्बित चल रही विवेचनाओं का तत्काल गुण–दोष के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। नए कानूनी प्रावधानों के अनुरूप विवेचनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल अपराधों पर संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने, गुमशुदगी के प्रकरणों में गुमशुदाओं की ढूंढ–खोज करने, किसी भी अपराध में गिरफ्तार होने वाले अभियुक्त के फिंगर प्रिन्ट नैफिस सिस्टम पर अनिवार्य रूप से लेने, डायल 112 पर प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर त्वरित रिस्पान्स किए जाने, थाना स्तर पर लम्बित शिकायती प्रार्थना पत्रों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल को प्रति दिवस लॉगिन कर शिकायतों को गुणवत्ताप. रक निस्तारण किए जाने, उत्तराखण्ड पुलिस एप पर प्राप्त होने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं थानों में रखे लम्बित मालों की सूची तैयार कर समय से निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने सहित अन्य निर्देश दिए।

## अलकनंदा नदी की झील में मिला अज्ञात महिला का शव

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर क्षेत्रांतर्गत चौरास में अलकनंदा नदी पर बनी जल विद्युत परियोजना की झील में अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कीर्तिनगर देवराज शर्मा ने बताया कि मृतक की आयु लगभग 25 से 30 वर्ष प्रतीत हो रही है। महिला के दाहिने कान में पीतल का गोल कुंडल है, चेहरा गोल है और बाएं कंधे पर दो तिल हैं। शव लगभग 10 से 15 दिन पुराना बताया जा रहा है। शव की शिनाख्त के लिए आसपास की चौकियों और थानों को सूचना भेजी गई है।

# विभागीय लापरवाही से जानलेवा बना कालीमठ मार्ग

## स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी, सवालों के घेरे में विभागीय कार्यप्रणाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** लगातार हो रही बारिश के चलते गुप्तकाशी–चौमासी मोटरमार्ग की स्थिति बदतर होती जा रही है। मार्ग पर मलबा और बोल्डर गिरने से कई बार मार्ग आंशिक रूप से बाधित होता है। हालांकि विभागीय तत्परता के चलते मार्ग को शीघ्र यातायात के लिए बहाल किया जा रहा है।

कुछ ही माह पूर्व विभाग ने गुप्तकाशी–कालीमठ मोटरमार्ग पर पैच का कार्य किया था। लगभग 10 लाख रुपए की धनराशि को कुछ गड्ढों को भरने में इतिश्री की गई। संबंधित विभाग द्वारा उक्त मार्ग पर कई स्थानों पर जल निकास नाली का निर्माण ना किये जाने से गंदा पानी मोटर मार्ग पर फैलकर जानलेवा बन रहा है। साथ ही अप्रैल माह में डामर लगते ही उखड़ना शुरू हो गया था। इस दौरान कई बार स्थानीय लोगों ने विभाग को अवगत कराया कि मानकों के अनुसार कार्य न होने से डामर लगते ही उखड़ने लगा है, लेकिन बावजूद इसके विभागीय अभियंताओं के कान में जूं तक नहीं रेंगा। सामाजिक कार्यकर्ता विपिन कुमार ने कहा कि कालीमठ तिराहे पर डामर लगते ही कुछ दिन बाद उखड़ चुका था। उन्होंने बताया कि स्वयं फोटो और वीडियो बनाकर अधिशासी अभियंता लोनिवि को प्रेषित की थी। साथ ही निर्माण स्थल से ही दूरभाष से उन्हें अवगत कराया था और अधिशासी अभियंता ने कनिष्ठ अभियंता को उक्त क्षतिग्रस्त स्थान पर शीघ्र दुबारा डामर बिछाने की बात कही थी। लेकिन उसके बाद भी कनिष्ठ अभियंता ने उक्त स्थान पर दुबारा डामर नहीं बिछाया। एक सप्ताह बाद विपिन कुमार ने अधिशासी अभियंता आरपी नैथानी को डामर दोबारा ना बिछाए जाने की शिकायत की, लेकिन अधिशासी अभियंता ने उन्हें यह कहकर बरगलाया कि कुछ ही दिन में निर्माण कार्य किया जाएगा। कहा कि विभागीय अभियंता और ठेकेदार की मिलीभगत से लाखों रुपए धनराशि बर्बाद की गई है, जबकि स्थिति जस की तस बनी है।

## एक नजर .......

### रंगोली प्रतियोगिता में एनएसएस ने पाया प्रथम स्थान

**चमोली।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से पूरे देश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है इसके तहत शुक्रवार को गोपेश्वर महाविद्यालय में आन तिरंगा शान तिरंगा विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एनएसएस ने प्रथम, एनसीसी ने द्वितीय, रोवर्स रेंजर्स ने तृतीय एवं नमामि गंगे के संतसेवकों ने चौथा स्थान प्राप्त किया। रंगोली का अवलोकन करते हुए प्राचार्य प्रो. एमपी नगवाल ने कहा कि तिरंगा सिर्फ हमारे देश का झंडा नहीं है बल्कि यह हर भारतीय के अंदर राष्ट्र प्रेम एवं देश सेवा की भावना को जागृत करने का संविधानिक आधार है। उन्होंने आगे कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता एवं तिरंगा रैली का भी आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर डॉ. ललित तिवारी, डॉ. जगमोहन नेगी, डॉ. डीएस नेगी, डॉ सबज कुमार, डॉ, भावना मेहरा, डॉ प्रेमलता, डॉ विधि ध्यानी, डॉ प्रीति चौहान, डॉ कुलदीप नेगी आदि उपस्थित रहे।

### 19 अगस्त को बावई में आयोजित होगा बहुउद्देशीय शिविर

**रुद्रप्रयाग।** आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में आगामी 19 अगस्त को बावई गांव में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं आदि की जानकारी एवं लाभ देने के साथ ही स्थानीय लोगों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि आम जनमानस की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण हो सके, इसके लिए जनपद के दूरस्थ ग्राम बावई में बहुउद्देशीय शिविर/तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा उनसे संबंधित योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समयानुसार सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आम जनमानस से उक्त आयोजित होने वाले शिविर में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करते हुए उनकी समस्याओं का निस्तारण कर लाभान्वित होने की अपील की है।

### बलूनी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने फौजी भाईयों को बांधी राखी

**कोटद्वार ।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बलूनी पब्लिक स्कूल, तल्ला मोटाढाक की छात्राओं ने असम राइफल्स रेजीमेंट सेंटर, कौड़िया कैंप में तैनात फौजी भाइयों को राखी बांधी। विद्यालय की छात्राएं एवं अध्यापिकाएं सैनिकों के सम्मान में उन्हें राखी बांधने रेजीमेंट सेंटर पहुँचीं, जहाँ उन्होंने अपने हाथों से राखियां बांधकर सैनिकों को मिठाई खिलाई और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की कामना की। इस अवसर पर छात्राओं ने देशभक्ति गीत और आत्मीय शब्दों के माध्यम से सैनिकों के प्रति अपना प्रेम व आभार प्रकट किया। वहीं सैनिकों ने भी छात्राओं को उपहार देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय की निदेशिका अभिलाषा भारद्वाज सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**कोटद्वार ।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में अगस्त क्रांति व अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की 83वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष के कारण ही हम आज खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि आज के ही दिन पर 1942 में बंबई में कांग्रेस की बैठक में अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन को मंजूरी दी गई। साथ ही अगले दिन 9 अगस्त को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरे देश में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आह्वान किया गया था। राष्ट्रपिता के राष्ट्रीय ध्वज को अमलीजामा पहनाने के उद्देश्य से तत्कालीन बंबई कांग्रेस सचिव अरूणा आसफ अली ने ग्वालिया टैंक मैदान बंबई में राष्ट्रीय ध्वज फहरा दिया जिससे स्वतंत्रता संग्राम में नई स्फूर्ति आ गई। कहा कि देश को स्वतंत्र कराने वाले सेनानियों की शौर्य गाथा को हमेशा याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर बलबीर सिंह रावत, रंजना रावत, रमेश खंतवाल, प्रेम सिंह, गोकुल सिंह नेगी, गोपाल गुसाई, महावीर सिंह नेगी और मनोज बिष्ट सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गबर सिंह कैंप में तैनात सैनिकों को बांधी राखी

**कोटद्वार ।** श्री बालाजी श्रम एवं निर्माण संविदा स्वायत सहकारिता समूह की ओर से शुक्रवार को कोटद्वार स्थित गबर सिंह कैंप और पटेल मार्ग स्थित एमटी कैंप में तैनात सैनिकों को राखी बांधी गई। इस अवसर पर समूह अध्यक्ष सुनीता कोटनाला ने कहा कि समूह के सदस्यों के सहयोग से देश के रक्षक सैनिकों के लिए राखियां तैयार की गई हैं। कहा कि सेना के जांबाज सैनिक हर परिस्थिति में देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। सैनिकों के इस त्याग के कारण ही देशवासी सुरक्षित हैं। इसलिए बहनों का कर्तव्य भी बनता है कि वे अपने सैनिक भाइयों की लंबी उम्र की कामना करें। इस अवसर पर कोटद्वार कैंप के सूबेदार शैलेन्द्र मोहन बिष्ट, लेफ्टिनेंट कर्नल एके शर्मा, मंजू जखमोला, रेनू कोटनाला और मानेश्वरी बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### त्रैवार्षिक जिला अधिवेशन 13 अगस्त से

**कोटद्वार ।** जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की जिला स्तरीय शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी व त्रैवार्षिक जिला अधिवेशन का आयोजन 13 अगस्त से किया जाएगा। शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष भगत सिंह भंडारी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष भोपाल सिंह रावत ने बताया कि स्थानीय बारातघर के सभागार में आयोजित होने वाले अधिवेशन में संघ की नवीन कार्यकारणी का गठन किया जाएगा। साथ ही शिक्षा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उपायों पर भी चर्चा होगी। अधिवेशन में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण होंगी।

## अलग–अलग दुर्घटनाग्रस्त की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**रुद्रप्रयाग।** उप जिलाधिकारीयाक्षी अरा. ेरा ने तहसील रुद्रप्रयाग के क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर हुई वाहन दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रियल जांच की जा रही है। उन्होंने दुर्घटनाओं से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी उपलब्ध कराने को लेकर उप जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय रुद्रप्रयाग संपर्क करने की अपील की है। बीते 13 जुलाई को मोनाल होटल तिलणी के समीप वाहन संख्या-यूके 08 ए डब्ल्यू/4261 दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। वही 20 जुलाई को क्वीली-कुरझण बनथापला में वाहन संख्या-यूके 11टीए/2645, जवाड़ी में वाहन संख्या-यूके07एफपी/3783 व यूके14पीए/0286 तथा 25 जून को मालतोली में वाहन संख्या-यूके07डीएच/8233 वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे।

# नशा मुक्त जागरूकता वाहन को डीएम ने किया रवाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में कलक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन–जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन ने विकास भवन से होते हुए कोटेश्वर, बेलनी मार्ग और रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इसके बाद गुलाबराय, जवाड़ी बाईपास होते हुए तिलवाड़ा में भी लोगों को जागरूक किया गया।

वाहन को रवाना करने के उपरांत जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि सभी युवाओं को नशे के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करना होगा, ताकि नई पीढ़ी सही मार्ग पर चल सके और देश के विकास में योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि इस दिशा में समाज को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी टीआर मलेठा ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटकों, वृक्षारोपण कार्यक्रमों के साथ–साथ जनपद में व्यापक जन–जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों को भी जोड़ा जा रहा है।

## आजादी के जश्न की तैयारियों पर टिहरी में हुई अहम बैठक

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य और यादगार बनाने के लिए जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई और जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समयबद्ध एवं प्रभावी तैयारी के लिए स्पष्ट दिशा–निर्देश दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन सभी उपजिलाधिकारियों की उपस्थिति में उनकी टीम द्वारा सुबह 7 से 8 बजे के बीच विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

# राइंका नगरासू में छात्रों को किया नशे के प्रति जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** राजकीय इण्टर कॉलेज नगरासू में नालसा योजना 2015 पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

साथ ही बताया गया कि युवा वर्ग में नशा करने की बढ़ती प्रवृत्ति बहुत गंभीर समस्या है। नशे से अपराधों में वृद्धि होती है। इसलिए नशे से दूर रहें और खुद की जागरूकता के साथ–साथ अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने जानकारी दी कि नशा एक जटिल स्थिति है। आज की दुनिया में व्यसन को समझना महत्वपूर्ण है। क्योंकि वह न केवल उन व्यक्तियों को प्रभावित करता है, जो व्यसनी है बल्कि उनके परिवार, मित्र और समाज को प्रभावित करता है। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि नशा क्या होता है।

इसके रूपों को पहचानना और मनुष्यों पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है। नशा पीड़ित को लेकर टोल फ्री नंबर 1933 की जानकारी दी गई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी गई। न्याय एवं विधिक सहायता को लेकर टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी भी दी गई।

# मतदेय स्थलीय एजेंटों की सूची जल्द सौंपें: मुख्य विकास अधिकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** आगामी चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदेय स्थलीय एजेंटों की नियुक्ति प्रक्रिया को गति देना रहा।

बैठक में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी ने बताया कि अब तक केवल एक राजनीतिक दल ने अपने एजेंटों की सूची निर्वाचन कार्यालय को सौंपी है, जबकि शेष दलों ने अभी तक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे बिना विलंब अपने–अपने एजेंटों की सूची प्रस्तुत करें, ताकि मतदाता सूची के क्रॉस चेकिंग का कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरा हो सके। सीडीओ ने निर्देश दिए कि सभी दल अपनी पार्टी स्तर पर शीघ्र विचार–विमर्श कर प्रत्येक मतदेय स्थल हेतु एजेंट नियुक्त करें और उनकी सूची निर्वाचन कार्यालय को तुरंत उपलब्ध कराएं।

## जीव विज्ञान विभाग में 80 छात्रों ने लिया प्रवेश

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में स्नातक स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभाग के ओर से प्रथम मेरीट लिस्ट जारी कर छात्र–छात्राओं कि काउसंलिंग कि प्रक्रिया शुरू कर दी है। जीव विज्ञान विभाग में दो दिनों तक चली काउंस. लिंग में अभी तक 80 छात्र–छात्राओं ने प्रवेश लिया है। जीव विज्ञान विभाग के प्रवेश समिति के समन्वयक डॉ. सोमेश गैरोला ने बताया कि प्रथम मेरिट लिस्ट में सामान्य वर्ग के 350 छात्र–छात्राओं को काउंसिलिंग के लिए आमंत्रित किया गया था। जिसमें दो दिनों में अभी तक 80 छात्र–छात्राओं ने ही प्रवेश लिया है।

# स्वीकृत होने के बावजूद भी सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ

शाह टाइम्स संवाददाता

**थराली।** देवराडा गाँव में सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों चार साल से शासन प्रशासन के चक्कर काट रहे है। लेकिन सड़क निर्माण का कार्य शुरू नही होने से ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

शुक्रवार को भवन हटवाल, अबल सिंह गुसाईं, तेजपाल सिंह, केदार पंत समेत अन्य ग्रामीणों ने थराली के उपजिलाधिकारी पंकज भट्ट से भेंट कर थराली से सिद्ध पीठ राजराजेश्वरी मंदिर तक सड़क निर्माण शीघ्र शुरू कराने की मांग की। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को बताया कि वर्ष 2021 में धारी तोक से राजरा. जेश्वरी मंदिर तक सड़क निर्माण के लिए योजना को स्वीकृति मिल चुकी है। इसके बावजूद चार वर्षों में लोक निर्माण विभाग, थराली द्वारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभागीय उदासीनता के चलते न केवल स्थानीय निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। बताया कि देवराडा आज भी सड़क मार्ग से पूरी तरह जुड़ा नहीं है। बीमार व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं और स्कूली बच्चों को रोजाना कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। वहीं, दूर–दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को भी नुकसान हो रहा है।

# प्राकृतिक सामग्री से बनी राखियों ने पाई खास पहचान

■ एनआरएलएम से सशक्त हो रहीं जौनपुर की महिलाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**थत्यूड़।** जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखंड जौनपुर के नैनबाग क्षेत्र की महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजी. विका मिशन (एनआरएलएम) के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर हो रही हैं।



टिकरी गांव की श्मां भवानी ग्राम संगठनश और श्राधा रानी स्वयं सहायता समूहश की महिलाएं इस वर्ष भी पिरुल, रेशम, मोर पंख, मोती व साधे धागों जैसी प्राकृतिक व स्थानीय सामग्री से विविध प्रकार की राखियाँ तैयार कर रही हैं, जो बाजार में विशेष लोकप्रियता प्राप्त कर रही हैं। मां भवानी ग्राम संगठन की अध्यक्ष सोनम खन्ना ने बताया कि समूह की महिलाएं हर वर्ष एनआरएलएम से रिवॉल्विंग फंड पर मात्र 1% ब्याज दर पर ऋण लेकर राखी निर्माण कार्य प्रारंभ करती हैं। सामान्यत: 10–15 महिलाएं मिलकर 5 से 10 हजार राखियाँ तैयार करती हैं, परंतु इस वर्ष पंचायत चुनाव में व्यस्तता के चलते केवल 5000 राखियाँ ही तैयार हो सकीं। सोनम ने बताया कि पिरुल से बनी राखियों की लागत लगभग 5 आती है, जिसे स्थानीय बाजार में 4–50 में बेचा जाता है। वहीं, मोर पंख और मोती से बनी राखियों की लागत 10ख्र15 आती है और उन्हें 50–60 में बाजार में बेचा जा रहा है।

राधा रानी समूह की नीलम धीमान ने बताया कि एनआरएलएम की मदद से न केवल समूह की महिलाओं की आर्थिक स्थिति सशक्त हो रही है, बल्कि वे अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना रही हैं।

### उत्तरकाशी और विकासनगर से बढ़ती मांग

सोनम खन्ना ने बताया कि हर वर्ष उत्तरकाशी से राखियों की अधिक मांग आती है, किंतु इस वर्ष पूर्ण डिलीवरी संभव नहीं हो सकी। विक. ासनगर से भी राखियों के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं, जिससे महिलाओं के उत्साह में वृद्धि हुई है।

### प्रशिक्षण शिविर की हो रही मांग

नीलम धीमान ने बताया कि समूह की राखियों की लोकप्रियता को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों से प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की मांग की जा रही है। विशेष रूप से उत्तरकाशी की सीमा से लगे क्षेत्रों की कई महिलाएं उनसे संपर्क कर रही हैं।

### लक्ष्य–लखपति दीदी बनना

समूह की महिलाएं केवल राखी निर्माण ही नहीं, बल्कि मौसमी अचार, सजावटी सामग्री और अन्य पहाड़ी उत्पादों का निर्माण भी कर रही हैं। नीलम धीमान ने कहा कि एनआरएलएम की योजनाएं महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही हैं और समूह की महिलाएं जल्दी ही लखपति दीदीष बनने का सपना साकार करेंगी।

### मुख्य विकास अधिकारी ने किया रुड़की ब्लॉक का औचक निरीक्षण

# कनिष्ठ सहायक निलंबित, एबीडीओ से जवाब तलब

## किसी भी कर्मचारी की काम में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी: सीडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनपद की मुख्य विकास अधिकारी ने आज रूड़की ब्लाक का औचक निरीक्षण किया जहां खामियां मिलने पर कर्मचारियों को जमकर हडकाया और कनिष्ठ सहायक को निलंबित करने के आदेश के साथ एबीडीओ को भी जवाब तलब किया गया है। सीडीओ के इस निरीक्षण से ब्लाक कर्मचारियों में खलबली मची रही।

मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे आज रूडकी विकासखंड का निरीक्षण करने पहुंची तो कर्मचारियों में खलबली मची रही। इस दौरान सीडीओ ने डयूटी के प्रति लापरवाही बरतने पर ब्लाक के कनिष्ठ सहायक नीरज मैठानी को निलंबित करने के आदेश दिये तो एबीडीओ मनोज कोठारी को भी डयूटी के प्रति लापरवाही पर जवाब तलब किया गया। इसके बाद सीडीओ ने ब्लाक के पिछले छह माह के बायोमैट्रिक उपस्थिति रजिस्टर की जांच के आदेश देते हुए कहा कि किसी भी कर्मचारी की लापरवाही कतई भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कर्मचारियों को हिदायत कर दी कि यदि



कर्मचारी छुटटी पर जायेगा तो बीडीओ से छुटटी स्वीकृत करानी पडेगी। इसके बाद सीडीओ ने पुस्तकालाय का निरीक्षण कर हिदायत दी कि इसे और बेहतर बनाकर क्षेत्र के छात्रों को बेहतर सुविधा दी जाये। साथ ही ब्लाक में महिला स्वयं सहायता समूह

**❖मुख्य विकास अधिकारी ने पिछले छह माह की बायोमैट्रिक हाजरी के दिए जांच के आदेश**

द्वारा चलाये जा रहे सिंघाडा युटिन को भी ओर बेहतर बनाने की हिदायत दी ताकि महिलाओं को ओर बेहतर लाभ मिल सके। सीडीओ ने कर्मचारियों को बताया कि कर्मचारी अपनी डयूटी के प्रति जिम्मेदार रहें फरियादियों की समस्यायें सुने और आमजन तक पहुंचाये। विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारें ताकि लोगों को लाभ मिल सके। सीडओ ने तमाम ब्लाक के विभागीय अधिकारियों को साफ लफजों में चेतावरी देते हुए कहा कि काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वहीं सरकारी की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाय। विकास कार्यों को भी ईमानदारी जिम्मेदारी के करवायें। लापवाही तमाम अधिकारी जवाब देह होंगे। ऐसे अधिकारियों पर कार्यवाही की जायेगी।

इस दौरान बीडीओ रोमा सैनी ने कहा कि सीडीओ के निरीक्षण से स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उत्साहित हैं और उन्हें यकीन है कि उनके प्रयास से उनके कारोबार को बढावा मिलेगा। इस अवसर पर सीडीओ ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली जिसमें जिला परियोजना अधिकारी केएम तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, रीप के प्रबंधक संजय सक्सेना, वीडीओ निर्मल सिंह, मनोज कोठारि आदि मोजूद रहे।

## अवैध रूप से मीट कटान करने पर दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस और गोवंश सरंक्षण स्क्वायड की टीम ने एक दुकान से अवैध तरीके से भैस वंशीय का क्रूरतापूर्ण कटान करने के आरोप में दो लोगो को गिरफ्तार किया हैं।आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया हैं। पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि कलियर पुलिस और गोवंश सरंक्षण स्क्वायड टीम के एसआई शरद सिंह टीम के साथ कलियर में गो तस्करी में चौकिंग कर रहे थे।इस दौरान कलियर में एक दुकान से दो लोंगो को भैंस वंशीय पशु का मांस और उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी अवैध रूप से कटान कर दुकान पर बेच रहे थे।बरामद पशु मांस का कोई वेध लाइसेंस नही दिखा पाए। पुलिस दोनो आरोपी गशकूर उर्फ गुन्ना और अरशद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

## विधायक प्रदीप बत्रा की कलाई पर छात्राओं ने बांधी राखी

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** विधायक प्रदीप बत्रा ने रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य पर आज रुड़की के आरए कन्या विद्यालय की छात्राओं से रक्षा सूत्र बँधवाया। इस अवसर पर छात्राएँ भी राखी बांधकर विधायक प्रदीप बत्रा को उत्साहित दिखी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि देश में विकृत मानसिकता के कारण लोग बेटियों को कोख में ही मार रहे हैं। इससे न सिर्फ समाज में असंतुलन की स्थिति पैदा हो गयी है, बल्कि बेटियों की कमी होती जा रही है। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अभियान को आंदोलन के रूप में बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित किया।इस अवसर पर सावित्री मंगला ने कहा की रक्षाबंधन सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मनाया जाता है। यह त्यौहार भाई-बहन के बीच विश्वास व स्नेह के बंधन का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और बदले में भाई बहनों से वादा करते हैं कि वे हमेशा उनके ऊपर आने वाले हर तरह के संकट से बचायेंगे। यही रक्षाबंधन का पर्व कहलाता है।

## दो वाहन चोर पकड़े, पाच मोटरसाइकिल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबीर की सूचना पर छापेमारी करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है उनसे पाच चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। एसपी देहात शिखर चंद सुयाल ने बताया की लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण एसएसआई मनोज सीरोला के नेतृत्व में पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दो मोटरसाइकिल चोरों को गिरपतार किया है। उनसे पाच मोटरसाइकिल चोरी की बरामद हुई है। उन्होंने कहा एक माह से शिकायत मिल रही थी के कुछ लोग मोटरसाइकिल चोरी कर रहे हैं जिनमें दो बाइक तो लक्सर कोतवाली क्षेत्र से ही उठा रखी थी उन्होंने कहा की पुलिस के द्वारा यह बहुत ही अच्छा और सराहानिये काम है 7 अगस्त 2025 को सौरभ पुत्र कुंवरपाल सिंह निवासी शादौल माजरा थाना मंगलौर ने लक्सर पुलिस पर अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने के संबंध में संबंधित मुकदमा पंजीकृत कराया था जिसमें बारीकी से जांच करते हुए सीसीटीवी कैमरो की मदद से दो चोरों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम अंकित पुत्र नेत्रपाल निवासी धनोरा थाना कलियर जनपद हरिद्वार उम्र 23 वर्ष प्रणव पुत्र सुभाष चंद्र निवासी धनोरा थाना उप्रोक्त उम्र 22 वर्ष बताए। उनके खिलाफ करीब आधा दर्जन मुकदमे पहले भी दर्ज हैं



उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में राजीव रौथाण प्रभारी निरीक्षक लक्सर मनोज गैरोला वरिष्ठ उप निरीक्षक हरिश गैरोला उपनिरीक्षक नवीन सिंह चौहान भीकमपुर पुलिस चौकी प्रभारी हेड कांस्टेबल विनोद कुमार रियाज अली कांस्टेबल अजीत तोमर शामिल रहे पकड़े गये दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़ गए दोनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ने चलाया अभियान

## देहात की सड़कों पर नियम तोड़ने पर 26 के चालान

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की टीम ने देहात में यातायात नियमों का पालन न करने पर वाहन चालकों को जमकर सबक सिखाया। अभियान में 26 वाहनों के चालान किए गए हैं। जब 8 वाहन सीज है। विभाग की कार्रवाई से पिछले दो दिन से वाहन चालकों में हड़कप की स्थिति है। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और रोड सेफ्टी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। ताकि लोगों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया जा सके। शुक्रवार को एआरटीओ (प्रवर्तन) कृष्ण पलाडिया ने फेरपुर, लक्सर, रायसी और खानपुर आदि के ग्रामीण इलाकों में यातायात नियमों का पालन कराने के लिए चेकिंग अभियान चलाया। अभियान से देहात क्षेत्र में वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। काफी वाहन चालकों ने अपने रास्ते भी बदले, लेकिन जो चेकिंग के रास्ते मिले उन्हें जमकर सबक सिखाया गया। अभियान में ओवरलोड, बिना कागजात, बिना टैक्स और परमिट के आठ वाहन सीज किए गए। जबकि अधूरे कागजात, सीट बेल्ट न पहनना, हेलमेट न पहनना, फोन पर बात करना आदि मामलों में 26 वाहन चालकों के चालान हुए है।

### विधायक ने किया बाजूहेड़ी-बेलड़ा को जोड़ने वाली सड़क का शिलान्यास

## सड़क से मिलेगी हजारों लोगों को राहत: फुरकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** विधानसभा कलियर के बाजुहेड़ी और बेलड़ा गांव को जोड़ने वाली सड़क का शिलान्यास विधायक हाजी फुरकान अहमद ने फीता काटकर किया।

पिरान कलियर विधायक हाजी फुरकान अहमद ने बताया कि विध‍ानसभा के बाजुहेड़ी से बेलड़ा में जाने वाली सड़क राज्य योजना से 76 लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही है।उन्होंने बताया कि बेलड़ा से बाजुहेड़ी जाने वाली सड़क जर्जर हो चुकी थी।जिससे आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।यह सड़क बाजुहेड़ी से बेलड़ा गांव को जोड़ती हैं।सड़क के बनने से लोगो को आने जाने में राहत मिलेगी। उन्होंने कहा इसके अलावा भी विधानसभा कलियर के कई गांवों की महत्वपूर्ण सड़को को बनाए जाने का प्रयास किया जा रहा हैं। कुछ सड़के और मंजूर हो चुकी हैं।जल्द ही उनको भी बनाया जाएगा।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हर गांव को मुख्य सड़कों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा हैं।इस मौके पर अय्यूब, किशोर एडवोकेट, जगपाल सिंह, महिपाल, सीताराम अंबेडकर , नेत्रपाल



अठवाल, दानिश, सफीक मलिक,जावेद,इरशाद,निसार,जोगेंद्र सिंह,तजमीन,सदीप सैनी, आदि मौजूद रहें।

## सामाजिक संगठन ने मनाया विरासत उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** शहर के सामाजिक संगठन ने शुक्रवार को अपना अविरल विरासत का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

भारत विकास परिषद की अविरल गंगा की ओर से विरासत का उत्सव धूमधाम और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया। मुख्य अतिथि राजीव गोयल और शरद चंद्रा का कार्यक्रम में शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। जिसके बाद दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम गीत प्रस्तुति के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस विशेष अवसर पर भारतीय परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक प्रस्तुत की गई। जबकि बच्चों की श्रीकृष्ण लीला के नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।

हरियाली तीज को लेकर महिलाओं की ओर से पारंपरिक गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। इसके उपरांत 15 अगस्त को समर्पित एक भावनात्मक देशभक्ति पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में शाखा की ओर से अष्टम अविरल वरिष्ठ युगल सम्मान वासुदेव पंत, गायत्री देवी और द्वितीय अविरल उत्कृष्ट अनुसंधान सम्मान डॉ. स्पर्श मित्तल और रमेशचंद्र मित्तल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर ममता गुप्ता तीज क्वीन चुना गया। कार्यक्रम में बबीता, सुगंध, नीलम शर्मा, संदीप पंत, उर्मिला, डॉ संगीता सिंह।,सुनील जैन ,प्रीति अग्रवाल, नीता, सीमा, दिनेश सैनी, नीरज मित्तल, अनुपमा, भारत, डॉ पीके अग्रवाल, रितु, नैन्सी, विजय कुमार, अंजू कुमार, राधे श्याम गुप्ता, रमा,पीयूष गर्ग, अंजली, एनके चौरसिया, मधु, रीति वर्मा, मुकुल गर्ग, आभा, संजय मित्तल, अरुणा, ममता चंद्रा, वैभव सिंह, सविता, विपुल,वर्णित, विशाल गोयल, पायल, श्रेया राजेंद्र गिरी, विमलेश, संजय अग्रवाल, मनीषा, मोनिका राणा, सुशील मधोक, नीलम मधोक, गौरव कौशिक ,चेतना, नीरज चौहान , डॉ. अर्चना, देवल गुप्ता, दिव्या, प्रीति गुप्ता, संजीव, संजय मित्तल, आलोक मित्तल, राघव राय, संगीता सिंह, पंकज गर्ग, निधि, अरुणा, डॉ. संजय, राधा शर्मा और कुमुद राय आदि मौजूद रहे।

## स्कूटी सवार से लूट में शामिल बदमाश गिरफ्तार

### बदमाश ने तीन साथियों सहित की थी लूट

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** स्कूटी सवार से देर रात लूट में शामिल एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाश ने पिछले साल अगस्त में अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर लूट की थी।

रुड़की कोतवाली को अमित गॉड निवासी आईआईटी परिसर ने तहरीर देकर बताया था कि वह 18 अगस्त 2024 को रात के वक्त नगर निगम पुल से गुजर रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार चार बदमाशों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया था। वह कुछ समझ पाते इससे पूर्व ही बदमाशों ने मारपीट कर स्कूटी की चाबी और फोन छीन लिया था। वारदात को अंजाम देकर बदमाश कलियर की ओर फरार हो गए थे। वरिष्ठ उप निरीक्षक लोकपाल परमार ने बताया कि उपनिरीक्षक ध्वजवीर सिंह पवार और हेड कांस्टेबल यूनुस बेग ने लूट में शामिल रिहान निवासी मोहल्ला छिपियान कस्बा भगवानपुर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

## पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**पिरान कलियर।** पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पति सास ससुर समेत 5 लोगों के खिलाफ दहेज शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न कर मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिरान कलियर नगर पंचायत के बेडपुर निवासी एक महिला ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी शादी 2020 में शहबान निवासी कलियर के साथ हुई थी। शादी में उसके परिवार ने काफी दान दहेज भी दिया था। लेकिन शादी के बाद से ही उसका पति और ससुराल वाले दिए गए दहेज से खुश नही थे। दहेज में पांच लाख रुपए और एक कार की मांग करने लगें।शादी के कुछ दिन बाद ही दहेज की मांग पूरी नही करने पर पति ओर ससुराल वाले उसके साथ मारपीट कर उत्पीड़न करने लगे। उसका जेठ इंतेजार देवर इमरान उस पर बुरी नजर रखने लगे।मौका पाकर उसके साथ अश्लील हरकतें करते रहे, मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेजने लगे। उसके बाद ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर बच्चो सहित घर से बाहर निकाल दिया। उसके जेठ व देवर ने उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए गाली गलौज व मारपीट की। एसओ रविंद्र सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पति शहबान,ससुर अय्यूब, सास महरुबा उर्फ छोटी,जेठ इंतेजार देवर इमरान पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाकियू टिकैत ने स्मार्ट मीटर लगाने का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला अध्यक्ष विजय शास्त्री ने कहा कि ऊर्जा विभाग द्वारा जो स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं उन्हें किसी भी कीमत पर लगने नहीं दिया जाएगा। 21 अगस्त को भारी संख्या में किसानो द्वारा ऊर्जा भवन देहरादून में स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कस्बे में स्थित भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला महामंत्री कुलदीप सैनी के आवास पर किसानो की हुई बैठक को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष विजय शास्त्री किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है। सरकार द्वारा ऊर्जा विभाग को स्मार्ट मीटर लगाने का आदेश दिया गया है। किसान इसका पूर जोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोस के राज्य उत्तर प्रदेश हरियाणा पंजाब कर्नाटक आदि में किसानों को उनके खेतों में पैदा की जाने वाली फसलों की सिंचाई करने के लिए लगे नलकूपों को निशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उत्तराखंड सरकार द्वारा बिजली बिलों पर जीएसटी लगाई जा रही है जो गलत है। उन्होंने कहा आने वाले गन्ना सत्र में गन्ने का दाम रु500 प्रति कुंतल सरकार द्वारा घोषित किया जाए साथ-साथ गेहूं व धान की फसल का मूल्य भी इस प्रतिशत में बढ़ाया जाए जिस प्रतिशत में सरकार द्वारा अन्य सामान लोहा सीमेंट रासायनिक खाद कीटनाशक दवाई तथा सोने चांदी की चीजों पर बढ़ाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि 21 अगस्त को सुबह 9:00 बजे क्षेत्र के सैकड़ो की संख्या में किसान मंगलौर गुड मंडी में इकट्ठे होंगे। यहां से ट्रैक्टर ट्रालियों में खाने पीने का सामान रखकर देहरादून स्थित ऊर्जा भवन के लिए प्रस्थान करेंगे। ऊर्जा भवन देहरादून के बाहर जब तक स्मार्ट मीटर नहीं लगाने का नियम समाप्त नहीं होगा तथा बिजली बिलों से जीएसटी आदि नहीं हटाई जाती है अनिश्चित कालीन धरना जारी रहेगा। इस अवसर पर कुलदीप सैनी संजीव सैनी कालूराम सुखराम पाल सुखराम पाल वेदपाल वेद फौजी शिवम चौधरी छोटा सैनी मांगेराम आदि उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में 21 अगस्त को देहरादून चलने की अपील की गई।

## एक फरार वारंटी दबोचा

**बुग्गावाला।** हरिद्वार पुलिस की वारंटीयों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। इसी के तहत एक नफर वारंटी को धर दबोचा है। जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश के अनुपालन के क्रम में गैर जमानती वारंट की शत प्रतिशत तामीली किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विगत काफी दिनों से फरार चल रहे वारंटी जिसकी तलाश हेतु पूर्व में सभी संभावित स्थानों पर दबिश दी गई, गिरफ्तारी से बचने के कारण लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। बुग्गावाला पुलिस टीम ने वारण्टी रसीयन्त कुमार पुत्र रणजीत सिंह नि0 ग्राम बुग्गावाला हरिद्वार को घर दबिस देकर पकड़ा गया। पुलिस टीम में अ0 उ0नि0 बलबीर सिंह हे0का0 गोपाल कुमार शामिल रहे।

### सिकरोढ़ा-बहबलपुर गांव का मुख्य मार्ग भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त

## विधायक ममता राकेश ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भारी बारिश के कारण सिकरोढ़ा और बहबलपुर गांव का मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे ग्रामीणों की आवाजाही करने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार भारी बारिश के कारण सिकरोढ़ा और बहबलपुर गांव का मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। बृहस्पतिवार को विधायक ममता राकेश ने दोनों गांव के मुख्य मार्गों का निरीक्षण किया। विधायक ममता राकेश ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द दोनों गांव के मार्गों को ठीक करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र में बारिश के कारण ग्रामीणों और किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। वह जल्द मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलकर भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र में हुए नुकसान का आंकलन कर उनके सामने प्रस्तुत करेंगे। और मुख्यमंत्री से आग्रह करके किसानों का बारिश से हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए। इस दौरान राव अथर, आबीद प्रधान, राव



साहजेब, नीसार, अमीन, नसीम आदि मौजूद रहे।

## केवी-1 में विद्यार्थियों ने राखी सन्देश के काड्र्स बनाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राखी भाई और बहन के प्यार का एक पवित्र त्योहार है और हमारे देश मे इसे बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। राखी के अवसर पर पीएम श्रीकेंद्रीय विद्यालय क्रमांक.एक रुड़की के विद्यार्थियों ने सीमा पर तैनात अपने सैनिक भाइयों के लिए राखी तथा राखी के संदेश से सजे सुन्दर काड्र्स बनाये जिन्हें विद्यालय में प्रदर्शित किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य चन्द्र शेखर विष्टने कहा कि हमारे सैनिक जो दिन.रात सीमा पर सजग रहकर देश की सुरक्षा करते हैं और त्योहार मे भी अपने घर नही जा पातेए उनको हम ये अहसास दिलाना चाहते है कि आप अकेले नही है बल्कि हम सब आपके साथ हैद्य उहोने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्येश्य विद्यार्थियों मे देश प्रेम की भावना का विकास करना है द्य विद्यार्थियों ने राखियां बनाईए संदेश लिखकर सुन्दर कार्ड बनाये तथा इन सभी राखियों तथा काड्र्स को बी ई जी एवं सीए रूड़की के सनिक भाइयों तक भिजवाया गया।

विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उपप्राचार्या संगीता खुराना ने कहा कि राखी के अवसर पर बहन अपने भाइयों को राखी बांधती है और भाई उसे सुरक्षा का वचन देता है । इसलये इस अवसर पर हम अपने सैनिक भाइयों को राखी भेजते है क्योंकि वो देश की सुरक्षा करते है। अपने संदेश में मुख्य अध्यापिका श्रीमती नेहा चौबे ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के आयोजन का उद्द्येश्य विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोड़ना है द्यइस कार्य के आयोजन में प्राथमिक कक्षाओं के सह पाठ्यक्रम गतिविधियों के इंचार्ज शिक्षक श्री मामचंद का विशेष योगदान रहा द्य साथ ही सभी शिक्षकों का सक्रिय सहयोग रहा।



## सम्पादकीय

शनिवार, 9 अगस्त 2025

# टैरिफ की गूंज

ट्रम्प के टैरिफ को लेकर दुनियाभर में हाहाकार मचा हुआ है। दुश्मन का दुश्मन दोस्त की तर्ज पर कुछ देश साथ आते भी दिखाई दे रहे हैं। इसी के चलते चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की। चीन के विदेश मंत्रालय ने इसे टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया। चीन का कहना है कि वह सीधे तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ है और अमेरिका को तकनीकी और व्यापारिक युद्धों का राजनीतिकरण बंद करना चाहिए। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रम्प टैरिफ को लेकर जरा भी पीछे हटते दिखाई नहीं दे रहे हैं, बल्कि अगर यह कहें कि वह हर दिन और आक्रामक मुद्रा में आ रहे हैं तो गलत नहीं होगा।

गुरुवार को जहां उन्होंने भारत पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया था, 25 प्रतिशत का टैरिफ वह 30 जुलाई को ही लगा चुके थे और 6 अगस्त को उन्होंने 25 प्रतिशत का इजाफा इसलिए किया, क्योंकि भारत ने रूस से ट्रम्प की आज्ञानुसार तेल खरीदना बंद नहीं किया और 7 अगस्त को ट्रम्प ने एक तरह से भारत को यह कहकर धमकी दी कि वह टैरिफ को लेकर भारत के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा। ट्रम्प ने साफ कहा है कि जब तक टैरिफ विवाद का हल नहीं निकल जाता कोई बात. चीत शुरू नहीं होगी। ट्रेड को लेकर भारत-अमेरिका के बीच पांच राउंड की बात अभी तक हो चुकी है और बताया जा रहा है कि छठे राउंड की चर्चा 25 अगस्त को होनी थी। इसके लिए अमेरिका के अधिकारियों का एक दल भारत आना था। अब उसका यह दौरा संशय में पड़ गया है। हालांकि अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि भारत हमारा रणनीतिक साझेदार है। विभाग के प्रवक्ता टामी पिगाट का कहना है कि भले ही टैरिफ विवाद से दोनों देशों में तनाव बना हुआ है। लेकिन बातचीत जारी रहेगी। अमेरिका भारत के साथ स्पष्ट और खुली बातचीत कर रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि ट्रम्प ने व्यापार असंतुलन और रूसी तेल की खरीद को लेकर अपनी चिंताएं बहुत स्पष्ट तरीके से जाहिर कर दी है और साथ ही सीधी कार्रवाई भी की है। उनका इशारा भारत की ही तरफ था।

मतलब साफ है कि अमेरिका एक तरफ धमकी देता दिखाई दे रहा है और बातचीत बंद करने को कह रहा है तो वहीं दूसरी तरफ वह बातचीत जारी रखने की बात भी कह रहा है। इससे साफ है कि अमेरिका खुद असमंजस की स्थिति में है। वहीं दूसरी तरफ ट्रम्प के इस रवैये ने ब्रिक्स के देशों को काफी निकट ला दिया है। जहां चीन भारत के पक्ष में खड़ा दिखाई दे रहा है। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी की बात हुई। टेलीफोन पर हुई बातचीत में पीएम मोदी ने श्री पुतिन को इस वर्ष के अंत में 23वें भारत-रूस वार्ता शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का निमंत्रण भी दिया, जिसको उन्होंने स्वीकार कर लिया। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिलवा ने भी पीएम मोदी से फोन पर बात. चीत की है और मौजूदा हालात में ट्रम्प के टैरिफ को लेकर जो चुनौतियां पेश आ रही हैं, उनसे निपटने पर चर्चा की। जाहिर है जो भी कुछ हो रहा है, उसको जरा भी ठीक नहीं कहा जा सकता, जिस तरह का रवैया ट्रम्प का अब तक रहा है, वह छोटे देशों के पूरी तरह विपरीत जाता है।

## किसी भी पुस्तक पर प्रतिबंध नहीं लगाया



मैंने कभी भी किसी भी पुस्तक पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और ना भविष्य में पुस्तक पर प्रतिबंध लगाने जैसा काम करेंगे, जम्मू- कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ही प्रशंसित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लेखकों की 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध लगाया है, प्रतिबंध उप राज्यपाल सिन्हा ने अपने एकमात्र आधिकारिक नियंत्रण वाले विभाग गृह विभाग का इस्तेमाल करके लगाया है,उप राज्यपाल प्रशासन ने कश्मीर पर लिखी 25 किताबों को यह कहते हुए जब्त कर लिया कि वे ष्जम्मू-कश्मीर के बारे में झूठे आख्यान और अलगाववाद का प्रचार करती हैं।

-उमर अब्दुल्ला
मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर

# प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी हैं आदिवासी



विश्व आदिवासी दिवस, 9 अगस्त, केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह सभ्यता की जड़ों और संवेदनशीलता के स्रोत को स्मरण करने का दिन है। यह दिन न केवल आदिवा. सियों के अस्तित्व, अधिकारों यानी जल, जंगल, जमीन और उनके जीवन की रक्षा का उद्घोष है, बल्कि यह नए भारत के पुनर्निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करने का भी अवसर है। आदिवासी समाज कोई पिछड़ा समूह नहीं, बल्कि वह सांस्कृतिक ऊर्जा का अक्षय स्रोत है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर पर्यावरण रक्षा तक, सामाजिक समरसता से लेकर आध्यात्मिक परंपराओं तक, हर दिशा में क्रांतिकारी भूमिका निभाई है।

आदिवासी प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी है। जो प्रकृति से जुड़ा है, वही मनुष्यत्व का संरक्षक है-यह वाक्य आदिवासी समाज पर अक्षरशः लागू होता है। आदिवासी शब्द मात्र एक सामाजिक पहचान नहीं, बल्कि एक दर्शन है, सहजता, सामूहिकता, संतुलन और सह-अस्तित्व का दर्शन। करीब 90 प्रतिशत खनिज सम्पदा, वनौषधियां और जैव विविधता इन्हीं के क्षेत्रों में विद्यमान है। उनका जीवन सभ्यता के केंद्र से नहीं, बल्कि संवेदना के मूल से संचालित होता है। वे भले ही वनवासी कहलाए गए, परंतु उनका जीवन दर्शन हमें शहरीकरण के आडंबर से बाहर निकालकर स्वाभाविक जीवन की राह दिखाता है। नए भारत में विकास का पर्याय यदि केवल बहुराष्ट्रीय निवेश, चकाचौंध और स्मार्ट सिटी बन गया है, तो आदिवासी समाज उसके विस्थापित मूल्य हैं। जल-जंगल-जमीन के नाम पर किए गए सौदे, खनिज लूट, धार्मिक कन्वर्जन, सांस्कृतिक विघटन और जबरन भूमि अधिग्रहण की घटनाएं केवल उनकी आर्थिक दशा ही नहीं बिगाड़ती, बल्कि उनकी पहचान, संस्कृति, भाषा और परंपरा को भी निगलती जा रही हैं। आज आदिवासी समाज ऋण, अशिक्षा, पलायन, अस्वास्थ्यकर जीवन, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से ग्रस्त है। तथाकथित विकास ने उन्हें पराया बना दिया है। वे भारत में रहकर भी अपने ही देश में अदृश्य नागरिक बन गए हैं, जिनके पास न राशन कार्ड है, न पहचान पत्र, न ही राजनीतिक प्रतिनिधित्व की शक्ति।

इस दिशा में गुजरात के प्रसिद्ध जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका जीवन आदिवासी क्षेत्रों के लिए संघर्ष, सेवा और सद्भाव की त्रई बन गया है। वे वर्षों से आदिवासी समाज के उत्थान हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, रोजगार और संस्कृति संवर्धन के अभियान चला रहे हैं। उनका सुखी परिवार अभियान केवल परिवार को नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी समाज को जागृत करने का एक जनांदोलन बन चुका है। वे आदिवासियों में आत्मबल, आत्मगौरव और आत्मनिर्भरता की भावना जगा रहे हैं। बालिका शिक्षा केंद्र, नैतिक शिक्षा अभियान, युवाओं के लिए स्वावलंबन कार्यशालाएं, महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, आदिवासी ग्रामोद्योग, आदिवासी संस्कृति उन्नयन और स्व-सहायता समूहों का गठन-ये सभी उनके प्रयासों का हिस्सा हैं। वे जनजातीय समाज में अहिंसा, नैतिकता और भारतीय संस्कृति के बीज बो रहे हैं, ताकि वे अपने मूल से कटे नहीं, बल्कि गौरव से जुड़े रहें।

आज आदिवासी समाज को जितना खतरा बाह्य आर्थिक और राजनीतिक शोषण से है, उससे कहीं अधिक सांस्कृतिक अस्मिता के विघटन से है। धर्मान्तरण की गतिविधियां न केवल धार्मिक परिवर्तनों का परिणाम देती हैं, बल्कि उससे जुड़ी मानसिक गुलामी और राष्ट्र-विरोधी मानसिकता भी पनपती है। गणि राजेन्द्र विजयजी इस खतरे को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने धर्मान्तरण के विरुद्ध शांति, संवाद और आध्यात्मिक पुनर्जागरण का मार्ग अपनाया है। उन्होंने जैन धर्म के मूल्यों के साथ-साथ सभी धर्मों के सकारात्मक मूल्यों को आदिवासी जनजीवन से जोड़ा है ताकि वे किसी भी प्रकार की सांस्कृतिक हिंसा से बचें। गणिजी का स्पष्ट मत है कि हर आदिवासी को अपनी जड़ों में झांकना होगा। उसे यह पहचानना होगा कि वह केवल वनवासी नहीं, अपितु संस्कृति का संवाहक है। वे आदिवासियों को आत्म निरीक्षण की प्रेरणा देते हैं कि जो अपने मूल से कट जाता है, वह किसी भी विकास का अधिकारी नहीं बन सकता। उनकी प्रेरणा से कई आदिवासी युवाओं ने शिक्षा ग्रहण की, रोजगार स्थापित किए, कुटीर उद्योगों की ओर बढ़े और सबसे महत्वपूर्ण, अपने आत्मगौरव को पुनः प्राप्त किया।

आज जब दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन, ड्रोन टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार की ओर अग्रसर हो रही है, तब आदिवासी समाज को भी इस बदलाव की मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है। तकनीक उनके जीवन में केवल बदलाव का कारक नहीं, बल्कि संरक्षण और सशक्तिकरण का माध्यम बन सकती है। एआई आधारित भाषाई अनुवाद तकनीकों से उनकी बोली और लोककथाओं को डिजिटल रूप में संरक्षित किया जा सकता है, जिससे उनकी सांस्कृतिक विरासत विश्व तक पहुंचे। ड्रोन एवं जीआईएस तकनीक से आदिवासी क्षेत्रों के भू-अधिकार सुरक्षित किए जा सकते हैं। मोबाइल हेल्थ यूनिट्स, टेलीमेडिसिन और डिजिटल शिक्षा से वे दुर्गम क्षेत्रों में भी उन्नत जीवन स्तर पा सकते हैं। नवाचार तभी सार्थक होगा जब वह जंगलों में बसे एक युवा को भी ग्लोबल लर्निंग का अवसर प्रदान करे, न कि उसे अपनी जड़ों से काटे।

आज की वैश्विक दुनिया लोकल टू ग्लोबल की सोच को प्रोत्साहित कर रही है और आदिवासी समाज इसमें एक अनमोल भागीदार बन सकता है। उनका पारंपरिक ज्ञान, जैविक खेती, वन औषधियों की समझ, हस्तशिल्प और पर्यावरण संतुलन की परंपराएं विश्व समुदाय के लिए एक वैकल्पिक जीवनदर्शन बन सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि आदिवासी युवा आधुनिक शिक्षा को अपनाएं, लेकिन अपनी संस्कृति और जीवनमूल्यों से जुड़े रहें। उन्हें अपने उद्यमिता कौशल को पहचानने और विकसित करने की आवश्यकता है, जैसे वनोपज आधारित उद्योग, इको-टूरिज्म, वन-हस्तशिल्प, संगीत-नृत्य उत्सव आदि के माध्यम से वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते हैं। डिजिटल मार्केट प्लेस के जरिए उनके उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहुंचाया जा सकता है। आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा तभी पूर्ण होगी जब आदिवासी समाज भी अपने भीतर से आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़े।

भारत की स्वतंत्रता केवल मैदानों और दरबारों में नहीं, बल्कि जंगलों और पहाड़ियों में भी लड़ी गई थी, जहां आदिवासी वीरों ने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिला दी थी। बिरसा मुंडा जैसे अद्भुत योद्धा और आध्यात्मिक नेता ने न केवल अंग्रेजों के भूमि अधिग्रहण और धर्मान्तरण के विरुद्ध जनजागरण किया, बल्कि एक सशस्त्र संघर्ष को भी नेतृत्व प्रदान किया। झारखंड में चला उनका उलगुलान आंदोलन (महाविप्लव) आदिवासी अस्मिता और स्वाभिमान की एक ऐतिहासिक घोषणा थी।

इसी तरह सिद्धू-कान्हू, रानी दुर्गावती, तेलंगाना के कोमराम भीम, भील आंदोलन के गोविंद गुरु, तेनालीराम बावरी, और नारायण सिंह जैसे अनेक आदिवासी सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर यह सिद्ध किया कि भारत की आजादी की चिंगारी सबसे पहले आदिवासी अंचलों में धधकी थी। बिरसा मुंडा और आदिवासी वीरों का आजादी में अविस्मरणीय योगदान रहा, लेकिन दुर्भाग्यवश, इतिहास की मुख्यधारा में इनके योगदान को उतनी जगह नहीं मिली, जितनी मिलनी चाहिए थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इन जादूई झरनों को देखकर मिलता है सुकून

**वेनेजुएला दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप पर एक देश है। जहां पर एंजेल फॉल्स बहता है। वेनेजुएला का यह एंजेल फॉल्स दुनिया का सबसे ऊंचा झरना है। जोकि वेनेजुएला के केनैमा नेशनल पार्क में स्थित है। इस झरने की धारा इतनी ऊंचाई से गिरती है कि पानी नीचे तक पहुंचते-पहुंचते बारीक-बारीक बूंदों में बदल जाता है।**

दुनियाभर में प्राकृतिक सुंदरता का एक अनोखा अनुभव झरनों में देखने को मिलता है। ऊंचाई से गिरने हुए पानी का नजारा काफी मनमोहक होता है। ऊंचाई से गिरने हुए पानी का नजारा देखना लोगों के मन को सुकून पहुंचाने के साथ रोमांच का अनुभव कराता है। बता दें कि दुनिया में कई ऐसे झरने हैं, जिनकी ऊंचाई और सुंदरता उनको खास बनाती है। इन झरनों की ऊंचाई सुनकर कोई भी चौंक जाएगा, वहीं इनकी सुंद. रता भी उतनी ही सुकूनदायक है। पहाड़ों, गहरी घाटियों और हरियाली बीच बहते हुए यह झरने प्राकृतिक कला का अनूठा और अद्वितीय उदाहरण है। अगर आप भी प्रकृति प्रेमी है और घूमने के भी शौकीन हैं, तो आपको दुनिया के सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों का दीदार करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दुनिया के कुछ सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**एंजेल फॉल्स , वेनेजुएला**

वेनेजुएला दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप पर एक देश है। जहां पर एंजेल फॉल्स बहता है। वेनेजुएला का यह एंजेल फॉल्स दुनिया का सबसे ऊंचा झरना है। जोकि वेनेजुएला के केनैमा नेशनल पार्क में स्थित है। इस झरने की धारा इतनी ऊंचाई से गिरती है कि पानी नीचे तक पहुंचते-पहुंचते बारीक-बारीक बूंदों में बदल जाता है।

**टुगेला फॉल्स, दक्षिण अफ्रीका**

दक्षिण अफ्रीका में मौजूद टुगेला फॉल्स की ऊंचाई 3,110 फीट है। बारिश के मौसम में यहां का नजारा देखने लायक है। यह रॉयल नेटल नेशनल पार्क के ड्रेकेन्सबर्ग माउंटेन्स पर स्थित है।

**थ्री सिस्टर्स फॉल्स, पेरू**

पेरू एक बेहद खूबसूरत जगह है, जहां पर आपको थ्री सिस्टर्स फॉल्स नाम का शानदार जलप्रपात देखने को मिलेगा। यह अमेजन जंगल के बीच स्थित है और तीन स्तरों में बहता है। इसी वजह से इसका नाम श्थ्री सिस्टर्सश पड़ा। ट्रैकिंग और रोमांच पसंद करने वालों के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है।

**ओलूपेना फॉल्स, हवाई**

संयुक्त राज्य अमेरिका के हवाई में करीब 900 मीटर की ऊंचाई पर ओलूपेना फॉल्स है। ओलूपेना फॉल्स सीधे समंदर से लगती चट्टानों से गिरता है और सिर्फ बोट या हेलिकॉप्टर से ही देखा जा सकता है।

**युंबिला फॉल्स, पेरू**

बता दें कि युबिला फॉल्स सबसे ऊंचे झरनों में शामिल है, यह पेरू में है। हाल ही में खोज में यह झरना पाया गया है। जोकि पेरू के घने जंगलों में छिपा है और अब धीरे-धीरे फेमस हो रहा है। यहां पर आपको चारों ओर मनमोहक नजारा देखने को मिलेगा।

...साभार प्रभा

# मलेरिया रोकथाम के दो नए प्रयास




मलेरिया रोकथाम के दो नए उपाय सामने आए हैं। एक उपाय में इंसानी खून को मच्छरों के लिए जहरीला बनाने का प्रयास किया गया है ताकि काटते ही मच्छर मर जाएं। दूसरे उपाय में कोशिश यह है कि मच्छरों को मलेरिया परजीवी के लिए अनुपयुक्त बना दिया जाए। पहले उपाय में आइवरमेक्टिन नामक एक दवा का उपयोग शामिल है। यह दवा न केवल कृमियों को मारती है बल्कि जूं जैसे कीटों का भी खात्मा करती है। इसके अलावा जब कोई व्यक्ति इसे गोली के रूप में लेता है, तो उसका खून पीने वाले कीट भी मर जाते हैं। विचार यह आया कि यदि मच्छर ऐसे व्यक्ति को काटें जिसने हाल ही में आइवरमेक्टिन ली हो, तो क्या वे भी मर जाएंगे और अगर एक साथ पूरा समुदाय यह दवा ले ले, तो क्या मच्छरों की संख्या घट सकती है? प्रयोगशाला परीक्षण के नतीजे काफी उत्साहजनक रहे। एक दिन पहले आइवरमेक्टिन लेने वाले लोगों के खून पर पले 73 प्रतिशत मच्छर दो दिन में मर गए, जबकि नियंत्रण समूह में केवल 31 प्रतिशत। लेकिन असली चुनौती वास्तविक दुनिया में इसके असर को साबित करना था।

अक्टूबर 2023 में दक्षिण केन्या के क्वाले काउंटी में एक बड़ा परीक्षण बरसात के मौसम की शुरुआत में हुआ, जब मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ती है। अध्ययन में 84 बस्तियों को शामिल किया गया था। आधी बस्तियों के लोगों को तीन महीने तक, हर महीने आइवरमेक्टिन दी गई और बाकी आधों को परजीवी नाशी दवा अल्बेंडेजोल दी गई, जो मच्छरों पर कोई असर नहीं करती। अगले छह महीनों में आइवरमेक्टिनसमूह में बच्चों में मलेरिया के नए मामलों में 26 प्रतिशत की कमी आई। हालांकि कई वैज्ञानिक इस नतीजे से सहमत नहीं है। एक तो, 26 प्रतिशत की कमी व्यापक इस्तेमाल के लिए पर्याप्त नहीं है। दूसरा, यह दवा गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को नहीं दी जा सकती। इसके अलावा बुर्किना फासो के दो परीक्षणों और गिनी-बिसाऊ (2024) के एक परीक्षण में कोई खास फायदा नहीं दिखा था।

हालांकि, केन्या परीक्षण थोड़ा अलग था-दवा बरसात की शुरुआत में ही दे दी गई थी, जब मच्छर तेजी से बढ़ते हैं, और कई बार दी गई। एक अतिरिक्त फायदा यह हुआ कि खुजली और जुओं का भी सफाया हो गया। फिर भी इसकी कई चुनौतियां हैं। गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए यह दवा सुरक्षित नहीं है। हर खुराक के बाद दवा खून में कुछ ही दिनों तक प्रभावी रहती है। लंबे समय तक असर करने वाले संस्करणों पर फिलहाल शोध चल रहा है। मलेरिया के मामलों में महज 26 प्रतिशत कमी लागत और मेहनत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO का नियम है कि जब तक कम से कम दो बड़े और उच्च-गुणवत्ता वाले परीक्षणों में मजबूत सुरक्षा न दिखे, किसी तरीके को बड़े पैमाने पर अपनाने की सिफारिश नहीं की जा सकती। शोधकर्ता भी उपरोक्त शंकाओं को दूर करने की दिशा में और शोध कार्य करने की योजना बना रहे हैं। दूसरा तरीका मच्छरों को ही मलेरिया के खिलाफ हथियार बनाने का है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक नए अध्ययन में मच्छरों के जीन में बदलाव करके उन्हें मलेरिया परजीवी प्लाज्मोडियम का वाहक बनने से रोकने का प्रयास किया गया है। आगे, जीन ड्राइव नामक तकनीक से इस गुण को तेजी से मच्छरों की आबादी में फैलाया जा सकता है। आम तौर पर मच्छर अपने जीन का आधा हिस्सा ही अगली पीढ़ी को देते हैं, लेकिन जीन ड्राइव एक खास आनुवंशिक तकनीक है, जो इस नियम को बदल देती है। यह चुने हुए जीन को लगभग सभी संतानों में पहुंचाती है, जिससे वह तेजी से पूरी आबादी में फैल जाता है। यह तरीका कारगर तो है, लेकिन विवादास्पद भी है, क्योंकि इससे किसी प्रजाति में स्थाई और बड़े पैमाने पर बदलाव हो सकते हैं, जिनके पर्यावरण पर अनजाने असर पड़ सकते हैं। इसलिए नए शोध में वैज्ञानिकों ने कृत्रिम जीन बनाने की बजाय, मच्छरों में पहले से प्राकृतिक रूप से मौजूद एक उत्परिवर्तन का सहारा लिया।

इस उत्परिवर्तन के चलते कुछ एनॉफिलीज गैंबिया मच्छरों में एक प्रोटीन का थोड़ा बदला हुआ रूप पाया जाता है। यह बदला हुआ प्रोटीन मलेरिया परजीवी को मच्छर के शरीर में अपना जीवन-चक्र पूरा करने में मुश्किल पैदा करता है। पहले, FREP1 नामक परजीवी-रोधी जीन को एनॉफिलीज स्टीफेन्सी मच्छरों में डाला गया। परिवर्तित मच्छरों ने सामान्य मच्छरों के साथ भोजन और संभोग-साथी पाने के लिए बराबरी से प्रतिस्पर्धा की। यानी यह बदलाव मच्छरों को कमजोर तो नहीं बनाता। जब इन मच्छरों ने सबसे घातक मलेरिया परजीवी प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम युक्त वाला मानव रक्त पीया, तो उनके शरीर और लार ग्रंथियों में सामान्य मच्छरों की तुलना में बहुत कम परजीवी पाए गए। दूसरे चरण में, परिवर्तित जीन तेजी से फैलाने के लिए वैज्ञानिकों ने मच्छरों में सामान्य जीन को काटकर उसकी जगह प्रतिरोधी संस्करण डाल दिया। नियंत्रित माहौल में, केवल 10 पीढ़ियों में यह जीन 94 प्रतिशत से अधिक मच्छरों में फैल गया। वैज्ञानिक उक्त तकनीकों को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन सतर्क भी हैं। यह सफल रहे तो भी इनका उपयोग मच्छरदानी, दवाइयों और कीटनाशकों जैसी अन्य रोकथाम विधियों के साथ मिलाकर ही करना होगा और, कुछ सवाल अभी अनुत्तरित हैं। जैसे, क्या मच्छर या मलेरिया परजीवी इस तरह की सुरक्षा के प्रतिरोधी हो जाएंगे? ऐसे मच्छर प्रकृति में छोड़े गए, तो पर्यावरण व पारिस्थितिकी पर दीर्घकालिक असर क्या होंगे? अनचाहे परिणामों से बचाव कैसे किया जाएगा?

-स्रोत फीचर्स

# पाक-बांग्लादेश पर मेहरबान ट्रम्प, 20% तक रखा टैरिफ

## भारत-ब्राजील पर 50% टैरिफ लगाकर निकाला गुस्सा

**वाशिंगटन।** दुनियाभर के देशों को टैरिफ से डरा रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत के दो पड़ोसी देशों पर खासे मेहरबान हैं। ट्रम्प ने पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत तो बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

इसके उलट भारत पर दो बार में 25-25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आदेश दिया है। साथ ही सेकेंडरी सैंक्शन्स की धमकी भी दी है। भारत की तरह ही ब्राजील पर ट्रम्प ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। वहीं, चीन पर फिलहाल 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अगर टैरिफ दर बढ़ती है, तो चीन की जीडीपी लगभग 1 प्रतिशत तक घट सकती है।



■ चीन की जीडीपी एक प्रतिशत गिरने का खतरा

■ भारत की तरह ही ब्राजील पर ट्रम्प ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, चीन पर फिलहाल 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा रहा

### देश जिन्हें टैरिफ से सबसे ज्यादा फायदा

1. **पाकिस्तानः** ट्रम्प ने पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। साउथ एशिया के किसी भी देश पर यह सबसे कम अमेरिकी टैरिफ है।

इससे पहले ट्रम्प ने अप्रैल में पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही थी। नए आदेश में ट्रम्प ने पाकिस्तान को 10 प्रतिशत की रियायत दी है। ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ आयल डील भी की है। इसके तहत अमेरिका, पाकिस्तान में तेल की खोज, प्रोसेसिंग और स्टोरेज बनाने में मदद करेगा। पाकिस्तान का सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र उसका कपड़ा उद्योग (80 प्रतिशत) है। अमेरिका उसका सबसे बड़ा खरीदार है। कम टैरिफ से इसकी अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी बढ़ सकती है। अमेरिका की पाकिस्तान के साथ डील, भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव ला सकती है। इससे पाकिस्तान, अमेरिका के साथ मिलकर अपनी क्षेत्रीय स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा। अमेरिका की मदद से पाकिस्तान को वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ से वित्तीय सहायता भी मिल सकती है।

2. **बांग्लादेशः** अमेरिका ने बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इससे पहले अप्रैल में बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था। बांग्लादेश 4 महीने में अमेरिका से 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराने में कामयाब रहा। बांग्लादेश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक है। भारत पर ज्यादा टैरिफ से इसका कपड़ा निर्यात बढ़ सकता है। 2024 में इसका निर्यात 8 अरब डालर (70 हजार करोड़ रुपये) था, जो 2026 तक 10 अरब डालर (88 हजार करोड़ रुपये) हो सकता है। कम टैरिफ से बांग्लादेश अमेरिकी बाजार में अपनी 9 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रख सकता है। एफबीसीसीआई के मुताबिक इससे देश की जीडीपी में 2026 तक 0.2 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है।

## किरिशिमा में भारी बारिश की आपातकालीन चेतावनी जारी

**टोक्यो।** जापान की मौसम एजेंसी ने शुक्रवार सुबह दक्षिण-पश्चिमी कागोशिमा प्रान्त के किरिशिमा शहर में भारी बारिश की आपातकालीन चेतावनी जारी की तथा निचले इलाकों में भूस्खलन, बाढ़ तथा नदियों के उफान पर होने की उच्चतम स्तर की सावधानी बरतने का आह्वान किया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, देश की पांच-स्तरीय आपदा चेतावनी प्रणाली में इस वर्ष पहली बार उच्चतम स्तर की चेतावनी किरिशिमा में रिकॉर्ड बारिश दर्ज होने के बाद जारी की गई। किरिशिमा के एक हिस्से में आज स्थानीय समयानुसार सुबह तीन बजे तक 107.5 मिमी बारिश दर्ज की गई जो उस जगह पर अब तक की सबसे भारी बारिश है। 12 घंटों में कुल बारिश 480 मिमी से ज्ड़ादा हो गई जो शहर में अगस्त के औसत से लगभग 1.8 गुना जयादा है। जेएमए ने कहा कि कागोशिमा सहित क्यूशू क्षेत्र में रविवार तक मूसलाधार बारिश जारी रहने की उम्मीद है। इसने कहा कि शनिवार सुबह तक 24 घंटों में दक्षिणी क्यूशू में 200 मिमी और उत्तरी क्यूशू में 120 मिमी बारिश होने का अनुमान है।



जम्मू। अनाथालय में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाते विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं।

## कैलिफोर्निया में तेजी से फैली आग, क्षेत्र को खाली करने के आदेश

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिणी कैलिफ़ोर्निया के घाटी क्षेत्र में भीषण गर्मी की वजह से तेज़ी से फैल रही जंगल की आग के कारण आस पास के क्षेत्र को खाली कराने के आदेश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि 'कैन्यन फायर' कही जाने वाली यह जंगल की आग स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1:25 बजे पूर्वी वेंचुरा काउंटी स्थित एक छोटे से ऐतिहासिक शहर पीरू के पास से फैली जो लॉस एंजिल्स से लगभग 77 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है। कैलिफ़ोर्निया वानिकी एवं अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार आग कुछ ही घंटों में तेज़ी से बढ़कर 1000 एकड़ (लगभग 4.05 वर्ग किमी) से जयादा क्षेत्र में फैल गई। स्थानीय अधिकारियों ने वेंचुरा और लॉस एंजिल्स काउंटी में आग वाले क्षेत्र के पास बसे कुछ समुदायों के लिए गुरुवार को कई निकासी आदेश और चेतावनियां जारी कीं। विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार इस क्षेत्र को तुरंत छोड़ने का क़ानूनी आदेश जारी कर दिया गया है। यह क्षेत्र सामान्य गतिविधियों के लिए जनता के लिए बंद है। लॉस एंजिल्स काउंटी सुपरवाइज़र कैथरीन बार्गर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा वेंचुरा-एलए काउंटी लाइन के पास अत्यधिक गर्मी और शुष्क परिस्थितियों में कैन्यन फ़ायर तेज़ी से फैल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### हेलीकॉप्टर के बजरे से टकराने से दो लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के मध्य-पश्चिमी राज्य इलिनॉय और मिसौरी के बीच मिसिसिपी नदी के ऊपरी हिस्से में गुरुवार को एक हेलीकॉप्टर बजरे से टकरा गया जिससे हेलीकॉप्टर में सवार दो लोगों की मौत हो गई और इलिनॉय के एल्टन के निकट नदी में यातायात बंद हो गया। मिसौरी राज्य राजमार्ग गश्ती दल के जवानों ने बताया कि हेलीकॉप्टर में कुछ कर्मचारी सवार थे जो विमानन चेतावनी चिह्नों के पास बिजली की लाइनों पर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विमान बिजली की लाइन से टकराया और बजरे पर उतरने की कोशिश की, लेकिन आग लग गई। स्थानीय मीडिया ने इलिनॉय राज्य पुलिस के हवाले से बताया कि इस घटना के कारण मिसौरी और इलिनॉय को जोड़ने वाले एक पुल को अस्थाई रूप से सभी यातायात के लिए बंद कर दिया गया है।

### सिडनी में चाकू मारने के आरोप में किशोर गिरफ्तार

**सिडनी।** सिडनी के एक सार्वजनिक पार्क में चाकू से हमला करने के आरोप में एक किशोर को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार रात लगभग 10:45 बजे पश्चिमी सिडनी के उपनगर अन्नाडेल के पार्क में हमले की खबर मिलने पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे और छह लोगों को विभिन्न चोटों के साथ घायल पाया, जिन्होंने बताया कि किसी विवाद के बाद चार अज्ञात लोगों के एक समूह ने उन पर हमला किया।

## जन्म के बाद मिलने वाली नागरिकता मुद्दे पर फिर फंसे ट्रम्प

■ अमेरिकी अदालत ने चौथी बार लगाई रोक

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन को एक और बड़ा झटका लगा है। मैरीलैंड की संघीय अदालत ने ट्रम्प के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें कहा गया था कि अमेरिका में अवैध या अस्थाई रूप से रह रहे लोगों के बच्चों को नागरिकता नहीं दी जाएगी। यह फैसला देशभर में चौथी बार आया है जब ट्रम्प की जन्माधिकार नीति को न्यायालय ने अवैध बताया है।

यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों के बावजूद हुआ, जिससे पूरे देश में इस आदेश के लागू होने पर प्रभाव पड़ा। मैरीलैंड की यूएस डिस्ट्रिक्ट जज डेबोरा बोर्डमैन ने साफ किया कि ट्रम्प का आदेश अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में जन्म लेने वाले सभी बच्चे, चाहे उनके माता-पिता की कानूनी स्थिति कुछ भी हो, नागरिकता के हकदार हैं। अदालत ने यह आदेश 19 फरवरी 2025 के बाद जन्म लेने वाले सभी बच्चों पर लागू किया है, जिन्हें इस आदेश से नुकसान हो सकता था। इससे पहले, जून में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया था कि निचली अदालतें सामान्य रूप से राष्ट्रव्यापी निषेधाज्ञा जारी नहीं कर सकतीं। इसके बावजूद, बोर्डमैन ने अपने निर्णय में कहा कि चूंकि यह मामला एक वर्ग-कार्रवाई मुकदमा है, इसलिए इसका प्रभाव पूरे देश पर हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि ट्रम्प का आदेश लागू हुआ तो इससे प्रभावित बच्चों को अपूरणीय नुकसान होगा।

## 9/11 के आतंकवादी हमलों के 24 साल बाद तीन और पीड़ितों की हुई पहचान

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में 11 सितम्बर, 2001 को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आतंकवादी हमलों के लगभग 24 साल बाद इस त्रासदी में मारे गए तीन और पीड़ितों की आखिरकार पहचान हो गई है। गुरुवार एक प्रेस विज्ञप्ति में न्यूयॉर्क शहर के मुख्य चिकित्सा परीक्षक कार्यालय (ओसीएमई) ने न्यूयॉर्क के फ्लोरल पार्क के रयान फिट्ज़गेराल्ड (26), कैलिफ़ोर्निया में पाम स्प्रिंग्स की बारबरा कीटिंग (72) और एक वयस्क महिला के रूप में हुई है, जिनका नाम उनके परिवार के अनुरोध पर गुप्त रखा जा रहा है। इन तीनों मृतकों की पहचान संख्या क्रमशः 1651वें, 1652वें और 1653वें व्यक्ति के रूप में घोषित किया। ओसीएमई ने कहा कि हमले से बरामद अवशेषों के उन्नत डीएनए विश्लेषण और परिवार से संपर्क के माध्यम से उनकी पहचान संभव हो पाई है। ओसीएमई ने कहा कि फिट्ज़गेराल्ड की पहचान 2002 में पहली बार बरामद अवशेषों के डीएनए परीक्षण के माध्यम से पुष्टि की गई थी, जबकि कीटिंग और अज्ञात महिला की पहचान 2001 में पहली बार बरामद अवशेषों पर आधारित थी।

# मोदी-ट्रम्प के बीच फोन कॉल से बिगड़े भारत-अमेरिकी रिश्ते

## दावाः मोदी ने ट्रम्प से कहा, सीजफायर पाकिस्तान की अपील पर हुआ

■ यूएस का रोल नहीं-जून से मोदी ट्रम्प में कोई बातचीत नहीं हुई

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच संबंध 17 जून को फोन पर 35 मिनट बातचीत हुई थी, जिसके बाद भारत और अमेरिका के बीच संबंध बहुत ज्यादा खराब हो गए।

यह दावा ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच बातचीत ऐसे समय में हुई थी जब ट्रम्प कनाडा में जी-7 समिट से जल्दी निकल गए। मोदी और ट्रम्प के बीच मुलाकात होने वाली थी, लेकिन ये नहीं हो पाई। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें मोदी ने ट्रम्प को साफ कह दिया था कि सीजफायर पाकिस्तान की अपील पर हुआ, न कि अमेरिकी दखल से। मोदी ने यह भी कहा कि भारत कश्मीर मुद्दे पर किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता कभी स्वीकार नहीं करेगा। इजरायल-ईरान जंग की वजह से ट्रम्प कनाडा जी-7 समिट बीच में छोड़कर चले गए थे। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भारत को तब और चिंता हुई जब यह पता चला कि ट्रम्प अगले ही दिन व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर की मेजबानी करने वाले हैं। भारत को ट्रम्प की पाकिस्तान के नागरिक नेताओं से मिलने पर कोई खास आपत्ति नहीं थी, लेकिन एक फौजी जनरल खासकर पाकिस्तानी सेना प्रमुख को व्हाइट हाउस बुलाया जाना भारत को ठीक नहीं लगा। भारत ने इसे एक ऐसी सेना को वैधता देने की कोशिश माना, जो लोकतंत्र के रास्ते में हमेशा बाधा बनती रही है। मोदी को यह आशंका भी थी कि ट्रम्प शायद उनकी और जनरल मुनीर की कोई बैठक करवाने की कोशिश कर सकते हैं। इसी वजह से उन्होंने कनाडा से लौटते समय वॉशिंगटन में रुकने के ट्रम्प के न्योते को ठुकरा दिया। उन्होंने इसके बजाय यह कहा कि उन्हें क्रोएशिया जाना है। इस कॉल के बाद ट्रम्प ने भारत पर हमला बोलना शुरू किया। उन्होंने भारत को डेड इकोनॉमी करार दिया और भारतीय व्यापार नीतियों को घटिया बताया। इसके बाद ट्रम्प ने भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, जून की इस बातचीत के बाद दोनों नेताओं के बीच कोई बातचीत नहीं हुई है।

# जर्मनी ने इजरायल को हथियार देने पर लगाई रोक

## चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने किया ऐलान, गाजा जंग में इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे

**तेल अवीव।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने शुक्रवार को ऐलान किया है कि जर्मनी अगले आदेश तक इजरायल को गाजा जंग में इस्तेमाल होने वाले हथियारों की सप्लाई नहीं करेगा।

इजरायल पर जंग के दौरान गाजा में निर्दोष लोगों को मारने के कई आरोप लगे हैं। इस वजह से जर्मनी ने अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के मद्देनजर यह कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक गाजा जंग में 60 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, दूसरी तरफ इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने शुक्रवार को गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में मौजूद गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इजरायली सेना को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। फैसले के लिए कैबिनेट ने 10 घंटे तक चर्चा की है। बैठक करीब 10 घंटे चली और उसके बाद नेतन्याहू के कार्यालय से सुबह-सुबह एक बयान जारी किया गया जिसमें कहा गया कि कैबिनेट के ज्यादातर सदस्य इस योजना के पक्ष में थे। नेतन्याहू सरकार के कट्टरपंथी मंत्री गाजा पर सैन्य शासन लागू कर फिर से यहूदियों की बस्तियों की स्थापना करने की मांग कर रहे हैं। इजरायल की योजना का मकसद गाजा शहर में उन इलाकों में घुसना है जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है। ये वो इलाके हैं जहां अब तक इजरायली सेना ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई नहीं की है। इजरायली सेना (आईडीएफ) का कहना है कि गाजा के लगभग 75 प्रशित हिस्से पर उसका नियंत्रण है।



■ गाजा सिटी पर कब्जा करेगा इजरायल, फैसले के लिए कैबिनेट ने 10 घंटे तक चर्चा की

गाजा पट्टी उस 25 प्रतिशत इलाके में है, जो आईडीएफ के कब्जे में नहीं हैं। इससे पहले नेतन्याहू ने पूरी गाजा पट्टी पर कब्जे की बात कही थी, लेकिन इस बयान में केवल गाजा सिटी का जिक्र है। कैबिनेट ने जंग खत्म करने के बदले हमास के सामने 5 प्रमुख शर्तें भी रखी हैं- हमास पूरी तरह हथियार डाले। बचे हुए सभी 50 बंधकों की रिहाई। (इनमें से 20 के जीवित होने की संभावना है) गाजा से सैन्य ताकतों का खात्मा। गाजा पर इजरायल का सुरक्षा नियंत्रण। गाजा में ऐसा वैकल्पिक नागरिक प्रशासन बनाना जो न तो हमास हो और न ही फलस्तीनी प्राधिकरण।

# बंधक परिवार गाजा की ओर रवाना

■ इजरायल से युद्ध समाप्त करने का किया आह्वान

**यरूशलम।** गाजा में बंधक बने हुए कुछ इजरायली बंधकों के परिवार फिलिस्तीनी क्षेत्र की ओर रवाना हुए हैं। यह कदम प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार पर दबाव बनाने के लिए उठाया गया है क्योंकि वह गाजा में युद्ध का विस्तार करने पर विचार कर रही है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बंधक एवं लापता परिवार फोरम, साथ ही विपक्ष और इजरायली जनता का एक बड़ा हिस्सा इस अभियान के विस्तार के खिलाफ है क्योंकि उनका मानना है कि इससे उनके प्रियजनों को और भी अधिक खतरा होगा। गुरुवार को जब दक्षिणी इजरायल के अश्कलोन बंदरगाह से जहाजी बेड़ा रवाना हुआ तो बंधक परिवारों के फोरम के एक सदस्य लियोर होरेव ने सीएनएन से कहा कि यह जलयात्रा एक एसओएस कॉल (आपातकाल में मदद के लिए पुकारना) है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश हम गाजा में प्रवेश नहीं कर सकते और अपने प्रियजनों को वापस घर नहीं ला सकते लेकिन यह इजरायली सरकार के लिए एक चेतावनी है। इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट की बैठक गुरुवार को गाजा पर पूर्ण कब्जे के लिए मतदान करने के लिए बुलाई गई थी। यह कदम इस क्षेत्र में लगभग दो वर्षों से चल रहे संघर्ष में एक बड़ी वृद्धि होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि सात अक्टूबर को हमास के नेतृत्व में हुए आतंकवादी हमलों के बाद शुरू हुए युद्ध में अबतक गाजा में कम से कम 61,158 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।

देश के प्रख्यात उद्योगपति
स्व.राय बहादुर गूजरमल मोदी जी 'पदम् भूषण'
के 123 वें जन्मदिवस पर
हम सब उन्हें अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।



स्व.राय बहादुर गूजरमल मोदी 'पदम् भूषण'
1902 - 1976
समस्त प्रबंधक एवं कर्मचारीगण
मोदी इण्डस्ट्रीज लि.
मोदीनगर

# अमेरिका का वेनेजुएलाई राष्ट्रपति पर 50 करोड़ डॉलर का इनाम

## 70 करोड़ डॉलर की संपत्ति भी जब्त, यूएस में ड्रग्स सप्लाई का आरोप

**काराकास।** अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो की गिरफ्तारी पर 5 करोड़ डॉलर, यानी 418 करोड़ इनाम रखा है। ट्रम्प प्रशासन ने आरोप लगाया है कि मदुरो दुनिया के सबसे बड़े नार्को-तस्करों में से एक हैं। मुदरो पर आरोप है कि वे ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानिल मिला कोकीन भेज रहे हैं।

अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने गुरुवार को इनाम की घोषणा करते हुए कहा, राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में मदुरो न्याय से नहीं बच पाएंगे और उन्हें अपने अपराधों के लिए जवाब देना होगा। बॉन्डी ने कहा कि न्याय विभाग ने मदुरो से जुड़े 70 करोड़ डॉलर से अधिक की संपत्ति जब्त की है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं। मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के आरोप तय किए गए थे। उस समय ट्रम्प प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। इसे बाद में बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 2.5 करोड़ डॉलर कर दिया। यही इनाम अमेरिका ने 9/11 हमलों के बाद ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर रखा था। मदुरो 2013 से वेनेजुएला की सत्ता में बने हुए हैं। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और लैटिन अमेरिकी देश उन पर चुनावों में धोखाधड़ी का आरोप लगाते रहे हैं। 2024 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में इन देशों ने मदुरो पर धांधली का आरोप लगाया था।



मदुरो दुनिया के सबसे बड़े नार्को-तस्करों में से एकः ट्रम्प प्रशासन

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108